लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष तृतीया विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -275, पृष्ठ -16+4, मूल्यः -5 रुपये
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com
कानपुर, रविवार, 26 मई 2024




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में तंबाकू के अभिशाप से खुद को रखिए सुरक्षित व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

**आज का मौसम**
44.0° अधिकतम तापमान | 31.0° न्यूनतम तापमान
आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी।
सूर्योदय 05 : 17
सूर्यास्त 18 : 55



रजनीकांत को यूएई ने दिया गोल्डन वीजा ...14


## NARAINA MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

400 BEDDED HOSPITAL EQUIPPED WITH STATE OF THE ART FACILITIES
ICU & PRIVATE ROOMS AVAILABLE
7800007701/02/04/05
CASHLESS FACILITIES FOR CGHS, ECHS, ESI, RSBY, AYUSHMAN, IOC, SAIL, VIPUL TPA, GOOD HEALTH TPS, HDFC ERGO, SAFEWAY TPA, RAKSHA TPA & PARAMOUNT TPA



COURSES OFFERED

**PARAMEDICAL**
9918402157, 9918402171
- O.T. Technician
- Optometry • D.M.L.T.
- Emergency & Trauma Care
- X-ray Technician • Physiotherapy
- C.T. Technician • Dialysis Technician
- Deploma in Emergency & Trauma Care

**NURSING**
9918402157, 9918402171
- M.Sc. Nursing • B.Sc. Nursing • B.P.T.
- P.B. B.Sc. Nursing • GNM • ANM

FOR ALL COURSES CALL - 9918601160
ADMISSIONS OPEN (2024-25)
CORPORATE OFFICE : NARAINA VIDYA PEETH,
B-Block, Ground Floor, Panki, Gangaganj, Kanpur-208020 (UP)

College Code - 2090098
## CHANDNI COLLEGE OF NURSING

Recognized By - Indian Nursing Council, New Delhi | U.P. State Medical Faculty, Lucknow
Affiliated By - C.S.J.M. University, Kanpur | Atal Bihari Bajpayee Medical University, Lucknow (U.P.)

चाँदनी ट्रस्ट की ओर से मेधावी छात्रों के लिये शुल्क में विशेष छूट
प्रवेश प्रारम्भ सत्र 2024-25
B.Sc. Nursing मे प्रवेश लेने हेतु अन्तिम मौका
शीघ्र ही ABVMU CET पर आवेदन करें। अन्तिम तिथि 29 मई 2024 है।
B.Sc. Nursing | G.N.M. स्टाफ नर्स 3 yr. | A.N.M. महिला हेल्थ वर्कर 2 yr.
Post Basic B.Sc. Nursing
Paramedical Courses
D.O.T., D.P.T., D.D.T., D.R.O.
- Anesthesia & C.C.Technician
- Lab Technician (U.P. S.M. FAC. Lucknow)



सीधे प्रवेश हेतु सम्पर्क करें। मो. 7234000335, 0512-2584444
अधिक जानकारी के लिये www.chandnicollegeofnursing.org.in पर जाये।
Kalyanpur, New Shivli Road, Basausi, Kanpur Dehat - 209305

## MERCY MEMORIAL SCHOOL KANPUR

Utilizing today for a better tomorrow...
100% RESULT 2024
CONGRATULATIONS!! STAFF AND STUDENTS FOR SECURING 100% RESULT IN THE ICSE & ISC EXAMINATION 2024
100% - secured first division at ICSE & ISC level

**ICSE — TOP FIVE RANK HOLDERS**
RANK-I Arihant Mishra 98.80% | RANK-I Vibhav Gupta 98.80% | RANK-I Arnav Dwivedi 98.80% | RANK-II Kanak Agarwal 98.60% | RANK-III Mansi Dixit 98.40%
NUMBER OF STUDENTS SECURING 90% AND ABOVE: ICSE (Class X) - 99

**ISC — TOP FIVE RANK HOLDERS**
SCIENCE STREAM: RANK-I Girdhar Shukla 97% | RANK-II Gaurav Dwivedi 96.50% | RANK-III Karan Kumar Sahu 96.25% | RANK-IV ANUBHAV GUPTA 95.25% | RANK-IV AYESHA DUBEY 95.25%
COMMERCE STREAM: RANK-I Khushi Trivedi 94.75% | RANK-II Samriddhi Gupta 93.25% | RANK-III Gauri Shah 93% | RANK-IV MEGHNA MITTAL 92.25% | RANK-V VANISHA SINGH GAUTAM 91.50%
NUMBER OF STUDENTS SECURING 90% AND ABOVE: ISC (Class XII) - 49

CONGRATULATIONS!!

Ms. Rajni Shukla, Manager
Mrs. Marina Cyril, Principal

## GULMOHAR

AFFILIATED TO CBSE (PLAY GROUP TO CLASS-XII)
651-W BLOCK, KESHAV NAGAR, KANPUR • 0512-3569760, 9336788102
gulmohar.kanpur@rediffmail.com • www.gpsknp.in

Congratulates
STAR PERFORMERS OF X & XII FOR SESSION 2023-24

**CLASS-12th**
95.6% Tanishqa Jaiswal | 95% Aryan Uttam | 93.2% Aryan Singh | 93% Ipsa Gupta | 93% Ishan Pandey | 93% Mahak Garg | 92.4% Awani Kesharwani | 92% Paridhi Pandey | 92% Aditya Verma | 91% Pratiksha Sharma | 90.2% Ananya Chaturvedi

**CLASS-10th**
96% Vanshika Sachan | 95.8% Krishna Shukla | 95.6% Neeraj Nigam | 95.4% Amaresh Patel | 95.2% Ayush Kesharwani | 94.8% Riya Prajapati | 94.4% Yashita Chauhan | 93.8% Pratistha Bharti | 93.8% Shubhi Pandey | 93.6% Astha Mishra | 93.6% Ayush Shukla | 92.8% Arjun Pathak | 92.2% Riya Yadav | 92% Vishwas Prajapati | 91.8% Ansh | 91.6% Gauri Singh | 91.2% Arav Pal | 91.2% Nishi Bajpai | 90.6% Janhvi Srivastava | 90.4% Ankit Gautam | 90.4% Ansh Mohan Srivastava | 90.2% Shashank Dixit | 90% Shashank Tiwari | 90% Navnitika Sachan

IPL
अमृत विचार
आईपीएल
कानपुर, रविवार, 26 मई 2024
www.amritvichar.com



## आज का मुकाबला

कोलकाता नाइट राइडर्स
बनाम
सनराइजर्स हैदराबाद
शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 14 | 24 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण (कोलकाता) | 14 | 20 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 15 | 741 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 14 | 583 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 15 | 567 |

### सर्फिंग खिलाड़ी 31 से करेंगे प्रतिस्पर्धा

**मंगलुरु।** रमेश बुद्धिलाल और हरीश एम जैसे देश के शीर्ष सर्फिंग खिलाड़ी 31 मई से दो जून तक यहां इंडियन ओपन के पांचवें सत्र में प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारतीय सर्फिंग महासंघ ने शनिवार को यह घोषणा की।

# कौन उठाएगा आईपीएल की ट्रॉफी, फैसला आज

चेन्नई, एजेंसी

एक तरफ क्रिकेट के कुशल रणनीतिकार गौतम गंभीर के कोलकाता नाइट राइडर्स और दूसरी तरफ आक्रामक बल्लेबाजी की नयी परिभाषा गढ़ने वाले पैट कमिंस के सनराइजर्स हैदराबाद। इंडियन प्रीमियर लीग में इस सत्र का सरताज बनने के लिए आखिरी तिलिस्म पर दोनों बेहतरीन टीमों के बीच रविवार को खिताबी मुकाबले में दर्शकों के लिए रोमांचक क्रिकेट की गारंटी रहेगी। दोनों टीमों की टक्कर पहले क्वालीफायर में हुई थी जिसमें केकेआर ने सनराजइर्स को उम्दा गेंदबाजी के दम पर हराया था।

आम तौर पर खेल में मुकाबले कप्तानों और उनकी टीमों के बीच होते हैं लेकिन यह आईपीएल फाइनल दीगर है। इसमें एक तरफ कोरबो, लोड़बो, जीतबो की सोच रखने वाले गंभीर का दिमाग है तो दूसरी तरफ एक ऐसा ऑस्ट्रेलियाई कप्तान है जिसने टीम को विजेताओं वाले तेवर दिए हैं। केकेआर के कप्तान के रूप में दूसरा आईपीएल फाइनल खेलने जा रहे श्रेयस अय्यर इस महामुकाबले में सहायक भूमिका में नजर आ रहे हैं। एक दशक पहले किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि कमिंस छह महीने के भीतर वनडे विश्व कप, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और एशेज जीतने वाले कप्तान बनेंगे। केकेआर ने पिछली बार चेन्नई में 2012 में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल फाइनल खेला था जिसमें बतौर कप्तान गंभीर ने खिताबी जीत दर्ज की थी।

गंभीर की कप्तानी में केकेआर ने फिर 2014 में खिताब जीता और अब वह बतौर मेंटोर भी इसी टीम को खिताब दिलाने की दहलीज पर हैं। वह भारतीय टीम के मुख्य कोच बनने के सबसे प्रबल दावेदार भी है और आईपीएल खिताब से उनका दावा और पुख्ता होगा। टीमों की तुलना करें तो केकेआर के पास सुनील नारायण, आंद्रे रसेल, रिंकू सिंह, श्रेयस और वेंकटेश अय्यर जैसे मैच विनर के साथ नीतिश और हर्षित राणा और वरूण चक्रवर्ती जैसा स्पिनर है। दूसरी तरफ सनराइजर्स के लिए घरेलू क्रिकेटर अभिषेक शर्मा और नीतिश रेड्डी के अलावा भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन और जयदेव उनादकट ने अच्छा प्रदर्शन किया है। सनराइजर्स के स्पिनरों अभिषेक और शाहबाज अहमद ने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया। बल्लेबाजी में ट्रेविस हेड और हेनरिच क्लासेन के अलावा अभिषेक, राहुल त्रिपाठी और रेड्डी को रन बनाने होंगे।




### हमारे तरीके में बदलाव नहीं होगा : हेलमोट

**चेन्नई।** सनराइजर्स हैदराबाद के सहायक कोच सिमोन हेलमोट ने कहा कि पैट कमिंस की कुशल कप्तानी के दम पर उनकी टीम आईपीएल फाइनल में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को तैयार है। दूसरे क्वालीफायर में राजस्थान रॉयल्स को 36 रन से हराने के बाद हेलमोट ने कहा कि टीम की शैली में केकेआर के खिलाफ कोई बदलाव नहीं होगा। उन्होंने कहा हम अपनी शैली पर अडिग रहेंगे। हमने पूरे सत्र में ऐसे ही खेला है और इसी के दम पर फाइनल में हैं। फाइनल में भी हम ऐसे ही खेलेंगे। मुझे गर्व है कि दबाव के हालात में भी टीम ने अपना स्वाभाविक खेल नहीं छोड़ा। उन्होंने पैट कमिंस की निर्णय लेने की क्षमता और मुख्य कोच डेनियल विटोरी के साथ संबंधों की तारीफ की। उन्होंने सही समय पर सही फैसले लिए। वह भांप गए थे कि स्पिनर कब उपयोगी साबित होंगे।

# खिताबी भिड़ंत में कोलकाता नाइट राइडर्स प्रबल दावेदार

चेन्नई, एजेंसी




क्रिकेट विशेषज्ञ मैथ्यू हेडन और केविन पीटरसन का मानना है कि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) रविवार को होने वाली आईपीएल की खिताबी भिड़ंत में अपने बेहतरीन स्पिन आक्रमण और अपने प्रतिद्वंद्वी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अच्छे रिकॉर्ड की बदौलत खिताब जीतने के लिए बेहतर स्थिति में है।

हेडन ने कहा मुझे पूरा भरोसा है कि केकेआर यहां जीतेगी क्योंकि उसे कुछ दिन का आराम मिल गया है। सनराइजर्स हैदराबाद की मजबूती और कमजोरी को जानने से उसे मदद मिलेगी। केकेआर ने सनराइजर्स हैदराबाद को हराया है और टीम अच्छी लय में है। मुझे यह भी लगता है कि सुनील नारायण और वरूण चक्रवर्ती की स्पिन जोड़ी लाल मिट्टी पर अंतर पैदा करेगी।

इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन का भी मानना है कि केकेआर इस दफा आईपीएल खिताब जीतने की प्रबल दावेदार है। मुझे अहमदाबाद में हुए मैच में सनराइजर्स की हार का तरीका पसंद नहीं आया और मुझे लगता है कि रविवार को मैच के दौरान वे बैकफुट में होंगे। टॉस अहम भूमिका अदा करेगा लेकिन केकेआर काफी सकारात्मक मानसिकता से खेल रही है जिससे वह निश्चित रूप से सनराइजर्स हैदराबाद पर भारी रहेगी। आपको ओस की संभावना पर भी विचार करना होगा और अगर यह नहीं गिरती है तो इसके लिए भी तैयार रहना होगा।

# खिताब से एक कदम दूर सिंधू

## बुसानन को हराकर पहुंची मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में, वांग झांग यी से होगा मुकाबला

कुआलालंपुर, एजेंसी

- चोट से वापसी करने के बाद से आक्रामक खेल रही हैं पीवी सिंधू
- बुसानन के खिलाफ अब तक 19 मैचों में से यह 18वीं जीत

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू ने शनिवार को थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान के खिलाफ पिछड़ने के बाद शानदार जीत दर्ज करते हुए 4,20,000 डॉलर (लगभग 3.49 करोड़ रुपये) पुरस्कार राशि वाले मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन के फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

पिछले दो साल से एक भी खिताब जीतने में नाकाम रही पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधू ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में 88 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में दुनिया की 20वें नंबर की बुसानन के खिलाफ 13-21, 21-16, 21-12 से जीत हासिल की। सिंधू ने इससे पहले 2022 सिंगापुर ओपन को अपने नाम करने में सफल रही थी और पिछले साल मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में उपविजेता रही थी। यह बुसानन पर 19 मैचों में उनकी 18वीं जीत थी। बुसानन ने सिंधू को सिर्फ एक बार 2019 हांगकांग ओपन में शिकस्त दी है। विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सिंधू के सामने फाइनल में चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झांग यी की चुनौती होगी। विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज झांग के खिलाफ तीन मैचों में सिंधू ने दो जीत दर्ज की है। पिछले दो ओलंपिक में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीतने वाली सिंधू का पेरिस ओलंपिक से पहले लय में वापसी करना भारतीय खेलों के लिए अच्छी खबर है। इस सत्र की शुरुआत में घुटने की चोट से वापसी करने के बाद से उन्होंने पिछले कुछ टूर्नामेंटों में आक्रामक खेल दिखाया है। पेरिस ओलंपिक में उन्हें इन खिलाड़ियों के कड़ी चुनौती मिल सकती है। वह अगर रविवार को खिताब जीतने में सफल रही तो ओलंपिक से पहले उनका हौसला काफी बढ़ेगा।

बुसानन के खिलाफ अपने एकतरफा रिकॉर्ड के बावजूद सिंधू के लिए यह एक कठिन मुकाबला साबित हुआ। वह पहले गेम में थाईलैंड की खिलाड़ी के दबदबे को कम नहीं कर सकी। दोनों खिलाड़ियों के बीच शुरुआती गेम में कई लंबी रैलियां देखने को मिली जिसमें बुसानन ने सिंधू के शॉट पर अच्छा बचाव करने के साथ कुछ शानदार स्मैश लगा कर 8-6 की बढ़त बना ली। सिंधू ने इस दौरान बैकलाइन के आकलन में गलती कर दो अंक गंवाए जिससे ब्रेक के समय थाईलैंड की खिलाड़ी ने अपनी बढ़त को पहले 15-9 और फिर 17-10 के साथ मजबूत करने में सफल रही।

बुसानन ने दूसरे गेम में भी 6-4 की बढ़त के साथ अच्छी शुरुआत की। सिंधू ने इसके बाद शानदार स्मैश से 8-7 की बढ़त बनाई। इसके बाद सिंधू 18-14 की बढ़त बनाने के बाद पांच गेम प्वाइंट हासिल कर इसे आसानी से भुनाने में सफल रही। दूसरे गेम में पिछड़ने के बाद बुसानन पर दबाव हावी हो गया और निर्णायक गेम में वह लगातार गलतियां करती रही। सिंधू ने आसानी 4-1 की बढ़त बनाने के बाद 17-10 किया और शानदार जीत दर्ज की।






### बारिश की भेंट चढ़ा कोलकाता नाइट राइडर्स का आखिरी अभ्यास सत्र

**चेन्नई।** तेज बारिश के कारण रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग फाइनल मुकाबले से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के अंतिम अभ्यास सत्र में बाधा उत्पन्न हुई। सनराइजर्स ने शुक्रवार को दूसरे क्वालीफायर मैच में राजस्थान रॉयल्स को हराया था। टीम ने शनिवार को अभ्यास सत्र आयोजित नहीं करने का फैसला किया था। केकेआर की टीम को शाम में अभ्यास करना था लेकिन फुटबॉल के साथ वार्मअप कर रहे थे तभी बारिश होने लगी। इस दौरान मैदानकर्मियों ने फाइनल में इस्तेमाल होने वाले जल्दी से चौथी पिच को ढक दिया।

### बेहतर महसूस कर रहा हूं, शायद यह अंतिम फ्रेंच ओपन न हो : नडाल

**पेरिस।** स्पेनिश टेनिस स्टार राफेल नडाल अभ्यास में अच्छा महसूस कर रहे हैं, फ्रेंच ओपन में खेलने को तैयार हैं और उनका कहना है कि यह शायद उनका रोलां गैरो में अंतिम सत्र नहीं होगा। तीन जून को 38 साल के होने वाले नडाल ने बयान दिया था कि 2024 फ्रेंच ओपन उनका अंतिम ग्रैंडस्लैम हो सकता है जिससे दर्शकों से लेकर मीडिया तक सभी को यही लग रहा है कि रोलां गैरों उनका विदाई टूर्नामेंट रहेगा। नडाल ने कहा ऐसा मत मानिए। यह मेरा अंतिम रोलां गैरो होगा, लेकिन अगर मैं शत प्रतिशत बता दूंगा कि यह मेरा अंतिम फ्रेंचं ओपन होगा, तो माफ कीजिए, मैं ऐसा नहीं करूंगा क्योंकि आगे क्या होने वाला है, मैं उसकी भविष्यवाणी नहीं कर सकता।

## खेल डायरी

### निकोलोव को हराकर दूसरे दौर में पहुंचे अभिमन्यु




**बैंकॉक।** राष्ट्रीय चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता अभिमन्यु लौरा ने शानदार जज्बा दिखाते हुए शनिवार को पेरिस ओलंपिक के लिए मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर के 80 किग्रा वर्ग के पहले दौर में बुल्गारिया के क्रिस्टियन निकोलोव पर जीत दर्ज की। अभिमन्यु ने धीमी शुरुआत की जिससे बुल्गारिया के 10 बार के राष्ट्रीय चैंपियन निकोलोव ने पहले राउंड में दबदबा बना लिया, लेकिन भारतीय मुक्केबाज ने तेजी से रणनीति बदली और दूसरे राउंड में आक्रामक हो गए जिससे पांच में से चार जजों ने उनके हक में अंक दिए। इस भारतीय ने तीसरे और अंतिम राउंड में तेजी से मुक्के जड़ना जारी रखते हुए 3-0 से मुकाबला जीत लिया। इससे भारतीय दल के दो मुकाबलों में यह दूसरी जीत रही।

### सेंथिल कुमार, अभय क्यूएसएफ 3 स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में हारे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियन वेलावान सेंथिल कुमार ने दोहा में पीएसए विश्व टूर ब्रांज टूर्नामेंट क्यूएसएफ 3 में शीर्ष वरीयता प्राप्त दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी मिस्र के तारिक मोमिन के खिलाफ काफी संघर्ष किया लेकिन जीत नहीं सके। दुनिया के 55वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिल कुमार को मोमिन ने 11-9, 8-11, 11-4, 11-8 से हराया। एशियाई खेलों के पदक विजेता भारत के अभय सिंह को मलेशिया के इयेन योउ एंग ने 11-6, 11-9, 11-4 से हराया।

### पीजीए गोल्फ : कट में प्रवेश करेंगे अर्जुन अटवाल, जीव चूके

**बेंटन हार्बर (मिशिगन)।** भारत के अर्जुन अटवाल ने किचन एड सीनियर पीजीए गोल्फ चैंपियनशिप में दूसरे दौर में डबल बोगी के बावजूद चार ओवर 75 के स्कोर के साथ कट में प्रवेश लगभग सुनिश्चित कर लिया। वहीं जीव मिल्खा सिंह पहले दौर में 69 के बाद 79 स्कोर ही कर सके। वह कट में प्रवेश से चूक जाएंगे। इंग्लैंड के रिचर्ड ब्लांड ने पांच अंडर 66 के स्कोर के साथ एक शॉट की बढ़त बना ली है। चैंपियंस टूर विजेता स्कॉट डनलप दूसरे स्थान पर हैं।

### बेदब्रत भराली ने विश्व युवा भारोत्तोलन में जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली।** असम के युवा भारोत्तोलक बेदब्रत भराली ने पेरू के लीमा में चल रही आईडब्ल्यूएफ विश्व युवा चैंपियनशिप में पुरूषों के 73 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। सत्रह बरस के भराली ने 296 किलो (स्नैच में 136 और क्लीन एंड जर्क में 160 किलो) वजन उठाया। अमेरिका के रियान मैकडोनाल्ड 284 किलो वजन उठाकर दूसरे और यूक्रेन के सेरही कोतेलेवस्की 283 किलो वजन उठाकर तीसरे स्थान पर रहे। भराली ने पिछले साल 67 किलोवर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया था। साइराज परदेशी ने पुरूषों के 81 किलो वर्ग में स्नैच में 135 किलो वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। वह समग्र श्रेणी में एक किलो से पदक से चूककर चौथे स्थान पर रहे।

### एरिक ने की भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट टीम की हौसलाअफजाई

**बेंगलुरू।** भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने शनिवार को भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट टीम से मुलाकात की। यहां एक आधिकारिक दौरे पर आए गार्सेटी ने एक्स पर चिन्नास्वामी स्टेडियम पर भारतीय नेत्रहीन टीम के साथ तस्वीरें पोस्ट की। उन्होंने लिखा मैं मंत्रमुग्ध हूं। नेत्रहीन क्रिकेट टीम से मिलकर बहुत अच्छा लगा। वे टी20 विश्व कप के दौरान अमेरिका में नेत्रहीन क्रिकेट को बढ़ावा देने की कोशिश करेंगे। उनके स्वागत का इंतजार रहेगा। शुक्रिया भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट संघ और जीके महंतेश, चिन्नास्वामी स्टेडियम पर इस शानदार आयोजन के लिए। गार्सेटी ने शुक्रवार को इसरो मुख्यालय का दौरा करके इसके अध्यक्ष एस सोमनाथ से मुलाकात की।

### जबरा लेडीज ओपन में संयुक्त 26वें स्थान पर दीक्षा डागर

**एवियन लेबेंस (फ्रांस)।** भारत की दीक्षा डागर वर्षाबाधित जबरा लेडीज ओपन गोल्फ में संयुक्त 26वें स्थान पर हैं और कट में प्रवेश करने वाली अकेली भारतीय हो सकती हैं। दीक्षा ने पहले दौर में एक ओवर 72 स्कोर किया था और दूसरे दौर में अभी तक दो ओवर स्कोर रहा। खराब मौसम के कारण खेल रोके जाने के समय वह फिलहाल संयुक्त 26वें स्थान पर है। कट पांच ओवर या छह ओवर पर मिलेगा। वहीं, भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने फर्स्ट नाइन में लगातार चार बर्डी लगाकर सोउडाल ओपन में आसानी से कट में प्रवेश कर लिया। दो बार के डीपी विश्व टूर चैम्पियन शर्मा ने पहले दौर में 69 और दूसरे में 67 स्कोर किया। वह संयुक्त 23वें स्थान पर है ।

### टी-20 विश्वकप के लिए पाकिस्तान की टीम घोषित

**कराची।** पाकिस्तान ने टी-20 पुरुष विश्वकप के लिए बाबर आजम की अगुवाई में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा यह बेहद प्रतिभाशाली और संतुलित टीम है जिसमें युवा और अनुभव का मिश्रण है। ये खिलाड़ी पिछले कुछ समय से एक साथ खेल रहे हैं और अगले महीने के आयोजन के लिए अच्छी तरह से तैयार और व्यवस्थित दिख रहे हैं। हैरिस रऊफ पूरी तरह से फिट हैं और नेट्स पर अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। पाकिस्तान की टीम इस समय विश्वकप की तैयारी के मद्देनजर इंग्लैंड के साथ द्विपक्षीय शृंखला खेल रहा है, द्विपक्षीय शृंखला के लिए टीम के अधिकांश खिलाड़ी टी-20 विश्वकप के लिए कैरेबियाई और अमेरिका जाने वाले हैं। पाकिस्तान को ग्रुप ए में भारत, आयरलैंड, कनाडा और सह-मेजबान अमेरिका के साथ रखा है। पाकिस्तान अपना पहला मुकाबला छह जून को डलास में अमेरिका के खिलाफ खेलेंगे। टीम में बाबर आजम (कप्तान), अबरार अहमद, आजम खान, फखर जमान, हारिस रऊफ, इफ्तिखार अहमद, इमाद वसीम, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद रिजवान, नसीम शाह, सईम अयूब, शादाब खान, शाहीन शाह अफरीदी, उस्मान खान को रखा गया है।

# भारतीय जूनियर महिला टीम ने शूटआउट में बेल्जियम को हराया

एंटवर्प, एजेंसी

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोपीय दौरे पर शनिवार को खेले गए मुकाबले में बेल्जियम को शूटआउट में 4-2 से हराया। निर्धारित समय में स्कोर 2-2 से बराबर होने के बाद हुए शूटआउट में भारतीय जूनियर महिला टीम ने 4-2 से जीत दर्ज की। भारत की ओर कनिका सिवाच ने दो गोल दागे।

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने पहले क्वार्टर में तेजी से अपनी फॉर्म हासिल करते हुए खुद को मजबूत किया। भारत को शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे कनिका सिवाच गोल में तब्दील कर बढ़त बनाई। इसके तुरंत बाद कनिका ने उसी क्वार्टर में अपना दूसरा गोल करके स्कोर 2-0 कर दिया। दूसरे क्वार्टर और हाफटाइम तक भारत ने अपनी मजबूत स्थिति को बनाये रखा। बेल्जियम को तीसरे क्वार्टर में मौके मिले लेकिन भारतीय रक्षात्मक पंक्ति ने विफल कर दिया। अंतिम क्वार्टर में बेल्जियम ने लगातार दो गोल करते हुए स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद हुए शूटआउट में भारत ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 4-2 से मुकाबला जीत लिया। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम का अगला मैच 26 मई को होगा।

# भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने जीता स्वर्ण

येचियोन (दक्षिण कोरिया), एजेंसी

ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी की भारतीय तिकड़ी ने तीरंदाजी विश्व कप में महिला कंपाउंड वर्ग में लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता जबकि मिश्रित टीम को रजत पदक मिला। दुनिया की नंबर एक भारतीय टीम ने तुर्की की हेजल बुरून, एइसे बेरा सुजेर और बेगम की टीम को 232-226 से हराकर एक भी सेट गंवाए बिना पहला स्थान हासिल किया।

एशियाई खेल चैंपियन ज्योति हालांकि दूसरा स्वर्ण नहीं जीत सकी और प्रियांश के साथ कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल में अमेरिका की ओलिविया डीन और सायेर सुलिवान की जोड़ी से 155-153 से हार गई। ज्योति, परनीत और विश्व चैंपियन अदिति ने विश्व कप स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाई। कंपाउंड महिला टीम फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने पहले दौर में सेंटर के पास तीन एक्स के साथ आगाज किया। दुनिया की शीर्ष दो टीमों के बीच मुकाबले में अमेरिका ने कंपाउंड मिश्रित टीम वर्ग में शानदार वापसी करके स्वर्ण जीता। ज्योति और प्रियांश ने परफेक्ट 40 स्कोर करके मुकाबले को शूटआफ में खींचा लेकिन उसमें उनके 38 अंक के मुकाबले अमेरिकी टीम ने 39 स्कोर किया। कंपाउंड वर्ग में प्रथमेश फुगे कांस्य पदक के प्लेआफ में नीदरलैंड के माइक शोलेसर से शूटआफ में हार गए।


स्वर्ण पदक के साथ ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी।

## बॉलीवुड हलचल



### खुद एक्शन करेंगे सलमान

**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान अपनी आने वाली फिल्म सिकंदर के एक्शन सीक्वेंस खुद करेंगे। सलमन खान ने इस साल ईद के अवसर पर अपनी नई एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिकंदर अनाउंस की थी। इस फिल्म में सलमान के साथ रश्मिका मंदाना नजर आयेंगी। सलमान खान फिल्म सिकंदर की तैयारी में जुट गए हैं। एक बार फिर एक्शन दिखाने के लिए उन्होंने कड़ी तैयारी की है। इसकी शूटिंग की तैयारी शुरू हो गई है। प्री-प्रोडक्शन का काम पिछले हफ्ते शुरू हो गया है। पहले शेड्यूल की शूटिंग मुंबई में शुरू होने जा रही है। सलमान खान एक्शन सीक्वेंस करने के लिए जमकर एक्सरसाइज कर रहे हैं। वह खुद से ही एक्शन करना चाहते हैं और इसी चीज को ध्यान में रखते हुए उन्होंने अपना वर्किंग रूटीन भी बदल दिया है।

### दे दे प्यार दे के सीक्वल में दिखेंगे अजय-माधवन

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और आर माधवन की जोड़ी फिल्म दे दे प्यार दे के सीक्वल में नजर आ सकती है। इस वर्ष प्रदर्शित फिल्म शैतान में अजय देवगन लीड रोल में थे, वहीं आर माधवन ने शैतान का रोल प्ले किया था। दोनों के बीच हुई जंग को फैन्स ने बहुत पसंद किया। अजय देवगन और आर माधवन अब फिर साथ आ रहे हैं। अजय देवगन की फिल्म दे दे प्यार दे का सीक्वल आ रहा है। इस फिल्म में वह रकुल प्रीत संग एक बार फिर से अपनी ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री को आगे बढ़ाते नजर आएंगे। इस फिल्म में जहां एक तरफ अजय देवगन का लीड रोल होगा वहीं अब फिल्म में आर माधवन की भी एंट्री हो रही है। उनका किरदार अहम होने वाला है। 2018 में प्रदर्शित फिल्म दे दे प्यार दे में अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह के अलावा तब्बू भी लीड रोल में थीं। यह फिल्म सुपरहिट रही थी। अब छह साल बाद इसका सीक्वल बन रहा है।

# पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सिमरन ने दिलाया छठा स्वर्ण

कोबे (जापान), एजेंसी

सिमरन शर्मा ने महिलाओं की 200 मीटर टी12 स्पर्धा में 24 . 95 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर भारत को विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शनिवार को छठा स्वर्ण पदक दिलाया। सिमरन का इससे पहले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 25.16 सेकंड था। डोमिनिका की डारलेनिस डि ला सेवेरिनो को रजत और लोरेन गोम्स डि एगुइयार को कांस्य पदक मिला।

टी12 वर्ग में दृष्टिबाधित खिलाड़ी भाग लेते हैं। भारत के अब छह स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य समेत 15 पदक हो गए हैं। यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले पेरिस में 2023 में भारत ने तीन स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य पदक जीते थे। वहीं, भारत को पुरूषों की एफ46 भालाफेंक स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहे श्रीलंका के दिनेश प्रियंथा हेराथ के खिलाफ शिकायत सही साबित होने पर रजत और कांस्य पदक दिया गया है। पुरूषों के एफ46 भालाफेंक में भारत के रिंकू हुड्डा और अजीत सिंह तीसरे और चौथे स्थान पर रहे थे लेकिन भारत ने विरोध दर्ज किया था कि हेराथ इस वर्ग में भागीदारी के योग्य नहीं हैं। पैरा खेलों में समान शारीरिक अक्षमता वाले खिलाड़ियों को एक समूह में रखा जाता है ताकि प्रतिस्पर्धा बराबरी की हो। एफ46 वर्ग भुजा में कमी, कमजोर मांसपेशियों वाले या बाहों में गति की निष्क्रिय सीमा वाले एथलीटों के लिए है, जिसमें एथलीट खड़े होकर प्रतिस्पर्धा करते हैं।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में तंबाकू के अभिशाप से खुद को रखिए सुरक्षित व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष तृतीया विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -275, पृष्ठ -16+4, मूल्य: -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

आज का मौसम | 44.0° अधिकतम तापमान | 31.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 17 सूर्यास्त 18 : 55

कानपुर, रविवार, 26 मई 2024




रजनीकांत को यूएई ने दिया गोल्डन वीजा...14

# छठा चरण : उप्र की 14 लोकसभा सीटों पर 54.02 प्रतिशत मतदान

## अंबेडकरनगर में सबसे अधिक 61.54%, सबसे कम 48.94% फूलपुर सीट पर वोटिंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों पर शाम छह बजे तक औसत 54.02 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे ज्यादा 61.54 प्रतिशत मतदान अम्बेडकरनगर सीट पर व सबसे कम 48.94 प्रतिशत मतदान फूलपुर सीट पर हुआ। छिटपुट घटनाओं के बीच सभी सीटों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हुआ। बलरामपुर की गैसड़ी विधानसभा सीट पर 51.10 प्रतिशत मतदान हुआ। फर्रुखाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत एक मतदान स्थल प्राथमिक विद्यालय खिरिया पमारान पर पुनर्मतदान 73.99 प्रतिशत हुआ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सुल्तानपुर में 55.50 प्रतिशत, प्रतापगढ़ में 51.60 प्रतिशत, इलाहाबाद में 51.75 प्रतिशत, श्रावस्ती में 52.76 प्रतिशत, डुमरियागंज में 51.94 प्रतिशत, बस्ती में 56.67 प्रतिशत, संत कबीरनगर में 52.63 प्रतिशत, लालगंज (अजा) में 54.14 प्रतिशत, आजमगढ़ में 56.07 प्रतिशत, जौनपुर में 55.52 प्रतिशत, मछलीशहर (अजा) में 54.43 प्रतिशत व भदोही सीट पर 53.07 प्रतिशत मतदान हुआ।



प्रतापगढ़ में प्राथमिक विद्यालय कटरा मेदनीगंज में लगी मतदाताओं की लाइन।

### 14,480 मतदेय स्थलों पर हुई वेबकास्टिंग

मतदान की प्रक्रिया के प्रभावी पर्यवेक्षण के लिए 14,480 मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई, इसके अलावा 5057 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई।

### कई स्थानों पर खराब हुई ईवीएम

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान कई मतदान केंद्रों पर ईवीएम खराब होने की शिकायत मिली। जहां कहीं भी शिकायत प्राप्त हुई हैं, वहां तत्काल प्रभावी कार्रवाई करते हुए ईवीएम व वीवीपैट को बदलने की कार्रवाई की गई। मॉक पोल के दौरान कुल 191 बैलेट यूनिट, 251 कंट्रोल यूनिट व 291 वीवीपैट बदले गये। मतदान शुरू होने के बाद शाम छह बजे तक कुल 72 बैलेट यूनिट, 62 कंट्रोल यूनिट व 215 वीवीपैट बदले गये। विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र गैंसड़ी में मॉकपोल के दौरान दो बैलेट यूनिट, 10 कंट्रोल यूनिट व आठ वीवीपैट बदले गए। मतदान शुरू होने के बाद शाम छह बजे तक एक बैलेट यूनिट, एक कंट्रोल यूनिट व चार वीवीपैट बदले गए।

### देशभर में 58 सीटों पर 59 प्रतिशत से अधिक वोटिंग

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी और प. बंगाल में कुछ केन्द्रों पर छिटपुट झड़प के बीच लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आठ राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों की 58 सीटों पर शनिवार को शाम पांच बजे तक 59.01 प्रतिशत मतदान हुआ। सुबह सात से शाम छह बजे तक चले मतदान में प. बंगाल में सर्वाधिक 78.19% जबकि उत्तर प्रदेश में 54.03% मतदान हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, विदेश मंत्री एस जयशंकर, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल और कई लोगों ने वोट डाले। जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी सीट पर 52.28% मतदान हुआ जो 35 वर्ष का रिकॉर्ड है। इससे पहले श्रीनगर और बारामूला सीट पर भी रिकॉर्ड मतदान हुआ था।

**अनंतनाग-राजौरी में बना 35 वर्ष का रिकॉर्ड**

### मेनका गांधी समेत कई दिग्गजों का भाग्य ईवीएम में कैद

छठे चरण में सुल्तानपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री मेनका गांधी, प्रतापगढ़ सीट पर भाजपा से सांसद संगम लाल गुप्ता, इलाहाबाद से कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह, डुमरियागंज सीट पर भाजपा से पूर्व मंत्री जगदंबिका पाल, बस्ती से सपा से पूर्व मंत्री राम प्रसाद चौधरी, आजमगढ़ से भाजपा से दिनेश लाल निरहुआ, सपा से धर्मेन्द्र यादव व अंबेडकरनगर से सपा से पूर्व मंत्री लालजी वर्मा आदि का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया।

# रिटायर्ड आईएएस की पत्नी की गला घोंटकर हत्या

- बाथरूम से सटे चेंजिंग रूम के फर्श पर पड़ा मिला शव कर्मचारियों से हो रही पूछताछ
- इंदिरानगर के सेक्टर-20 में शनिवार सुबह हुई वारदात, घटना के खुलासे को लगाई गईं 4 टीमें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** रिटायर्ड आईएएस अधिकारी देवेंद्र नाथ दुबे की दूसरी पत्नी मोहिनी दुबे (58) की दिनदहाड़े गला घोंटकर हत्या कर दी गई। उनका शव कमरे से अटैच बाथरूम के पास बने चेंजिंग रूम में फर्श पर पड़ा मिला। हत्यारे घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी उखाड़कर ले गए।

पुलिस घर के नौकर, चालक व कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है। पास के सीसीटीवी फुटेज में दो संदिग्ध युवक दिखे हैं। जो पिछले तीन दिनों से कालोनी के चक्कर लगा रहे थे। खुलासे के लिए पुलिस की चार टीमें लगाई गई हैं। मंडलायुक्त के पद से वर्ष 2009 में सेवानिवृत्त

### दुपट्टे से गला घोंटा, सिर पर चोट के निशान

देवेंद्रनाथ की सूचना पर पहुंचे एसीपी गाजीपुर विकास जायसवाल ने बताया कि मोहिनी के गले में कसाव के निशान थे। सिर के पिछले हिस्से से खून बह रहा था। उनका दुपट्टा पास में पड़ा था। देर शाम को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटने से मौत की पुष्टि हुई। रिपोर्ट में आशंका जताई गई कि सिर पर वार किया गया जिससे गंभीर चोट लगी। पुलिस के मुताबिक गला घोंटने के दौरान खींचतान में मोहिनी गिर गईं और सिर में चोट लगी होगी।

मूलतः कन्नौज निवासी देवेंद्र नाथ दुबे इंदिरानगर सेक्टर-20 में मकान नंबर 20/31 में पहली मंजिल पर रहते हैं। दूसरी पत्नी मोहिनी दुबे उन्हीं के साथ रहती थीं। मकान के भूतल पर किराएदार रहता था। जो पिछले सप्ताह मकान छोड़कर अन्यत्र चला गया था। देवेंद्र नाथ की पहली पत्नी मीना से दो बेटे प्रांजल और प्रतीक हैं। बड़ा बेटा प्रांजल नोएडा में रहता है, जबकी छोटा बेटा प्रतीक राजधानी के महानगर में परिवार के साथ रहता है। शनिवार सुबह 7 बजे देवेंद्र नाथ रोज की तरह गोल्फ खेलने के लिए निकल गए। 10 बजे के करीब लौटे तो मेन गेट और अंदर का चैनल खुला था। जब वह अंदर पहुंचे तो कमरे के साथ बने बाथरूम के चेंजिंग रूम में मोहिनी का शव पड़ा था। उनके सिर के पास फर्श पर खून फैला था, पास में उनका दुपट्टा पड़ा था।

### सुबह 7.15 से 8 बजे के बीच हुई वारदात

पुलिस की जांच में वारदात सुबह 7.15 से 8 बजे के बीच की बताई जा रही। एसीपी गाजीपुर के मुताबिक आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए हैं। पूर्व आईएएस अफसर के दो चालक, माली और चार नौकरों से पूछताछ की जा रही है।

# भीषण गर्मी के चलते देश में बढ़ी बिजली की मांग

### टूट सकता है रिकॉर्ड

- शुक्रवार को अधिकतम आपूर्ति 240 गीगावाट पर पहुंचीं

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में बिजली मांग शुक्रवार को चालू सत्र की नई ऊंचाई 239.96 गीगावाट पर पहुंच गई। देश के विभिन्न हिस्सों में पारे के बढ़ते स्तर के कारण एयर कंडीशनर (एसी) और कूलर जैसे उपकरणों के अत्यधिक उपयोग के कारण बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची है।



बिजली की अधिकतम मांग या दिन में सबसे अधिक आपूर्ति शुक्रवार को 239.96 गीगावाट दर्ज की गई, जो इस साल गर्मी के मौसम में अब तक की अधिकतम है। बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक गुरुवार को यह 236.59 गीगावाट थी, जबकि बुधवार को बिजली की अधिकतम मांग 235.06 गीगावाट थी। बिजली की मांग का सर्वकालिक उच्च स्तर 243.27 गीगावाट सितंबर, 2023 में दर्ज किया गया था। इस गर्मी के मौसम में यह रिकॉर्ड टूट सकता है।

# छत्तीसगढ़ की बारूद फैक्ट्री में विस्फोट, एक की मौत

- छह लोग घायल, कई के मलबे में फंसे होने की आशंका

बेमेतरा, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में शनिवार को बारूद फैक्ट्री में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि छह घायल हुए हैं। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट बेरला विकासखंड के पिरदा गांव के पास स्पेशल ब्लास्ट्स लिमिटेड नामक फैक्ट्री में हुआ। रायपुर के डॉक्टर भीमराव आंबेडकर अस्पताल की जनसंपर्क अधिकारी शुभ्रा सिंह ने बताया कि छह लोगों को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया, जिनमें से दो घायलों को एम्स रायपुर ले जाया गया। विस्फोट स्थल का दौरा करने वाले राज्य के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं।

साव ने कहा कि मलबे में कुछ लोग फंसे हो सकते हैं, मलबा हटने के बाद मृतकों की संख्या स्पष्ट हो पाएगी। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विस्फोट के समय फैक्ट्री में करीब 100 लोग काम कर रहे थे।

# हाईकोर्ट का जज बताकर जिला जज से 50 हजार ठगे

- महाराष्ट्र में साइबर जालसाज का कारनामा

**मुंबई।** महाराष्ट्र में साइबर जालसाज ने खुद को हाईकोर्ट का जज बताकर सोलापुर के जिला न्यायाधीश से 50 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने शनिवार को बताया कि साइबर जालसाज ने बम्बई हाईकोर्ट के एक न्यायाधीश की तस्वीर को व्हाट्सएप डिस्प्ले पिक्चर (डीपी) के रूप में प्रयोग किया था। मुंबई पुलिस ने शुक्रवार को हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की। शिकायत के अनुसार जिला जज को शुक्रवार को एक फोन नंबर से व्हाट्सएप पर संदेश मिला था, जिसमें डीपी पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश की तस्वीर लगी थी। जिला जज हाईकोर्ट के जज से परिचित थे और संदेश भेजने वाले ने 50 हजार रुपये मांगे थे और वह शाम तक वापस करने को कहा था। बिना कुछ पड़ताल किए जिला जज ने पैसा भेज दिया, लेकिन उन्हें एक और संदेश मिला, जिसमें उनसे और पैसे मांगे गए थे। इस पर जिला जज को संदेह हुआ।

# वंचितों का जो अधिकार मोदी उसका चौकीदार

ब्यूरो/एजेंसी, लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन में जितनी पार्टियां हैं उनमें कुछ अवगुण समान हैं। ये घोर सांप्रदायिक, घोर जातिवादी और घोर परिवारवादी हैं। इन्होंने बाबा साहब का अपमान किया, रामनाथ कोविंद का अपमान किया, एक आदीवासी महिला राष्ट्रपति का अपमान किया। महाराज सुहेलदेव को इन्होंने कभी सम्मान नहीं दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा, ये लोग दलितों का आरक्षण छीन कर उसे मुस्लिमों को देने का षडयंत्र कर रहे हैं। कर्नाटक में उन्होंने रातों रात मुसलमानों को ओबीसी बना दिया। बंगाल में इनका बहुत बड़ा षडयंत्र खुल गया है। पूरा इंडी गठबंधन आरक्षण की लूट में शामिल है। मोदी इनसे लड़ाई लड़ रहा है। जबतक मोदी जिंदा है एससी, एसटी ओबीसी का आरक्षण किसी हालत में छीनने नहीं देगा। यह भी जोड़ा कि वंचितों का जो अधिकार है, मोदी उसका चौकीदार है। प्रधानमंत्री शनिवार को गाजीपुर के आरटीआई मैदान में भाजपा प्रत्याशी पारसनाथ राय के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा है कि उप्र. सरकार में आज दंगे भी बंद हो चुके हैं और दंगाई भी। उन्होंने सपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि सपा सरकार के समय माफिया खुली जीप में बैठकर कानून को खुलेआम चुनौती देते थे, हर महीने दो से तीन दंगे हुआ करते थे। उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत मां कामाख्या और महाहर धाम को प्रणाम करते हुए कहा कि बनारस वालों के लिए गाजीपुर आना ऐसे ही है जैसे बगल के मोहल्ले में आ गए हों। मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन तुष्टिकरण में हर हद पार कर रहा है।



- प्रधानमंत्री मोदी ने गाजीपुर लोस सीट के लिए चुनावी जनसभा को किया संबोधित

# गूगल मैप के सहारे चला रहे थे कार नदी में जा गिरे

- कार में सवार थे चार मेडिकल छात्र, पुलिस ने निकाला

**कोट्टायम।** तेलंगाना से केरल जा रहा वाहन शनिवार तड़के गूगल मैप नेविगेशन एप के माध्यम से गलत दिशा में जाने के कारण कुरुप्पनथारा पियर पुल पार करते समय नदी में गिर गया। वाहन में एक छात्रा सहित मेडिकल के चार छात्र थे, जिनको बचा लिया गया है।

पुलिस के मुताबिक घटना करीब तीन बजे उस समय हुई जब हैदराबाद से आए पर्यटक गूगल मैप नेविगेशन के निर्देशों का पालन करते हुए मुन्नार पर्यटन गंतव्य केंद्र से अलाप्पुझा की ओर बढ़ रहे थे। कुरुप्पनथारा पियर ब्रिज पार करते वक्त उनका वाहन नदी में जा गिरा। पुलिस ने बताया कि पुल से पहले दो सड़कें हैं, एक नदी के साथ जाती है और दूसरी कम्बम-चेरथला होते हुए अलाप्पुझा की ओर जाती है, लेकिन गूगल एप के बाईं ओर मुड़ने के निर्देश पर वाहन नदी में गिर गया। इस दौरान एक छात्र पीछे की खिड़की से निकलने में सफल रहा और उसने स्थानीय लोगों के साथ पुलिस को सूचना दी।

कुदरत | मैगलगंज से 16 किमी दूर गांव धोबिया में स्थित है तपोवन सिद्धाश्रम

# गोमती को जीवन दे रहे तपोवन के प्राकृतिक जलस्रोत

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** आम तौर पर मैदानी इलाके में प्राकृतिक जल स्रोत होने की कल्पना नहीं की जा सकती, लेकिन खीरी जनपद की सीमा पर हरदोई जिले में स्थित पिहानी अंतर्गत ग्राम पंचायत धोबिया के तपोवन सिद्धाश्रम में एक-दो नहीं, दर्जनों प्राकृतिक जलस्रोत न सिर्फ यहां की रमणीयता को बढ़ाते हैं बल्कि पास से निकली गोमती नदी को जीवनदान दे रहे हैं। गुलाब जामुन के लिए मशहूर कस्बा मैगलगंज से 16 किलोमीटर दूर दक्षिण दिशा में स्थित बियाबान जंगल में यह आश्रम स्थित है। आश्रम को सिद्ध पुरुष स्वामी तारेश्वरानंद (नेपाली बाबा) ने बनाया था। वर्तमान में उनके शिष्य स्वामी नारायणानंद यहां के महंत हैं, जिनकी देखरेख में मंदिर का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है।



तपोवन सिद्धाश्रम में स्थित प्राकृतिक जलस्रोत में मस्ती करते युवा और बच्चे।

महंत के बुलावे पर वर्ष 2018 में यहां आए तत्कालीन डीएम पुलकित खरे ने अनेक जलस्रोत देखे तो बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने सबसे बड़े जल स्रोत के सौंदर्यीकरण और उसे पर्यटन के लिहाज से बनाने के लिए अभियंताओं की टीम बनाई। उनके प्रयास से 17 अगस्त 2019 में प्राकृतिक जलस्रोत का सौंदर्यीकरण हो गया, जिसका उन्होंने लोकार्पण किया। प्राकृतिक जलस्रोत के चारो ओर सजावटी पत्थर लगाकर आकर्षक कुंड बनवा दिए। जलस्रोत के कुंड को अलग कर दिया ताकि उसे नुकसान न पहुंचे। पुलकित खरे ने तपोवन के सिद्ध आश्रम में क्षीर सागर, शांति कुटी, पर्यटन विश्राम स्थल, सत्संग स्थल सहित कई मूर्तियों और बैठने के लिए बेंच बनवाए।

### तपोवन का कोई विकल्प नहीं : सीतापुरी



चपरतला खीरी की स्वयंसेवी संस्था सेवा सदन की ओर से सुशील सीतापुरी के संयोजन में 'मैं तुम्हारी गोमती हूं अभियान' की शुरुआत दिसंबर 2019 से की गई। अभियान का उद्देश्य गोमती की सांस्कृतिक विरासत का सर्वेक्षण और संकलन करना है। उनका निष्कर्ष है कि धोबिया के प्राकृतिक जल स्रोत ही गोमती के लिए 'वरदान' हैं। प्राकृतिक जल स्रोतों के मामले में तपोवन (धोबिया) का कोई विकल्प नहीं है।




## एक नजर

### आरोग्य मेले में बिच्छू के डंक मारने से सीएचओ अचेत

**राजपुर।** खासबरा के आरोग्य मंदिर में मरीजों का इलाज कर रहे सीएचओ को बिच्छू ने डंक मार दिया। इससे सीएचओ अचेत हो गए। उन्हें राजपुर पीएचसी में भर्ती कराया गया है। शनिवार को खासबरा आरोग्य मंदिर में मेला आयोजन के दौरान सीएचओ फरमान अहमद (26) मरीजों का इलाज कर रहे थे। इसी दौरान एक बिच्छू ने उन्हें डंक मार दिया। जिससे सीएचओ बेहोश हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीण उन्हें आनन-फानन राजपुर पीएचसी ले गए। जहां डाक्टर शिव विनायक त्रिपाठी ने सीएचओ को भर्ती कर इलाज किया। उनकी हालत में सुधार होने पर अस्पताल से छुटटी दे दी गई। डॉक्टर शिव विनायक त्रिपाठी ने बताया कि बिच्छू के डंक मारने से सीएचओ की तबियत बिगड़ी थी। उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार का पैर टूटा

**रूरा।** सरकौड़ा गांव के पास एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर दी। जिससे बाइक सवार का पैर टूट गया। कमसिया गांव निवासी दीपक अपने दोस्त मोहित के साथ किसी निजी काम से उधमपुर गांव गए थे। शनिवार सुबह घर आते समय अंबियापुर गांव की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में सीधी टक्कर मार दी। जिससे दीपक का सीधा पैर टूट गया और अन्य चोट आई। ग्रामीणों ने घायल को सीएचसी रूरा भिजवाया। जहां से परिजन निजी अस्पताल ले गए।

# ढाई हजार कनेक्शन का दावा किया हकीकत में एक हजार पर सिमटा

## राजपुर में 3.69 करोड़ से नई 500 किली. पानी टंकी बनने पर भी समस्या बरकरार

संवाददाता राजपुर



आंबेडकर नगर में सूखी टोंटी।

**अमृत विचार।** जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर के लिए जल निगम ने जनवरी 2023 से राजपुर नगर के 2500 घरों की लगभग दस हजार की आबादी को पाइप लाइन से पेयजल की आपूर्ति शुरू करने का दावा पिछले साल दिसंबर माह में किया था, लेकिन अभी तक बमुश्किल एक हजार घरों तक ही पानी पहुंचाया जा सका है। क्षमता से कम व मानक विहीन भूमिगत पाइप लाइन बिछाने से दावों के हकीकत में बदलने में बाधा बनी है। ऐसे में पानी के लिए परेशान लोगों की उम्मीदें टूटने लगी हैं।

राजपुर कस्बे में वर्ष 1980 में ग्राम समूह पेयजल योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था। दो पंपों से तीन गांवों को जोड़ा गया था। पहले पंप से पैलावर व जैनपुर और दूसरे पंप से राजपुर कस्बे को पेयजल दिया जाता रहा। तीनों गांवों की लगभग 20 हजार आबादी है। वर्ष 2019 में राजपुर को नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद सलेमपुर, मदियापुर, पिटाकपुर, पैलावर समेत सात गांवों को नगर पंचायत में जोड़ने पर नगर में पेयजल की आपूर्ति की समस्या हो गई। वर्ष 2022 में नगर पंचायत की 20 हजार आबादी का पेयजल संकट दूर करने के लिए जल जीवन मिशन योजना के तहत पुनर्गठन योजना बनाई गई। शासन से स्वीकृति मिलने पर 3.69 करोड़ से राजपुर में एक नई 500 किलोलीटर क्षमता की पानी की टंकी और 22 किलोमीटर लंबाई की भूमिगत पाइपलाइन बिछाई गई। योजना के तहत हर घर जल पहुंचाना था। दिसंबर 2022 में कार्य पूरा होने के बाद भी नगर के लोगों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। जल निगम का दावा है कि राजपुर नगर पंचायत के ढाई हजार घरों में कनेक्शन दिए गए हैं और सभी घरों में पानी की आपूर्ति होती है। जबकि हकीकत में राजपुर के आंबेडकर नगर, अटल नगर व पटेल नगर की आबादी में पाइप लाइन से घरों की टोटियों में पानी पहुंच ही नहीं रहा है। लोगों का कहना है कि जल निगम के ठेकेदार ने क्षमता से कम और दो इंची पाइप लाइन बिछाई है। ऐसे में पानी का प्रेशर कम होने से घरों की टोंटी तक पानी नहीं पहुंच रहा है। दो वर्ष बाद भी पेयजल आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी है और न ही कार्य पूर्ण हो सका है। ऐसे में लगभग डेढ़ हजार की आबादी को पानी के संकट से जूझना पड़ रहा है। हालत यह है कि लोगों को पानी जुटाने के लिए बर्तनों और डिब्बों को लाइनों में रखना पड़ता है। इसके बाद भी अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

> राजपुर नगर में आबादी अधिक होने और पानी की टंकी की क्षमता कम होने से समस्या है। नगर पंचायत के अलग-अलग वार्डों में पांच नई पानी की टंकिया बनाई जा रही है। कार्य पूर्ण होने पर पेयजल संकट दूर होगा।
>
> -विजय कुमार जेई जल निगम

**क्या बोले लोग**

> पेयजल परियोजना बनी तो आस हुई कि अब पानी पर्याप्त मात्रा में मिल सकेगा। लेकिन सप्लाई तो दूर पांच वर्ष में कार्य पूरा नहीं हो सका है। ऐसे में लोगों को भीषण गर्मी में समस्या का सामना करना पड़ रहा है।
>
> -निहाल निवासी आंबेडकर नगर

> जल निगम ने कनेक्शन तो दिया है, लेकिन दो वर्षो से नल में बूंद-बूंद पानी आता है। ऐसे में निजी सबमर्सिबल से पानी लाना पड़ता है। गर्मी के इस मौसम में एक-एक बाल्टी के लिए घंटों लाइन में खड़े रहना पड़ता है।
>
> -अब्दुल जब्बार निवासी अटल नगर

## डिप्रेशन में आए युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कानपुर देहात।** अकबरपुर के मीना बगिया निवासी युवक ने तनाव में आकर घर के अंदर फंदा लगा ली। जानकारी पर परिजन युवक को फंदे से उतारकर जिला अस्पताल ले गए। जहां ईएमओ ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पीएम कराने से इंकार कर दिया।

अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के मीना बगिया निवासी सुवेस कुमार (40) पिछले कुछ दिनों से किसी बात को लेकर तनाव में था। शुक्रवार की रात उसने घर के अंदर कमरे में रस्सी के सहारे फंदा लगा लिया। किसी काम से कमरे में पहुंचे परिजनों ने उसे फंदे पर लटकते देखा तो नीचे उतारा और जिला अस्पताल ले गए। जहां ईएमओ डॉ. प्रतीक सक्सेना ने सुवेस को मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर मृतक की पत्नी प्रीती बदहवास हो गई और मां गायत्री, पुत्र वंश, निहाल आदि का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने बताया कि मृतक घर का एकलौता था। वहीं जिला अस्पताल से मेमो भेजकर पुलिस को सूचना दी गई। जिसपर अकबरपुर चौकी प्रभारी विकल्प चतुर्वेदी मौके पर पहुंचे और छानबीन की। परिजनों ने शव का पीएम कराने से इंकार कर दिया। चौकी प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है।

## सार-संक्षेप



स्ट्रांग रूम के सीसीटीवी कैमरों का जायजा लेते डीएम। अमृत विचार

### डीएम ने स्ट्रांग रूम व सीसीटीवी कैमरों का लिया जायजा

**कानपुर देहात।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन मतगणना को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक सिंह ने अकबरपुर डिग्री कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे आदि का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न होने पाए और स्ट्रांग रूम की सतत निगरानी रखी जाए। वैध पास धारक को ही परिसर में प्रवेश दिया जाए। सीसीटीवी कैमरे शत-प्रतिशत संचालित रहें। किसी भी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश परिसर में न होने पाए। इसके अतिरिक्त डीएम ने मतगणना दिवस पर की जाने वाली तैयारी के संबंध में विभिन्न दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर ओएसडी दिलीप कुमार व सुरक्षा कर्मी उपस्थित रहे।

### ढाबे पर चुनावी चर्चा में हुई मारपीट, केस दर्ज

**रूरा।** तिंगाई स्थित एक ढाबे में बीती 17 मई को चुनावी चर्चा के दौरान हुई मारपीट में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। रूरा कस्बा निवासी अनुराग सिंह ने बताया कि वह 17 मई को खाना खाने तिंगाई स्थित एक ढाबा पर गए थे। इसी दौरान पास में बैठे लोगों से आपसी चुनावी चर्चा होने लगी। तभी हसनापुर निवासी राजाराम, गोरेलाल, कल्लू व शेरा पाल ने गालीगलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उक्त लोगों ने पीड़ित अनुराग और उसके साथी विष्णु गुप्ता पर हमला कर दिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर की मौत

**मूसानगर।** जरसेन गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर की मौत हो गई। डायल 112 की सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। जरसेन के रामजी ने बताया कि उसके चाचा रामकेश उर्फ भूरा (45) मजदूरी करते थे। इसी के सिलसिले से सिंगरसीपुर के विकास उर्फ चंदू के खेतों में जा रहे थे। शनिवार को भी उन्हीं के साथ खेतों में मजदूरी करने सिंगरसीपुर गए थे। काम करते समय अचानक तबीयत खराब होने पर खेत मालिक उन्हे इलाज के लिए घाटमपुर ले गए। जहां रास्ते में उनकी मौत हो गई। थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि मृतक के परिवार में तीन बच्चों पुत्री स्वाती (12) पुत्र शैलेंद्र (8) विनय (4) के अलावा कोई नहीं है प्रधान के आने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

### परिवारिक कलह से परेशान विवाहिता ने खाया जहर

**रनियां।** शुक्रवार देर रात्रि गौतम बुद्ध नगर निवासिनी अंजलि 26 पत्नी मोहित पारिवारिक कलह के चलते जहरीला पदार्थ पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन रसूलाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां डॉक्टर एन चंद्रा ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के चलते कानपुर हैलट के लिए रेफर कर दिया।

### वृद्ध पर मधुमक्खियां ने हमला बोला, गंभीर

रनियां। शनिवार पोवा निवासी करन सिंह (71) खेत पर गए हुए थे। वही पर मधुमक्खियां के झुंड ने हमला बोल दिया और पूरे शरीर में काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन रसूलाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए जहां डॉक्टर एन चंद्रा ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर के चलते कानपुर हैलट के लिए रेफर कर दिया।

### शार्ट सर्किट से अवंतीबाई इंटर कालेज में जले शैक्षिक अभिलेख



आग से कॉलेज में जले अभिलेख।

**मंगलपुर।** थाना क्षेत्र के कस्बा झीझक स्थित अवंतीबाई इंटर कालेज में शार्ट सर्किट से आग लग गई। जब तक लोग आग पर काबू पाते। तब तक वहां रखे अखिलेख जलकर राख हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंचे लेखपाल ने क्षति का आंकलन किया है। मंगलपुर क्षेत्र के कस्बा झींझक स्थित अवंतीबाई ग्राम्य विकास इंटर कालेज में शनिवार की सुबह करीब पौने नौ बजे प्रबंधकीय कक्ष में शार्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की तेज लपटें खिड़की से बाहर आते देखकर आस-पड़ोस के लोगों ने जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश राजपूत को दी। मौके पर मौजूद विद्यालय के स्टाफ ने कड़ी मशक्कत के बाद सबमर्सिबल से आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक वहां रखे प्रबंधक व अध्यापकों के शैक्षिक अभिलेख समेत छात्रों के वर्ष 2001 से 2023 तक के शैक्षिक प्रमाण पत्र, छात्रवृत्ति अभिलेख सहित अन्य दस्तावेज जलकर राख हो गए। घटना की सूचना के बाद मौके पर डायल 112 समेत चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जायजा लेकर उच्चाधिकारियों को जानकारी दी। वहीं आग की सूचना पर पहुंचे स्थानीय लेखपाल ने क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी है।



अतिक्रमण हटवाती पुलिस व नगर पंचायत के कर्मचारी। अमृत विचार

### मूसानगर थाने की खाली जमीन से हटवाया अवैध निर्माण

**मूसानगर।** नगर पंचायत के स्टेट बैंक के पीछे थाने की खाली पड़ी भूमि में हो रहे अवैध निर्माण को लेकर नगर पंचायत व पुलिस की संयुक्त टीम ने हटवाया। दोबारा कब्जा करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। मूसानगर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि स्टेट बैंक के पीछे गडईया के पास थाने की करीब बारह बिस्वा जमीन है, जो राजस्व अभिलेखों में भी थाने के नाम दर्ज है। उक्त जमीन में लगातार कुछ अराजक तत्व अवैध कब्जा कर निर्माण कर रहे थे। शनिवार को मौके पर जाकर नगर पंचायत व पुलिस की संयुक्त टीम ने जेसीबी से अवैध कब्जे को हटवाया। साथ ही उक्त जमीन में नगर पंचायत की ओर से लगाए गए सबमर्सिबल पर भी अराजक तत्वों ने कब्जा कर लिया था। उसको भी मुक्त कराया गया। अधिशासी अधिकारी संजय पटेल ने बताया कि कुछ जमीन नगर पंचायत की भी है। उस पर भी कई लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। लेखपाल से पैमाइश करा कर अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सिठमरा गांव में मुख्य सड़क किनारे गोबर व गंदगी के ढेर



सड़क किनारे गोबर व गंदगी का ढेर।

**रूरा।** क्षेत्र के सिठमरा गांव में रूरा-झींझक मार्ग किनारे डाले गए पशुओं का गोबर अब लोगों के लिए न केवल परेशानी का सबब बन रहा है। बल्कि हर समय दुर्घटनाओं का भय बना रहता है। वहीं गर्मी में गोबर की सड़ांध आसपास के निवासियों व राहगीरों को बेहाल करती है। डेरापुर ब्लाक की ग्राम पंचायत सिठमरा में सड़क के दोनों किनारों पर गोबर के बड़े-बड़े ढेर लगे देखते जा सकते हैं। वहीं लोगों ने कई मुख्य सड़क व नहर किनारे पर भी गोबर के ढेर लगाने शुरू कर दिए हैं। गोबर के साथ लोग अन्य गंदगी भी डाल देते हैं। जिससे गोबर व गंदगी बह कर नहर में गिरती है और पानी को प्रदूषित करती है। वहीं तेज धूप में गोबर से पानी बहकर सड़कों पर आ जाता है। जिस कारण फिसलन हो जाती है और दुपहिया व साइकिल सवार दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि वह सड़कों के किनारे खाद बनाने के लिए गोबर डालते हैं। इस बावत ग्राम प्रधान नरेंद्र कुमार ने बताया कि सड़कों के किनारे गोबर व किसी प्रकार की गंदगी डालना गलत है। जल्द ही रोड किनारे से गोबर के ढेर हटवाए जाएंगे। साथ ही ग्रामीणों को दोबरा गोबर व गंदगी न डालने की हिदायत दी जाएगी।

# रनियां में बवाल के बाद पीएसी तैनात

संवाददाता रनियां



बवाल के बाद गांव में तैनात फोर्स। अमृत विचार

- तीसरे दिन खुली इक्का दुक्का दुकानें, आरोपियों की तलाश जारी

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के आर्यनगर प्रथम व फत्तेपुर रोशनाई गांव के कुछ युवकों के बीच बुधवार को मामूली विवाद गुरुवार को दो गुटों के बीच मारपीट, पथराव और फायरिंग के बाद गांव में पीएसी बटालियन के आधा सैकड़ा जवान तैनात रहे। तीसरे दिन गांव में इक्का-दुक्का ही दुकानें खुली और अधिकांश लोग घरों में ही दुबके रहे। 12 आरोपियों को जेल भेजने के बाद पुलिस अन्य की तलाश कर रही है।

बता दें कि बीते बुधवार को रनियां के आर्यनगर में गोलगप्पे के ठेले वाले से फत्तेपुर रोशनाई के लड़कों का मामूली बात पर विवाद हो गया था। एक पक्ष ने तहरीर देकर आठ लोगों के खिलाफ नामजद व दस अज्ञात पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गुरुवार की शाम राजेंद्र चौराहे पर आर्यनगर व फत्तेपुर रोशनाई के लड़कों के बीच मारपीट के साथ ही फायरिंग व बमबाजी शुरू हो गई थी। महिलाओं ने छतों से ईंट-पत्थर फेंकना शुरू कर दिया था। जिसके बाद उपद्रवियों ने रास्ते से गुजरने वालों पर भी हमला कर सड़क किनारे दुकानों में तोड़फोड़ की थी। सूचना पर सीओ तनु उपाध्याय फोर्स के साथ पहुंची तो महिलाओं ने ईंट-पत्थर से उन्हें भी दौड़ा लिया था। आर्यनगर के लड़कों ने फत्तेपुर रोशनाई के एक दुकानदार की दुकान में तोड़फोड़ कर दी थी। जिसपर दुकानदार को अपनी लाइसेंसी बंदूक से मोर्चा संभालना पड़ा था और छत पर जाकर कई राउंड फायरिंग की थी। दोनों पक्षों के 16 लोग घायल हुए थे। शुक्रवार सुबह रनियां थाना प्रभारी महेंद्र सिंह की तहरीर पर दोनों पक्षों के 34 नामजद समेत 50-60 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जिसके बाद बारह लोगों को जेल भेजा गया था। वहीं घटना के तीसरे दिन गांव में इक्का-दुक्का दुकानें ही खुली और अधिकांश दुकानों में ताला लटकता रहा। वहीं गांव जाने वाले रास्ते पर सन्नाटा पसरा रहा। अधिकांश लोग घरों में ही दुबके रहे। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए फत्तेपुर क्षेत्रीय इंटर कालेज में कानपुर से आई 37वीं वाहिनी पीएसी बटालियन के जवानों को ठहराया गया है। करीब आधा सैकड़ा पीएसी जवान गांव के चप्पे-चप्पे पर नजर बनाए हुए हैं। रनियां एसओ महेंद्र पटेल ने बताया कि अन्य नामजद आरोपियों की तलाश की जा रही है। वहीं अज्ञात आरोपियों की वायरल वीडियो से पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी।

# पंखे में उतरे करंट से दुकानदार की मौत

संवाददाता शिवली

- पत्नी की आशंका पर पड़ोसियों के दरवाजा तोड़ने पर घटना की हुई जानकारी



रुपेश तिवारी।

**अमृत विचार।** रात में घर के अंदर पंखा लगा रहा कॉस्मेटिक दुकानदार करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। सुबह जब परिजनों ने दरवाजा खोला तो शव पंखे से चपका मिला। जिससे कोहराम मच गया।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के सुनवर्षा मैथा स्टेशन निवासी रूपेश तिवारी उर्फ गोपाल (35) वर्तमान में अपनी सुसराल बैरी सवाई में रह कर तिराहे पर कॉस्टमेटिक की दुकान चला कर जीवन यापन करता था। शुक्रवार को उसकी पत्नी ऊषा अपनी बहन को देखने कानपुर के एक अस्पताल में गई थी और युवक घर में अकेला था। देर रात में उसने फोन से अपनी पत्नी से बात की। इसके बाद वह पंखा का प्लग लगाने लगा। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। शनिवार की सुबह जब उसकी पत्नी घर आई और दरवाजा खोलने के लिए आवाज लगाई तो कोई बाहर नहीं आया। शंका होने पर आस-पड़ोस के लोगों ने दरवाजे को तोड़कर अंदर देखा तो रूपेश का शव पंखे से चिपका पड़ा मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# बिजली कटौती से फसल की सिंचाई पर संकट

संवाददाता संदलपुर

- संदलपुर क्षेत्र के कई गांवों में बमुश्किल छह से सात घंटे बिजली आपूर्ति

**अमृत विचार।** संदलपुर क्षेत्र में बिजली की अंधाधुंध कटौती किसानों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। रोस्टर के अनुसार बिजली न मिलने से किसान जायद की मूंग फसल की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में उत्पादन प्रभावित हो सकता है।

पिछले साल की तुलना में इस बार मूंग की बुआई के रकबे में खासी बढ़ोत्तरी हुई है। इसकी वजह पिछले साल हुई अच्छी बारिश को बताया जा रहा है। इस बार मई मध्य से ही तेज धूप व गर्मी ने कहर बरपाना शुरू कर दिया। इससे जून माह में गर्मी के और बढ़ने की संभावना है। वहीं जलस्तर काफी नीचे गिरने से ट्यूबवेल से सिंचाई का संकट बना हुआ है। ऐसे में अंधाधुंध बिजली कटौती किसानों के लिए और भी मुसीबत बनी हुई है। जबकि मौजूदा समय में मूंग फसल को पानी की जरूरत है। हालत यह है कि ग्रामीण अंचल में 24 घंटे में से बमुश्किल छह-सात घंटे भी बिजली मिल पा रही है। किसानों के पूछने पर विद्युत अधिकारी ऊपर से शटडाउन की बात कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं। जबकि कई बार ट्रांसफार्मर व मशीन खराब होने या अधिक लोड के चलते फाल्ट होने से कटौती की बात कहते हैं। ऐसे में किसानों के सामने मूंग फसल सिंचाई का संकट गहरा गया है। भाकियू नेता रमेशचंद्र कुशवाहा, राजेश कटियार समेत अन्य किसानों ने बताया गया कि पिछले कई वर्षो से मूंग की खेती करते आ रहे हैं। इस बार 10-15 बीघा में मूंग की फसल बोई है। जिसमे प्रति बीघा चार से पांच हजार रुपये का खर्च आश है। इसमें बीज, दवा आदि का खर्च शामिल हैं। तीसरी फसल के रूप में मूंग की बुआई कर अतिरिक्त लाभ लेने के बारे में सोचा था। लेकिन बिजली संकट उनकी मंशा पर पानी फेर रही है। इस समय नहर व बंबों में भी पानी नहीं है। जिससे समस्या और भी गहरा रही है। वहीं विद्युत अधिकारियों का कहना है कि वे अपनी तरफ से कोई अतिरिक्त बिजली कटौती नहीं कर रहे हैं। जितनी बिजली मिल रही है। उसी के अनुसार आपूर्ति की जा रही है।

### इन गांवों में बिजली का गंभीर संकट

सिकंदरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खालागांव, अगवासी, फिरोजपुर, अमौली कुर्मियान, जरौली समेत अन्य गांवों में चौबीस घंटे में से बमुश्किल छह से सात घंटे ही बिजली मिल पा रही है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने बिजली संकट के चलते वरिष्ठ अधिकारियों से भी शिकायत की, लेकिन समस्या का अभी तक निराकरण नहीं हो सका है।






रमेशचंद्र।



राजेश कटियार।



अंतिम सलामी देती सेना की टुकड़ी। अमृत विचार



मुखाग्नि देता सात वर्षीय बेटा कृष्णा। अमृत विचार

# सैनिक सम्मान के साथ दी हवलदार को अंतिम विदाई

संवाददाता रूरा

- पठानकोट से घर आते समय ट्रक की टक्कर से हो गए थे घायल

**अमृत विचार।** छुट्टी लेकर पठानकोट से घर आते समय रास्ते में बाइक सवार सेना हवलदार को ट्रक ने टक्कर मार दी। सिविल अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। शुक्रवार रात पार्थिव शरीर गांव पहुंचने पर कोहराम मच गया। कानपुर कैंट से आई सेना टुकड़ी ने अंतिम सलामी दी। जिसके बाद अंतिम संस्कार किया गया।

मुरलीपुर गांव निवासी मोहित सिंह (44) सेना में हवलदार के पद पर पठानकोट में तैनात थे। वह इन दिनों रूरा कस्बे के शिवाजी नगर मोहल्ले रह रहे थे। गुरुवार को वह छुट्टी लेकर पठानकोट से अपने घर आ रहे थे। तभी पानीपत के मछौरी नेशनल हाईवे पर उनकी बाइक में ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे मोहित सिंह घायल हो गए थे। उन्हें सिविल अस्पताल पानीपत में भर्ती कराया गया था। जहां उनकी मौत हो गई थी। शुक्रवार देर रात पार्थिव शरीर गांव मुरलीपुर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया और मां कमलेश सिंह, पत्नी नेहा, बेटी साक्षी, आरजू व बेटा कृष्णा का रो-रोकर हाल बेहाल रहा।

**लोकसभा चुनाव** जिलाधिकारी ने मतगणना तैयारियों को लेकर अफसरों के साथ की बैठक, दिए निर्देश

# विधानसभावार 14-14 टेबलों पर होगी मतगणना

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम आलोक सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद में हुए लोकसभा मतदान की मतगणना के लिए प्रत्येक विधानसभावार 14-14 टेबलों पर की जाएगी। जिसकी तैयारियों को लेकर डीएम की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई।

शनिवार को डीएम आलोक सिंह ने बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए दी गई जिम्मेदारियों का सभी निर्वहन करेंगे। मतगणना से संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की ट्रेनिंग, रेंडमाइजेशन आदि का कार्य समय अंतर्गत पूरा किया जाए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को कड़ी सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था व पार्किंग आदि से संबंधित तैयारी समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि मतगणना दिवस पर असामाजिक व शरारती लोगों पर विशेष नजर रखी जाए। स्वास्थ्य अधिकारियों को डॉक्टरों की तैनाती, एंबुलेंस, ओआरएस घोल, मेडिकल टीम के तैनाती के संबंध में निर्देश दिए। कहा कि मतगणना स्थल अकबरपुर डिग्री कॉलेज में स्वच्छ पेयजल, टॉयलेट, साफ-सफाई आदि व्यवस्थाएं दुरस्त कर लें। वहीं विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्बाध आपूर्ति के लिए निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त डीएम ने मीडिया सेंटर, मीडिया पास, मतगणना कार्मिकों के पास, मतगणना टेबल पर बरती जाने वाली सावधानियां, टेंट, बैरिकेडिंग, खानपान आदि के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। सीडीओ लक्ष्मी एन. ने बताया कि कि मतगणना में प्रत्येक विधानसभावार 14-14 टेबल लगाई जाएंगी। मतगणना कार्मिकों का रेंडमाइजेशन व प्रशिक्षण नियत समय पर पूर्ण कर लिया जाएगा। एडीएम प्रशासन अमित कुमार, एडीएम न्यायिक अमित सिंह राठौर, एएसपी राजेश पांडेय, डीडीओ गोरखनाथ भट्ट, एसडीएम सदर अवनीश कुमार समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# नौतपा शुरू, दो जून तक रहेगा गर्मी का कहर

## 45 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता तापमान, बिजली कटौती कोढ़ में खाज की कहावत कर रही चरितार्थ

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** शनिवार को सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश कर गए हैं और नौतपा शुरू हो चुके हैं। दो जून तक दोआबा खूब तपेगा और हीट जोन की केटेगिरी में रहेगा। अधिकतम पारा 45 डिग्री पर पहुंचने का अनुमान है। वहीं शनिवार को दोआबा सूरज के तेवरों से झुलस उठा। दूसरे दिन भी तापमान 42 डिग्री के पार रहा। न्यूनतम पारा 32 डिग्री होने से रात भी तप उठी। पल-पल जा रही बिजली ने भी लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं।

हालांकि गुजरे सात दिनों से दोआबा सूरज के तेवरों से झुलस रहा है। वहीं शनिवार सुबह से तीखी तपन, हीटवेव और जमीन से छूट रहे भभके ने दोआबावासियों की मुश्किलें बढ़ा दीं। हर घंटे तपिश, हीट वेव का कहर बढ़ता गया। 10.30 बजते ही लू-लपट से जन-जीवन मानो अस्त-व्यस्त हो गया हो। 11.30 बजते ही अधिकतम ताप 40 डिग्री पर पहुंच गया। 12.30 बजे मोबाइल सेट्स पर अधिकतम पारा 42 डिग्री दर्शाने लगा। जैसे-जैसे ताप ऊपर चढ़ा तो फिजा में बे-जोड़ हीटिंग महसूस हुई। लोग चढ़ी दुपहरी में घरों में जा दुबके। डेढ़ बजते ही सड़कों पर सन्नाटा पसरने लगा। ढाई बजे अधिकतम ताप 42 डिग्री पर टिक गया जो 4.30 बजे तक एक ही स्थिति में रहा। इस बीच बाजारों में व्यापारी ऊंघते नजर आए। यही नहीं, टैक्सी-टेम्पो में बैठी सवारियां बिलबिला उठीं। जरूरी काम से निकले लोग हाथबंद दस्ते, टोपी, गमछा और छाते की ओट में दिखे। हीट वेव के कहर से लोग सहम उठे। मौसम विभाग के मुताबिक रात मे भी गर्म हवाएं चलने की संभावना है। आने वाले दिनों में अधिकतम ताप और बढ़ने की संभावना है।


राहत के लिए पानी की नांद में बैठा कुत्ता।


सिर ढककर निकलती किशोरियां। अमृत विचार

### हीट वेव का कहर

शनिवार सुबह 10 .30 बजते ही लपट चलने लगी। दोपहर 12 बजे से हीट वेव कहर ढाने को बेताब नजर आई। जरूरी काम से निकले लोगों की हिम्मत जवाब दे गई। दोपहर एक बजे से तंग गलियों से लेकर पॉश कॉलोनियों तक सन्नाटा पसरने लगा। शाम 4 .30 बजे गलियां सुनी हो गई। बाजार वीरान दिखे।

### चंद्र पर सूर्य का प्रभाव

आचार्य भृगुनंदन शुक्ला के अनुसार सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश किया है। नौ दिनों तक नौतपा रहेंगे। इन दिनों धरती खूब तपती है। उनकी मानें तो चंद्र देव रोहिणी नक्षत्र के स्वामी हैं। जो शीतलता का कारक हैं। लेकिन इस समय वह सूर्य के प्रभाव में आ जाते हैं। सूर्य पृथ्वी के अधिक पास होने से तीखी गरमी महसूस होती है। रोहिणी नक्षत्र में सूर्य के रहने से नौ दिनों तक तापमान, हवा, बादल, आर्द्रता का परीक्षण भी भावी बरसात का पता लगा देते हैं।

### आइस्क्रीम, पेय पदार्थों की मांग बढ़ी

इन दिनों ताप 42 डिग्री के पार है। वहीं चढ़ती गर्मी के साथ आइस्क्रीम, ठंडा-ठंडा कूल-कूल की दुकानें बढ़ गई है। यही नहीं इनकी डिमांड भी ज्यादा है। नगर में जगह-जगह शाम को इनकी रेडी लग जाती हैं। एक आइस्क्रीम विक्रेता विभाकर मिश्र कहते हैं कि इन दिनों अच्छा व्यापारी चल रहा है। शाम छह बजे से जैसे-जैसे रात होती है दुकानदारी में बढ़ोतरी होती है। रात 12 बजे तक लोग आते हैं।

### नीबू, ककड़ी, खीरा और तरबूज बिक्री में तेजी

- गर्मी के तेवरों के साथ नीबू, ककड़ी, खीरा, तरबूज, खरबूजा की डिमांड बढ़ गई है। दुकानदार कहते हैं कि इन दिनों अच्छा व्यापार चल रहा है। ककड़ी, खीरा अधिक बिक रहा है। इससे शरीर को ठंडक मिलती है। नीबू लोग हाथों हाथ खरीद रहे हैं। गर्मी में यह काफी फायदेमंद होते हैं।

### इन बातों का रखें ख्याल

- दिन में हल्का भोजन लें
- बाजार से कोल्ड ड्रिंक्स की अपेक्षा लस्सी, छाछ, आम का पना या बेल के शरबत का इस्तेमाल करना फायदेमंद होगा
- सिर ढंककर ही काम से घर से बाहर निकलें
- तेज धूप होने पर काले चश्मे का इस्तेमाल करें
- बाहर का पानी पीने से बचें या फिर स्वच्छ पानी ही पिएं
- सादा पानी खूब पिएं, नीबू का इस्तेमाल करें
- ककड़ी, खीरा जरूर खाएं। यह पानी की मात्रा बनाए रखते हैं

### यह सावधानी बरतें

- बाहर की तली-भुनी चीजें न खाएं
- खाली पेट घर से न निकलें, कुछ खाए और पानी पीकर ही निकलें
- बच्चों को दिन में जरूर सुलाएं। उन्हें देर तक धूप में न खेलने दें
- धूप से आकर तुरंत ठण्डा पानी न पिएं व पिलाएं। कुछ देर बैठकर, पानी पिएं
- बासी खाना खाने से बचें
- सड़े-गले फल न खाएं

# मवेशी चराने गई किशोरी की यमुना में डूबकर मौत

**असोथर।** यमुना किनारे मवेशी चराने गई एक किशोरी नदी में नहाते समय डूब गई। यह देख वहां मौजूद अन्य बच्चों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन वह उसे पानी से बाहर नहीं निकाल सके। सूचना पर परिजन व ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे और किसी तरह उसे तलाश कर बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं।

असोथर थाना क्षेत्र के रामनगर कौहन गांव निवासी जगतपाल की 12 वर्षीय पुत्री रागिनी शुक्रवार को मवेशियों को चराने यमुना नदी के किनारे गई थी। मवेश चराने के बाद वह यमुना नदी में नहाने लगी। तभी उसका पैर फिसल गया और गहराई जाकर समा गई। हालांकि मौके पर मौजूद अन्य बच्चों ने उसे बाहर निकालने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। मौके पर मौजूद बच्चे गांव जाकर परिजनों और ग्रामीणों को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और यमुना नदी में खोजबीन शुरू की।

काफी तलाशने के बाद किशोरी मिल गई लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। किशोरी की मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा। परिजनों ने शव बरामदगी के बाद बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस घटना के प्रति अनभिज्ञता जता रही है।


जले सामान को देखते लोग।

# अराजकतत्वों ने दुकान में लगाई आग, सामान जला

संवाददाता खागा

- दमकल कर्मियों ने पहुंचकर बुझाई आग
- खखरेरू क्षेत्र के बदनमऊ गांव में सुबह हुई घटना

**अमृत विचार।** खखरेरू थाना क्षेत्र के बदनमऊ मजरे कुल्ली गांव में अज्ञात कारणों से एक दुकान में आग लग गयी। जिससे दुकान में रखी सामग्री सहित गृहस्थी का सामान जल कर खाक हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने ग्रामीणों की मदद से जब तक आग को काबू किया। तब तक में दुकान का लाखों की सामग्री जलकर राख हो गयी।

विजयीपुर विकास खण्ड के बदनमऊ मजरे कुल्ली गांव निवासी राजेश कुमार पुत्र रामखेलावन की दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गयी। पीड़ित ने बताया कि शनिवार भोरपहर करीब चार बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने दुकान में आग लगा दिया।

आग से दुकान का कीमती सामान सहित गृहस्थी का सामान भी जल गया। वहीं दुकानदार ने बताया कि दुकान में इंजन, कंप्रेसर, दो साइकिल, चारपाई, रजाई, गद्दा, टायर ट्यूब व खाने की सारी सामग्री जल गई।

वहीं फायर ब्रिगेड कर्मियों ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर सुबह सात बजे तक आग को काबू किया गया। उन्होंने बताया कि जंगल में बनी कोठरी नजदीक पानी न होने से ग्रामीणों का प्रयास असफल रहा। खबर लिखे जाने तक कोई भी तहसील कर्मचारी व अधिकारी सूचना के बावजूद मौके पर नहीं पहुंचे थे।

# टप्पेबाजों ने महिला से जेवर ले कंकड़ की पोटली थमाई

संवाददाता फतेहपुर

- चोरी का माल वापस कराने का दिया था झांसा
- औंग थाना क्षेत्र के गड़वा गांव का मामला

**अमृत विचार।** चोरी का माल वापसी का झांसा देकर महिला से जेवरातों की टप्पेबाजी की गई। शातिर मंगलसूत्र, झाला लेकर कपड़े की पोटली में कंकड़ थमा गए। चार दिन बाद पोटली खोलने पर घटना का पता लगा। आरोपी सीसीटीवी में कैद हुए हैं।

औग थाना क्षेत्र के गड़वा निवासी अनिल पटेल उर्फ टीटू रहसूपुर में स्थित एक केमिकल फैक्टरी में नौकरी करते हैं। वह 21 मई सुबह सात बजे ड्यूटी के गए थे। घर में अकेली उनकी पत्नी रश्मी थी। करीब घंटे भर बाद टीटू के घर में दो टप्पेबाज पहुंचे। आवाज लगाने पर रश्मी बाहर आई। टप्पेबाजों ने साल भर पहले उसके घर में चोरी का हवाला दिया। चोरी में लाखों के गहने दिलाने का भरोसा दिया। जिसमें घर में मौजूद जेवरातों की पूजा कराने की बात की। महिला अपना मंगलसूत्र व सोने के झाला ले आई। दोनों ने उसे आंख बंद करने को कहा। टप्पेबाजों ने मंगलसूत्र व झाला जेब में रखकर बदले में कपड़े की पोटली मूंगा व कंकड़ बांधकर थमाकर चले गए। पोटली साफ सुथरी जगह रखने की सलाह दी और चार दिन बाद खोलने की बात कही।

महिला ने शुक्रवार को पोटली खोली। जेवरात के बजाय मूंगा व कंकड़ देखकर महिला के होश उड़ गए। टप्पेबाजों में एक भगवा और दूसरा सफेद कपड़े पहनकर तांत्रिक होने का झांसा दिया। प्रभारी निरीक्षक कांति सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को पकड़ा जाएगा।

# कट्टा दिखा बनाया अश्लील वीडियो

**फतेहपुर।** कट्टा दिखाकर एक युवती का आपत्तिजनक वीडियो बनाने के बाद युवक ने शादी का दबाव बनाया। शादी से इंकार पर युवती का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। एसपी के आदेश पर आईटी एक्ट के तहत छेड़खानी समेत कई धाराओं में आरोपी पर मुकदमा दर्ज हुआ है।

ललौली थाने के एक गांव की रहने वाली युवती ने एफआईआर में बताया कि गांव का देवेंद्र सिंह उर्फ सलोनी उसके साथ अक्सर छेड़छाड़ करता है। कई बार उसने अपने बिंदकी कोतवाली के बहरौली निवासी मित्र योगेंद्र सिंह के साथ मिलकर अश्लील हरकत कर रचुका है। उस पर शादी का दबाव देवेंद्र सिंह बनाता है। शादी से इंकार पर देवेंद्र सिंह उर्फ सलोनी उसे धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। कुछ दिन पहले विवाह तय होने का देवेंद्र को पता लगा। उसे रास्ते से खींचकर खंडहर में ले गया। कट्टे के बल पर कपड़े उतराए। उसका आपत्तिजनक वीडियो बना लिया।

# नकाबपोश बदमाशों ने जनसेवा केंद्र के संचालक को लूटा

संवाददाता, फतेहपुर

- मां के साथ बाइक से जा रहा था प्रेमनगर
- पुलिस खंगालने में जुटी है सीसीटीवी फुटेज

**अमृत विचार।** बैग में रुपये लेकर घर से निकले जनसेवा केन्द्र के संचालक के साथ शनिवार को दिनदहाड़े लूट लिया गया। बाइक सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने पीड़ित व उसकी मां को बाइक से गिराकर उनका बैग लूटकर भाग निकले। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई है।

सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के कमलेश कस्बे में जनसेवा केन्द्र का संचालन करता है। उसने बताया कि शनिवार की दोपहर में वह बैग में सवा लाख रुपये लेकर किसी काम से अपनी मां के साथ प्रेमनगर जाने के लिए निकला था। जैसे ही वह रामपुर बसई गांव के पास पहुंचा तभी पीछे से बाइक सवार तीन लोग जो नकाबपोश थे, उन्होंने टक्कर मारते हुए उसकी बाइक गिरा दी। जिससे वह और उसकी मां भी बाइक से गिर गए। इसी दौरान बाइक में टंगा बैग निकालकर बाइक सवार बदमाश मौके से भाग निकले। उन्होंने घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी।

मौके पर पहुंचे पुलिस फोर्स ने पूछताछ करते हुए बाइक सवार बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के माध्यम से बदमाशों की तलाश कर रही है। वहीं मामले में अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र ने बताया कि बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए एसओजी, सर्विलांस और स्थानीय पुलिस की टीम को लगाया गया है।


जांच करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप


भारी वाहनों से लखनऊ मार्ग पर लगा जाम। अमृत विचार

### ट्रकों के बिगड़ने से लखनऊ मार्ग कई घंटे जाम

**फतेहपुर।** शनिवार को सातमील तिराहे के निकट एक ट्रक खराब हो जाने से तड़के लखनऊ रोड पर जाम लग गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में वाहन फंस गए। कई किलोमीटर लंबे जाम में फंसने से यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई घंटे की जद्दोजहद के बाद दोपहर करीब दो बजे तक स्थिति सामान्य हो सकी। बता दें कि सातमील तिराहे के पास शनिवार सुबह एक ट्रक खराब हो गया। उसी स्थान पर कुछ देर बाद दूसरा ट्रक खराब हो गया। दोनों ट्रक अगल-बगल खड़े होने से जाम लग गया। दोनों ओर करीब चार किलोमीटर लंबे जाम में सैकड़ों की संख्या में वाहन फंस रहे। जिससे यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। जिन चालकों को वैकल्पिक मार्ग की जानकारी थी वह इधर-उधर से वाहन निकाल कर जैसे-तैसे गंतव्य तक पहुंचने की जद्दोजहद करते रहे लेकिन बस व अन्य बड़े वाहन जहां के तहां फंसे रहे। दोपहर करीब दो बजे के आसपास ट्रक ठीक होने के बाद वहां से रवाना हुए तब जाकर दो बजे के बाद स्थिति सामान्य हो सकी।

### भांग की दुकानों से बेचा जा रहा गांजा

**असोथर।** एक ओर जहां सरकार नशामुक्ति अभियान को बढावा देने की बात कर रही हैं तो दूसरी ओर भांग की दुकानों से धड़ल्ले से गांजा बेचा रहा है। पुलिस प्रशासन और आबकारी विभाग के रहमोकरम पर गांजा तस्करी का धंधा खूब फल फूल रहा है। गांजा तस्करी का धंधा सिर्फ भांग दुकानों तक ही सीमित नहीं है बल्कि शहर से लेकर गांव देहात जगह जगह खुली परचून की दुकानों में भी चोरी छिपे बेंचा जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक असोथर पुलिस के रहमोकरम पर दुकानों में गांजा बिक रहा है। वर्दीधारी सबकुछ जानते हुये भी कोई कार्यवाही नहीं करते हैं। इसी प्रकार नगर पंचायत के ग्रामीण बैंक के सामने भांग की दुकान में गांजा बेचा जा रहा है। असोथर पुलिस की मिलीभगत से यह धंधा फलफूल रहा है। जबकि नियम यह है कि भांग के दुकानों में सिर्फ भांग ही बेची जानी चाहिये।

# ट्रेन में यात्री की मौत से मचा हड़कंप

**फतेहपुर।** ट्रेन में सफर कर रहे एक यात्री की अचानक तबियत खराब हो जाने पर ट्रेन में ही मौत हो गई। सूचना पर फतेहपुर स्टेशन पर ट्रेन को रूकवा कर जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मऊ जनपद के मधुबनी थाना क्षेत्र के पंचमाला गांव निवासी बंशीलाल पुत्र स्व. रामलखन ट्रेन में सफर कर जा रहा था। बताते हैं कि अचानक ट्रेन में ही यात्री की तबियत खराब हो गई और कुछ ही देर बाद उसकी बोगी में ही मौत हो गई। इसकी जानकारी ट्रेन में बैठी अन्य सवारियों ने टीटी को दी। जिस पर टीटी ने घटना की जानकारी फतेहपुर स्टेशन मास्टर को दी। जहां ट्रेन रोक कर जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# नगर निगम में नौकरी दिलाने का झांसा दे 3.30 लाख ठगे

संवाददाता फतेहपुर

- कोर्ट के आदेश पर औंग पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार।** लखनऊ के नगर निगम में चतुर्थ श्रेणी में नौकरी लगवाने का झांसा देकर 3.30 लाख रुपये ठग लिए गए। नौकरी न लगने पर रुपये वापस मांगने पर रुपये देने से मना कर दिया गया। मामले की शिकायत के बावजूद पुलिस ने कार्यवाही नहीं की तो पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर औंग पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

औंग थाने के रानीपुर मजरे अभयपुर निवासी अजय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के होलापुर निवासी वीरेंद्र से अप्रैल 2023 में मुलाकात हुई थी। एक दिन उसने घर आकर रिश्तेदार के माध्यम से लखनऊ नगर निगम ने फोर्थ क्लास में नौकरी दिलाने की बात कही। उसने 1.30 लाख की डिमांड की वह झांसे में आ गया और 1.27 लाख उसे दें दिया। गांव के रामू ने 97 हजार और सचिन ने भी 1.10 लाख रुपए नगद नौकरी के नाम पर दिया। आरोपी वीरेन्द्र ने डाक से फर्जी ज्वाइनिंग लेटर भेज दिया। उसे लेकर वह नगर निगम लखनऊ पहुंचा तो पता चला कि यहां कोई वैकेंसी नहीं है और काल लेटर फर्जी है। इसके बाद वीरेन्द को बताते हुए रकम वापस करने की बात कही। उसने बैंक की चेक दिया लेकिन वह भी फर्जी था। पुलिस से शिकायत कर बाद भी कार्रवाई नहीं किये जाने पर कोर्ट का रुख करना पड़ा।

विभाग बेखबर | ग्रामीण क्षेत्रों में भी नुकसानदेह खाद्य पदार्थों की बिक्री, लोग हो रहे बीमार

# फास्ट फूड के नाम पर बेचा जा रहा जहर

सवांददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** शहर के रेस्टोरेंट से लेकर गली चौराहों पर संजी फॉस्ट फूड की दुकानें लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे है। खाने पीने के शौकीन बच्चे, बड़े दुकानों की चमक-धमक के बीच बिक रहे घटिया सामान को खाकर बीमार पड़ रहे है।

दुकानों पर बिक रहे मौत के सामान की जांच करने में विभाग भी संजीदा नहीं दिख रहा है। अफसरों से सेटिंग गेटिंग के बीच दुकानदार बेखौफ होकर घटिया सामग्री का प्रयोग कर खाने का सामान बेच रहे है। देखने व खाने में स्वादिष्ट सामान की लोग भी परख नहीं कर पा रहे हैं और उसके सेवन से डायरिया व अन्य तमाम तरह की घातक बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। घटिया सामग्री के साथ वेज व नॉनवेज को एक की बर्तन में बनाने का काम भी किया जा रहा है। तेल, मसाला से लेकर सभी सामग्री की गुणवत्ता का स्तर काफी खराब होता है।

### एक ही स्टीमर में पक रहे वेज व नॉनवेज मोमोज

वेज व नॉनवेज मोमोज को स्टीम करने के लिए एक ही स्टीमर को प्रयोग में लाया जा रहा है। जिसमें निचली सतह पर नॉनवेज मोमोज रखे जा रहे हैं। ऊपर वाले हिस्से में वेज मोमोज स्टीम किए जा रहे हैं। शहर के कुछ लोगों ने इसके बारे में खाद्य सुरक्षा विभाग से मौखिक शिकायत भी की है लेकिन सुनवाई के नाम पर कुछ असर नहीं हुआ। अब डीएम से ऐसे पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने की बात कहीं है।

### प्लेट भी घातक, ठीक से साफ नहीं की जाती

शहर में सौ से अधिक फॉस्ट फूड की दुकाने है। साफ-सफाई का हाल खराब होने के साथ घटिया सामग्री तो प्रयोग में लाई ही जा रही है, खाद्य पदार्थ जिस प्लेट में परोसा जा रहा है उनकी भी गुणवत्ता काफी खराब है। बर्तनों को सही ढंग से साफ नहीं किया जाता। डॉक्टर कहते है कि गंदगी कब्ज, गेस्ट्रिक, विटामिन की कमी, बवासीर, लीवर डिसऑर्डर, जौंडिस, लीवर इंफेक्शन, स्किन डिजीज आदि को जन्म देती है।

### नीबू, ककड़ी, खीरा और तरबूज बिक्री में तेजी

- गर्मी के तेवरों के साथ नीबू, ककड़ी, खीरा, तरबूज, खरबूजा की डिमांड बढ़ गई है। दुकानदार कहते हैं कि इन दिनों अच्छा व्यापार चल रहा है। ककड़ी, खीरा अधिक बिक रहा है। इससे शरीर को ठंडक मिलती है। नीबू लोग हाथों हाथ खरीद रहे हैं। गर्मी में यह काफी फायदेमंद होते हैं। पाचन क्रिया को भी दुरुस्त रखने में सहायक होते हैं।

### यहां सबसे ज्यादा फास्टफूड कार्नर

शहर के पटेल नगर, पत्थरकटा चौराहा, हरिहरगंज, जीटी में बाकरगंज के पास, ज्वालागंज में भी इन दिनों मोमोज बिक्री का हब बन गया है।

"गर्मी में इस तरह की समस्या बढ़ गई है। इन दिनों बाहर का तलाभुना खाने या गंदगी में पक रहे खाने के चलते लोग डायरिया का शिकार हो रहे हैं। साथ ही बुखार की भी समस्या बढ़ रही है। लोगों को सतर्क रहना होगा और इन सब खाद्य पदार्थों से दूरी बनाकर रखनी होगी।

डा. मूलचन्द्रा, बाल रोग विशेषज्ञ

# स्ट्रांग रूम पर कड़ा पहरा

संवाददाता फतेहपुर

- चार जून को स्ट्रांग रूम से बाहर आएंगी ईवीएम

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था लगातार परख रहे हैं। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में केंद्रीय पुलिस बल को तैनात किया गया है। सीसीटीवी कैमरा से भी स्ट्रांग रूम की सुरक्षा पर पैनी नजर बनाकर रखी जा रही है।

पांचवें चरण में जिले में हुए मतदान के बाद अब मतगणना की तैयारियां की जा रही है। मतदान के बाद ईवीएम को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा गया है। मतगणना के दिन ईवीएम को निकाला जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी लगातार मतगणना स्थल का निरीक्षण करते हुए ईवीएम की सुरक्षा की जानकारी हासिल कर रही हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी सी. इंदुमती व पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह लगातार सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाए हुए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ईवीएम को स्ट्रांग रूम से मतगणना के दिन चार जून को निकाला जाएगा। प्रशासन द्वारा कंट्रोल रूम की व्यवस्था की गई है। एलईडी के माध्यम से निरंतर निगरानी की जा रही है। सीसीटीवी कैमरों को कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है। राजनैतिक दलों के नामित प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। मतगणना के प्रशिक्षण की तैयारी प्रशासन ने मतगणना की तैयारियां शुरु कर दी है। सोमवार से मतगणना के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। मतगणना विधानसभा क्षेत्रवार होनी है। मतगणना में बैंक कर्मचारियों सहित अन्य कर्मचारियों को लगाया जाना है। सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में मतगणना कराई जानी है। मतगणना की तैयारी की जा रही है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# करोड़ों रुपये बह गए, फिर भी सरोवरों में पानी उपलब्ध नहीं

## भीषण गर्मी में नदी, तालाब व नहर सूखने से पशु-पक्षी प्यास से हो रहे व्याकुल

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** जल संचयन के नाम सरकारी विभागों ने सिर्फ सरकारी धन को ठिकाने लगाने काम किया है। करोड़ो खर्च करने के बाद भी यह पशु पक्षियों को भर मुंह पानी उपलब्ध कराने में नाकाम रहे है। सूखे नदी, नहर पर भरोसा क्या करें जब लाखों करोड़ों से बने अमृत सरोवर ही सुविधा के नाम पर धोखा दे रहे है।


बिना पानी के सूखा पड़ा तालाब। अमृत विचार

- जल संचयन के लिए ड्रीम प्रोजक्ट के तहत संवारे गए अमृत सरोवर भी बेकार

तालाब में पानी भरवाने की फिलहाल कोई व्यवस्था नहीं है। मगर बारिश में जल संचलन के लिए इन्हें साफ आदि काम करवाने की जिम्मेदारी है। चार जून के बाद सभी तालाबों को तैयार करवाने का काम किया जाएगा। इसके लिए पत्र जारी कर दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

**पवन कुमार मीना, सीडीओ**

जिले में तीन सैकड़ा से अधिक अमृत सरोवर व सैकड़ों तालाबों को संवारने का काम काफी पहले शुरू किया गया है। जिसे संवारने के नाम पर बड़े पैमाने पर सरकारी धन का बंदरबांट किया गया है। इसके बाद भी आलम यह है कि आज तक सभी के लिए बेकाम साबित हुए है। न पशु पक्षियों को भर मुंह पानी दे सके और न किसानों के लिए उपयोगी बन सके। अमृत सरोवरों के निर्माण व तालाबों के जीर्णोद्वार के समय दावा किया जाता था कि यह व्यवस्था जल संचयन के लिए काफी बेहतर साबित होगी। मगर निर्माण के बाद यह आज तक सुविधाओं पर खरे नहीं उतर सके है। जबकि इनकी खुदाई से लेकर आस-पास के सौन्द्रर्यीकरण को लेकर मोटी रकम खर्च की कई। ग्राम पंचायतों वाले अधिकांश तालाब सूखे पड़े है। जो थोड़ा बहुत पानी है वह नाली के पानी से भी बद्तर है। सूखे पड़े तालाबो की जमीन में कहीं दरारें पड़ गई तो कही मिट्टी उड़ रही है। हर साल मई जून के महीनों में तालाबो में पानी भरे जाने के सरकारी आदेश होते रहे हैं लेकिन हर बार इस आदेश की धज्जियां उड़ा दी जाती हैं। हालांकि अफसर ऊपर से पानी भराने जैसा कोई आदेश न होने का दम भर रहे हैं। प्रधान भी पानी भरवा सकते है।

## बाईपास पर सड़क हादसे में अधेड़ की हुई मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ बाईपास हाईवे पर शुक्रवार की रात अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से एक अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा रहा। वहीं अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मलवां थाना क्षेत्र के सकत हिम्मतपुर निवासी रामखेलावन पुत्र स्व. शिवनाथ बाइक से अपनी मां से मिलने उनवा अधारपुर गया था। वापस लौटते समय जब वह लखनऊ बाईपास एनएच-2 पर पहुंचा तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। शव को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पहचान के बाद परिजनों को जानकारी दी गई। सूचना पर अस्पताल पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा रहा। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# टीबी मरीजों के लिए अलग वार्ड नहीं

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** एक ओर पूरा देश टीबी को 2025 तक जड़ से खत्म करने के अभियान में लगा है तो दूसरी तरफ जिले में स्वास्थ्य विभाग के अफसर इस कदर लापरवाही बरत रहे हैं कि टीबी मरीजों की संख्या बढ़ने का खतरा पैदा गया है। सामान्य मरीजों के बीच टीबी मरीज लाइन लगाने से लेकर भर्ती तक किए जा रहे हैं। इससे जो मरीज दूसरी बीमारी का इलाज कराने आ रहे हैं उनको भी टीबी का खतरा बढ़ गया है। उधर सीएमओ कार्यालय का कहना है कि एमडीआर टीबी का अलग वार्ड बनाने के लिए मेडिकल कॉलेज को कई बार पत्र भेजा जा चुका है।

जिले में टीबी के करीब 35 सौ मरीज हैं। 125 मरीज एमडीआर टीबी के हैं। एमडीआर टीबी तब होती जब टीबी का मरीज बिना कोर्स पूरा हुए बीच में दवा खाना बंद कर देता है। इससे शरीर टीबी की दवाओं के प्रति रजिस्टेंस पैदा कर लेता है। इसी को बिगड़ी हुई टीबी भी कहा जाता है। इसके इलाज के लिए जिला मुख्यालय स्थित टीबी अस्पताल में तैनात डॉ. शहाबुद्दीन के अलावा मेडिकल कॉलेज में भी चिकित्सक हैं। लेकिन इनकी ओपीडी में वेंटीलेशन की उचित व्यवस्था नहीं है।

- जिला अस्पताल से मेडिकल कालेज तक यही हाल



फिजीशिएन और त्वचा रोग की ओपीडी में दिखाने आए मरीजों की लाइनें भी फिजीशयन विभाग की ओपीडी में लाइन लगाए टीबी मरीजों की लाइन से इस कदर सटी होती है कि उनकी सांसें तक एक दूसरे से टकराने लगती हैं। टीबी मरीजों के लिए अलग से वार्ड नहीं है। मेडिकल वार्ड में बुखार, पेट व सीने में दर्द वाले सामान्य मरीजों के बीच टीबी के मरीज भर्ती किए जा रहे हैं। टीबी संक्रामक है इसलिए अन्य मरीजों को भी टीबी फैलने का खतरा बढ़ता जा रहा है।

### दवा के लिए मरीज लगा रहे अस्पताल के चक्कर

टीबी की दवाएं लंबे समय तक चलती हैं। इसलिए उन्हें एक बार अस्पताल जाने पर महीने दो महीने की दवा दे दी जाती थी। लेकिन विभाग में चर्चा है कि पिछले करीब दो महीने से केन्द्र से आने वाली टीबी की दवाओं की खेप कम आ पा रही है। इससे टीबी मरीजों को दवाएं कम दिन की दी जाने लगी हैं। सीएमओ कार्यालय स्थानीय स्तर पर टीबी की दवाएं खरीदकर अस्पतालों में मरीजों को पांच या सात दिन की दे रहा है। कई कर्मचारी नाम न छापने की शर्त पर कहते हैं कि एक ओर नए-नए मरीज खोजकर लाने का दबाव बनाया जा रहा है तो दूसरी तरफ मरीज कम दिन की दवा मिलने पर खरीखोटी सुना रहे हैं।

टीबी मरीजों के लिए अलग वार्ड बनाने की तैयारी चल रही है। जल्द ही सामान्य मरीजों से अलग टीबी मरीजों को वार्ड चालू कर दिया जाएगा।

**डा. आरपी सिंह, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज**

# पांडु नदी 15 किमी पहले गंगा में मिलीं

संवाददाता, औंग

**अमृत विचार।** जनपद की सीमा में छिवली से होकर कुटिया गुनीर के पास गंगा की धारा में समाहित होने वाली पांडु नदी करीब 15 किमी पहले ही गंगा में समा जाने से लगभग 25 गांव का नदी से सम्पर्क खत्म हो गया है। पांडु नदी के तटवर्ती गांव के लोगों में खलबली मच गई है। पड़ रही भीषण गर्मी और नदी की धारा में अचानक परिवर्तन से भौगोलिक स्थिति बदल गई है। बता दें कि छिवली से होकर नदी कोटिया गुनीर के पास गंगा में मिली थी।


सूखी पड़ी पांडु नदी। अमृत विचार

- नदी से करीब 25 गांव का संपर्क टूटा

अभयपुर के ग्राम प्रधान रामदास ने चिन्ता जताते हुए बताया है कि नदी कह धारा सूख जाने से करीब 40 गांव के मवेशियों को पीने के पानी के लिए बहुत बड़ा संकट उत्पन्न हो गया है। मानिकपुर, शिवराजपुर, थानपुर, सगुनापुर, लाल खेड़ा, दुलीखेड़ा, बसन्ती खेड़ा, पुरानी कटरी, कृष्णापुर, मदोकीपुर, भाऊपुर, दुधीकगार, कुटिया, गुनीर तक करीब 40 से अधिक गांव में पानी का घोर संकट पैदा हो गया है। इसके अलावा इन गावों में अचानक आए पाण्डु नदी में जल संकट से मूंग, उर्द, चारा सब्जी आदि फसलों में इसका व्यापक असर पड़ सकता है। बिन्दकी फार्म से कुटिया गुनीर तक करीब 50 फीसदी खेतों की सिंचाई पाण्डु नदी से ही होती थी। इस समस्या को देखते हुए अगले महीने बाजारों में सब्जी की आवक में भारी कमी की आशंका जताई जा रही है।

# किशोरी को अगवा कर युवकों ने किया दुष्कर्म

संवाददाता, किशनपुर-फतेहपुर

- जंगल में मवेशी चराने गई थी किशोरी, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार।** किशनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी को अगवा कर उसके साथ तीन युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर तीनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पीड़ित किशोरी के पिता का आरोप है कि उसकी 15 वर्ष की बेटी जंगल में मवेशी को चराने गई थी। इस दौरान गांव के ही रहने वाले झुर्री, धर्मपाल व ननकाई किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। किशोरी को अगवा कर पूरा दिन उसके साथ गैंगरेप किया। किशोरी को घर में न देखकर परिजनों ने किशोरी की तलाश शुरू की, लेकिन किशोरी का कहीं पता नहीं चला। देर रात किशोरी घर लौटी। तब उसने आप बीती परिजनों से बताई। किशोरी की आप बीती सुनने के बाद परिजनों के पैर तले से जमीन खिसक गई। इसके बाद परिजन किशोरी को लेकर थाने पहुंचे और मामले की शिकायत पुलिस से की। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू की। देर रात पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट सहित संगीन धाराओं में रिपोर्ट कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी को मेडिकल परीक्षण को भेजा गया है।

## तीन बार मुनादी के बाद भी नहीं हटे कब्जे

**औंग।** शुक्रवार की शाम और शनिवार की सुबह से लेकर दोपहर बाद तक स्थानीय कस्बे के पुल के नीचे लगने वाली दुकानें हटाने के लिए हाईवे की इमरजेंसी सेवा 1033 ने कई दफा रोड और नाले से दुकाने हटाने का अनाउंसमेंट किया। बावजूद इसके एक भी दुकान नहीं हटी है।

बताया जा रहा है कि यहां के दुकानदार समझ चुके हैं कि अथारिटी सिर्फ हटाने के लिए कहता है लेकिन हटाएगा नहीं। इसी कारण पुल के नीचे व नाले का अतिक्रमण हटाने के लिए कोई भी दुकानदार गम्भीर नहीं है। अधिकतर लोग इसे हाईवे की नौटंकी करार देते हैं तो कुछ लोग कहते हैं कि हाईवे के पास कोई अधिकार नहीं है। कई बार कहने के बाद भी जब दुकानें नहीं हटी तो हाईवे के लोग अपना सा मुंह लेकर वापस चले गए।

## सार-संक्षेप

### बेटों संग मिलकर दुकानदार को पीटा

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के त्रिलोकीपुर में शनिवार की दोपहर उधार सामान न देने पर नशे में अपने दो पुत्रों के साथ मिलकर दुकानदार को मारपीट कर लहुलूहान कर दिया। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। राधानगर थाना क्षेत्र के त्रिलोकीपुर गांव निवासी अंकित की परचून की दुकान है। पड़ोसी राजेश जाटव शराब के नशे में धुत होकर उसकी दुकान पहुंचा और उधार सामान मांगने लगा। न देने पर गाली-गलौज करता हुआ चला गया और कुछ ही देर बाद अपने दो पुत्र रोहित जाटव व राजन जाटव को साथ ले आया और दुकानदार अंकित को दुकान से खींचकर बुरी तरह पीटने बाद उसके सिर पर पटरा मार दिया जिससे वह लहुलूहान होकर जमीन पर तड़पने लगा। घटना को अंजाम देकर पिता व पुत्र मौके से फरार हो गए। परिजन घायल को लेकर थाने पहुंचे और पुलिस ने मामला दर्ज कर घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

### बालिकाओं को किया जागरुक

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर शनिवार को जनपद के सभी थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा के लिए जारी विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया है।

### 58 वाहनों का हुआ चालान

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर शनिवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 58 वाहनों का चालान करते हुए एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं तीन लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

### दुष्कर्म का आरोपी दबोचा

**फतेहपुर।** असोथर पुलिस ने गाजीपुर कस्बे के सोनारन मोहल्ला निवासी राहुल सिंह पुत्र अजय कुमार सिंह के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। शनिवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी करते हुए कोर्ट में पेश किया है।

### खुदकुशी के लिए उकसाने में गिरफ्तार

**फतेहपुर।** हुसेनगंज पुलिस ने रायबरेली जनप के सरेनी थाना क्षेत्र के भक्ता खेड़ा निवसी करन निषाद पुत्र रामप्रताप के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने की धाराओं में मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी थी। शनिवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

### पाक्सो एक्ट का आरोपी दबोचा

**फतेहपुर।** चांदपुर पुलिस ने कानपुर नगर के सजेती थाना क्षेत्र के चितौली गांव निवासी राकेश पुत्र बच्ची लाल के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। शनिवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी करते हुए कोर्ट में पेश किया है।

### दहेज प्रताड़ना में गिरफ्तार

**फतेहपुर।** थरियांव पुलिस ने नहवइया गांव निवासी पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र ज्ञान सिंह के खिलाफ दहेज प्रताड़ना के मामले में रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसके बाद पुलिस आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। शनिवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

### करंट से दो मवेशियों की मौत

**असोथर।** नगर पंचायत के किलापर निवासी केशराम ने बताया कि हाईटेंशन लाइन के तार जमीन से चार फीट ऊंचे लटक रहे थे। जिसकी चपेट में उसकी दो भैंसें आ गईं। जब तक कोई कुछ करता उससे पहले दोनों भैंसों की मौत हो चुकी थी। केशराम ने बिजली विभाग की लापरवाही को बताते हुए स्थानीय थाने में तहरीर दी और विभाग पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। वहीं पशु चिकित्सा प्रभारी प्रदीप गुप्ता ने मौके पर पहुंच कर भैसों का पोस्टमार्टम किया है।


सड़क किनारे फुटपाथ पर बिखरी पड़ी निर्माण समाग्री। अमृत विचार

### यातायात में ब्रेक लगा रहा सड़कों पर फैला अतिक्रमण

**फतेहपुर।** शहर के प्रमुख मार्गो में आए दिन लगने वाले जाम के झाम से शहरियों को निजात नहीं मिल पा रही है। जाम लगने का एक बड़ा कारण यह भी है कि सड़कों के किनारे फैली लोगों की निर्माण सामग्री एवं दुकानदारों का अस्थाई अतिक्रमण है। अभी हाल ही में नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया लेकिन खानापूर्ति ही निभाई गई। शहर के ज्वालागंज से लेकर आबूनगर, हरिहरगंज से लेकर ज्वालागंज, बाकरगंज, राधानगर, बिंदकी बस स्टाप आदि प्रमुख मार्गो में हर घंटे जाम की स्थिति रहती है। जिसमें स्कूली बच्चे एवं मरीजों की एम्बुलेंस भी फंसती नजर आती है। जिससे उमस भरी गर्मी में लोगों को पसीना बहाने को मजबूर होना पड़ता है। शनिवार को भी कई प्रमुख मार्गो में जाम की स्थिति रही। आईटीआई रोड में सड़क के पुटपाथ में फैली मोरंग-गिट्टी, वर्मा तिराहे से हरिहरगंज वाले मार्ग में कई स्थानों में पड़ी निर्माण सामग्री यातायात में ब्रेक लगाती नजर आई। इसके अलावा बाकरगंज, चौक बाजार, राधानगर आदि बाजारों में दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर सड़क तक सामान रख देने से लोगों के आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बीते सप्ताह में नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के पीरनपुर समेत कई स्थानों में अतिक्रमण हटाया गया। लेकिन कुछ ही दिन बाद अभियान पर विराम लग गया। यह समस्या फिलहाल टलती नहीं दिख रही है। हालांकि कोशिशें लगातार की जा रही हैं।

# सड़क हादसों में आधा दर्जन लोग घायल

संवाददाता, बिंदकी

**अमृत विचार।** कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के बसंती खेड़ा मोड़ के पास बाइक की टक्कर से दो अलग-अलग साइकिल में सवार गरीबे और राम भूषण निवासी जाफराबाद घायल हो गए। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले में परिजनों ने बताया कि घायल दोनों लोग बसंती खेड़ा गांव में काम करने गए थे और काम करने के बाद साइकिल से वापस अपने गांव जाफराबाद आ रहे थे।

इसी तरह थाना कल्यानपुर क्षेत्र के कोरसम गांव के पास दो बाइक की टक्कर में एक बाइक में सवार दीपू पुत्र चंद्रिका निवासी कोरसम थाना कल्यानपुर और सोनू पुत्र नंदलाल निवासी दूधी कगार थाना कल्यानपुर को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की में भर्ती कराया गया। इसी तरह जाफरगंज थाना क्षेत्र के पांडेपुर बंबा के पास पेट्रोल पंप के निकट बोलोरो गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार कुलदीप पुत्र शिव गोपाल निवासी देवरी बुजुर्ग थाना जाफरगंज घायल हो गए, जबकि इसी बाइक में सवार कुलदीप का बड़ा भाई चंद्रशेखर बाल-बाल बच गया। वहीं कोतवाली बिंदकी कस्बे के कुंवरपुर रोड आजाद नगर मोहल्ला के पास तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से नगर पालिका परिषद की महिला सफाई कर्मचारी प्रमिला देवी पत्नी स्व. छोट्टन निवासी मोहल्ला पैगंबरपुर कस्बा बिंदकी कोतवाली बिंदकी सफाई का काम करते समय घायल हो गई। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

## ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के भगौतापुर मोड़ के समीप अचानक ट्रैक्टर उछल जाने से चालक नीचे आ गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंचे परिजनों में शव देख कोहराम मच गया।

राधानगर थाना क्षेत्र के केवई गांव निवासी गोला यादव का पुत्र राधेश्याम उर्फ मुन्नू यादव अपना ट्रैक्टर लेकर बिंदकी मंडी में भाड़ा छोड़कर वापस आ रहा था जब वह भगौतापुर मोड़ के पास पहुंचा तभी अचानक गड्ढा आ जाने पर ट्रैक्टर का अगला टायर उठ गया और ट्रैक्टर पलट जाने से राधेश्याम की दबकर मौत हो गई। हादसे की जानकारी पर मौके पर परिजन पहुंचे और राधेश्याम को शव देख बिलख पड़े। परिजनों की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# थाने में थर्ड डिग्री देने के मामले में पुलिस की हो रही किरकिरी

अमृत विचार फॉलोअप

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** किशनपुर थाना क्षेत्र के नरौली गांव निवासी मुकेश निषाद व पड़ोसियों को पति पत्नी के विवाद में पुलिस ने थाने में लाकर थर्ड डिग्री का इस्तेमाल किया था। पुलिस की पिटाई से आहत लोगों ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक से मामले की शिकायत की थी। शिकायत के बाद पुलिस अधीक्षक ने जांच के निर्देश दिए थे। पुलिस की कार्यशैली अब विभाग की किरकिरी करा रही है। थाने पर तैनात थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह पर नरौली गांव निवासी मुकेश निषाद व उसके पडोसियो को हवालात में बंद कर बेरहमी से पीटने का आरोप लगा है। पुलिस की इस कार्यशैली की लोग घोर निन्दा कर रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि पूरी रात थानाध्यक्ष ने सभी को बारी बारी से जमकर पीटा और उनको पानी तक नहीं दिया। पूरी रात सभी लोग थाने में भूखे प्यासे पड़े रहे। सुबह सभी को छोड़ने के एवज मे दस-दस हजार की मोटी रकम भी ली गई। तब उन्हें वहां से छोड़ा गया। पीड़ितों की शिकायत के बाद मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक ने जांच के आदेश दिए।

### पूर्व में भी थानाध्यक्ष की पिटाई से हो चुकी मौत

इससे पूर्व राधानगर चौकी पर तैनाती के दौरान भी थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह पर युवक को बंधक बनाकर पीटने का आरोप लग चुका है। जिससे युवक की मौत हो गई थी। नहर कालोनी के रहने वाले मृतक सत्येन्द्र की मौत के बाद परिजनों ने दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही की मांग थी। कई दिनों तक पुलिस ने मृतक सत्येन्द्र के परिजनों पुलिस ने टहलाया भी था जांच में पुलिस हीलाहवाली कर रही थी। मामला विभागीय होने के कारण पुलिस बचाव में जुटी थी। परिजनों के पूर्व भाजपा विधायक विक्रम सिंह के बढ़ते तेवर को देखते हुए पुलिस को अस्थाई चौकी प्रभारी सुनील कुमार सिंह व चौकी प्रभारी विकास सिंह, देवेन्द्र सिंह पर बंधक बनाकर वसूली हत्या और एससी एसटी का मुकदमा दर्ज किया था। कुछ दिन बाद थानाध्यक्ष को किशनपुर की कमान सौंप दी गई। जिससे उनके तेवर आज भी वही है। विभागीय अफसर कार्यवाही के बदले बचाव के लिए रास्ता खोज रहे हैं।

मुसीबत — गर्भवती महिलाओं को एम्बुलेंस से अस्पताल तक जाना हुआ मुश्किल

# साढ़े पांच किमी मार्ग को उखाड़ा, बनाया नहीं

संवाददाता, हथगाम

**अमृत विचार।** छिवलहा से चम्पतपुर, सियाड़ी व कसमापुर तक सड़क मार्ग पर एम्बुलेंस सहित गर्भवती महिलाओं व जच्चा बच्चा के लिए साढ़े पांच किमी का सड़क मार्ग का सफर जान से खेलना साबित हो सकता है। पूरा मार्ग ध्वस्त पड़ा है और हर ओर धूल ही धूल के गुबार देखने को मिल रहे हैं।

छिवलहा-क्षेत्र के चम्पतपुर, सियाड़ी, तलकापुर कसमापुर तक सडक़ मार्ग में उखड़े बोल्डर के बीच एम्बुलेंस से गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक जाना मुस्किल हो रहा है। सड़क मार्ग पर उखड़े पड़े बोल्डर और उड़ते धूल के गुबार के बीच गर्भवती महिलाओं को अस्पताल जाने में परेशानी उठानी पड़ रही है। बता दें यह साढ़े पांच किमी का जर्जर मार्ग का निर्माण कार्य किया जाना हैं। जिसे कार्यदायी संस्था के ठेकेदार सुस्त रवैया अपनाते हुए करीब दस माह पूर्व कार्य शुरू किया था। सड़क मार्ग पर राहगीरों से लेकर एम्बुलेंस से गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक जाना मुश्किल है। यहां तक कि सड़क मार्ग पर वाहनों के निकलने से ग्रामीणों को धूल व मिट्टी उड़कर घरों में घुसने से परेशान हो रहे हैं।


एंबुलेंस के पीछे उड़ती धूल। अमृत विचार

### नौ माह पूर्व हुआ था शिलान्यास

सड़क मार्ग का शिलान्यास एक सितंबर 2023 को सांसद व केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने किया था। जिसे लेकर क्षेत्र में लोगों में खुशी थी लेकिन अभी तक मार्ग की स्थिति जस की तस बनी हुई है। बता दें कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-3 बैच-2 के तहत एन एएजे रोड से तलकापुर मार्ग का एफडीआर तकनीक द्वारा चौडीकरण एवं उच्चीकरण कार्य वर्ष 2021-2022 को साढ़े पांच किमी के मार्ग के लिए 378.94 लाख रुपये से बनना था। बता दें कि कार्यदायी संस्था ने इस सड़क मार्ग को जेसीबी मशीन द्वारा उखाड़ दिया और लावारिश छोड़ दिया।



प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-3 बैच-2 का लगा बोर्ड।

# युवती समेत चार लोगों ने फांसी लगा दी जान

संवाददाता फतेहपुर

- सुल्तानपुर घोष, खखरेरू और राधानगर थाना क्षेत्र में हुई घटनाएं

**अमृत विचार।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में एक युवती समेत चार लोगों ने फांसी लगाकर जान दे दी।

सुल्तानपुर घोष थाना के सरौली गांव निवासी गोविंद की 20 वर्षीय बेटी सपना देवी ने दोपहर घर के कमरे में फांसी लगा जान दे दी। मां घर के बाहर काम कर रही थी। कुछ देर बाद अंदर पहुंची तो बेटी को फांसी पर लटका देख चीख पड़ी। सपना की मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टामर्टम के लिए भेजा। वहीं खखरेरु थाना के अंजना कबीर में एक 18 वर्षीय युवती ने प्रेमी की मारपीट से छुब्ध होकर जान दे दी। परिजनों ने बताया कि गांव के ही एक लड़के ने बेटी को शुक्रवार सुबह पीटा था। उसी से छुब्ध हो उसने जान दे दी। पुलिस ने आरोपी मोनू के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। वहीं खखरेरू थाना क्षेत्र के अंजना कबीर गांव निवासी लखन की पुत्री मधु देवी ने फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों ने बताया कि घर वालों ने उसकी शादी तय कर दी थी। इसी से नाराज हाकर उसने फांसी लगाकर जान दे दी। जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। राधानगर थाना क्षेत्र के त्रिलोकीपुर गांव निवासी रमेश रैदास की पत्नी सावित्री देवी ने शुक्रवार की रात घरेलू कलह के चलते घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के भाई सुनील कुमार ने बताया कि उसका बहनोई आए दिन मारता-पीटता था।

# हीटवेब का असर, अस्पतालों में बढ़े हीट स्ट्रोक के मरीज

## उल्टी-दस्त के मरीज अधिक, ओपीडी में लगी मरीजों की कतार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



जिला अस्पताल की ओपीडी में लगी मरीजों की लाइन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मौसम की बेरुखी अब लोगों की जिंदगी पर भी भारी पड़ने लगी है। पिछले कई दिनों से चल रही हीटवेब का असर अस्पतालों में देखने को मिला रहा है। प्रतिदिन ओपीडी में 90 फीसदी मरीज हीटस्ट्रोक के आ रहे हैं, जिनमें अधिकांश उल्टी-दस्त (डायरिया) के शिकार हैं तो कई ऐसे हैं जो त्वचा की खुजली एवं दानों से परेशान हैं। डॉक्टरों का कहना है कि अधिक देर तक धूप में रहने के कारण त्वचा खराब हो रही है।

शनिवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की लंबी कतार लगी थी। वहीं, इमरजेंसी वार्ड में भी मरीजों की भीड़ थी। इनमें से अधिकांश मरीज हीटस्ट्रोक के थे, जिनमें डिहाइड्रेशन, घबराहट, बेचैनी, हाई या लो ब्लड प्रेशर के साथ उल्टी-दस्त (डायरिया) से पीड़ित थे। इसके अलावा त्वचा पर दाने और खुजली के भी मरीज आए थे। अस्पताल के कर्मचारियों का कहना था कि प्रतिदिन ओपीडी में करीब 200 से अधिक मरीज पंजीकृत होते हैं, जिनमें 90 प्रतिशत हीटस्ट्रोक का शिकार हैं। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं वरिष्ठ त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. शक्ति बसु ने बताया

- तेज धूप से त्वचा पर भी पड़ रहे दाने, महिलाएं और बच्चे भी परेशान

कि इस समय सूर्य की किरणें सीधी पृथ्वी पर पड़ रहीं हैं। ऐसे में ज्यादा देर धूप में रहने से त्वचा की ऊपरी परत जल जाती है। इससे दाने पड़ जाते हैं, स्थानीय भाषा में इन्हें घमौरियां भी कहा जाता है। इसके अलावा शरीर से जो पसीना निकलता है, वह धूप के प्रभाव से सूख जाता है। ऐसे में त्वचा में एलर्जी हो जाती है, जिससे खुजली होने लगती है। इस तरह के लक्षण दिखने पर तत्काल चिकित्सक से परामर्श करना चाहिए।

### ------------ डॉक्टरों की सलाह ------------

#### गर्मी में फूड प्वाइजनिंग से बचें



गर्मी के मौसम में हमेशा ताजा भोजन खाना चाहिए। देर से रखा भोजन खराब हो जाता है और उसे खाने से फूड प्वाइजनिंग हो जाती है। इसके अलावा कटे फल या काफी देर से रखा जूस भी नहीं पीना चाहिए। गर्मी में बासी भोजन खाने से बचें। घबराहट, जी मिचलाना, उल्टी व दस्त होने पर तत्काल चिकित्सक से परामर्श करें। घर पर कोई भी उपचार नहीं करना चाहिए। **-डॉ. रवि शर्मा, वरिष्ठ परामर्शदाता, जिला अस्पताल**

#### डिहाइड्रेशन से बचने को पानी पियें



भीषण गर्मी के दौरान निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) से बचने के लिए खूब पानी पीयें। लगातार पसीना निकलने से शरीर में पानी की कमी हो जाती है और डिहाइड्रेशन से रोगी की मृत्यु भी हो सकती है। इससे शरीर के सभी अंगों में रक्त नहीं पहुंच पाता है। मस्तिष्क में रक्त न पहुंचने पर ब्रेन स्ट्रोक भी हो सकता है। खासकर एनीमिया पीड़ित रोगियों को विशेष ध्यान रखना चाहिए। **-डॉ. विभांशु चतुर्वेदी, हीमैटोलॉजिस्ट, जिला अस्पताल**

# नौतपा : पहले दिन तापमान 43.5 डिग्री

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- न्यूनतम तापमान बढ़ने से गर्मी के साथ रही उमस व बेचैनी
- भीषण गर्मी में बिजली भी करती रही आंख-मिचौली

**अमृत विचार।** नौतपा के पहले दिन ही अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया और दिन भर लू चलने से लोग परेशान रहे। वहीं, भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मर ओवरहीट हो गए, जिससे बिजली की आंख-मिचौली का क्रम दिन भर चलता रहा। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले दिनों में तापमान 45 डिग्री से अधिक पहुंच सकता है।

शनिवार को दिन का अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री रिकार्ड किया गया। हवा में नमी की मात्रा भी 52 प्रतिशत रही, जिससे लोग उमस से परेशान रहे। तापमान अधिक होने के कारण पक्के मकान भट्ठियों की तरह तप रहे थे। ऊपर से बिजली की बार-बार आवाजाही के कारण लोग छायादार स्थानों पर या घरों के बाहर टहलते नजर आए।

कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरेंद्र कुमार ने बताया कि 25 मई से नौतपा शुरू हो गया है। आगामी दो जून तक दिन का अधिकतम तापमान 45 डिग्री से अधिक तक पहुंच सकता है। उत्तर-पश्चिम दिशा से आ रही हवाओं के कारण 10-12 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से लू चल रही है। तापमान का फसलों पर भी प्रभाव पड़ रहा है।



छिबरामऊ के उपकेंद्र में ट्रांसफार्मर पर पानी डालकर ठंडा करते कर्मचारी।

#### पानी की बौछार से ठंडे किए जा रहे ट्रांसफार्मर

वातावरण का तापमान अधिक होने से विद्युत उपकेंद्रों में लगे हाईपॉवर स्टेप डाउन ट्रांसफार्मर भी ओवरहीट हो रहे हैं, जिन्हें पानी की बौछार से ठंडा किया जा रहा है। 60 डिग्री सेल्सियस तापमान होते ही ट्रांसफार्मर ट्रिप कर जाता है, जिससे बिजली चली जाती है। ट्रांसफार्मरों को फुंकने से बचाने के लिए उनके ऊपर पानी की बौछार की जा रही है तो रेडिएटरों पर पानी से भीगे बोरे डालकर तापमान सामान्य किया जा रहा है। 10 एमवीए से लेकर 63 एमवीए क्षमता वाले ट्रांसफार्मरों के रेडिएटरों के पास कूलर और पंखे लगाए गए हैं।

उच्च क्षमता के सभी ट्रांसफार्मरों में ऑटोमेटिक ब्रेकर लगाए गए हैं जो ओवरहीट होते ही ट्रिप कर जाते हैं। इससे दिन में कई बार ट्रिपिंग होना स्वाभाविक है। करोड़ों रुपये कीमत के ट्रांसफार्मरों को फुंकने से बचाने के लिए पानी से ठंडा करना पड़ता है। शाम के समय जब वातावरण का तापमान कम होता है, तभी आपूर्ति सही चल पाती है।

**-अखिलेश कुमार, अवर अभियंता, पॉवर ट्रांसमिशन**

# बेजुबानों का भी हाल हुआ खराब, सड़कों पर सन्नाटा



हैंडपंप के पानी से गला तर करने का प्रयास करता गोवंश। अमृत विचार

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शनिवार का दिन लोगों के लिए ही नहीं बल्कि पशु पक्षियों के लिए भी बेहद संकट भरा रहा। लगातार बढ़ रही गर्मी के बीच नगर व क्षेत्र के सैकड़ों हैंडपंप सूखे हैं जिससे लोगों के लिए पेयजल समस्या खड़ी हो गई है। बेजुबान भी पानी की तलाश में भटकते नजर आते हैं। शनिवार को एक व्यक्ति ने हैंडपंप चलाया तो गोवंश भी आस में पहुंच गया और किसी तरह से गिरते पानी से गला तर करने का प्रयास करते दिखाई दिया। नागरिकों का कहना है कि भीषण गर्मी ने सभी को परेशान कर रखा है। तालाबों व गड्ढों में भरा पानी पीकर गर्मी से राहत पाने का प्रयास कर रहे पशु पक्षियों पर भी गर्मी भारी पड़ रही है। अब तो लोग मानसून का इंतजार कर रहे हैं।

# पारा 44 पार...हर गली-मोहल्ले पानी को लेकर हाहाकार

पड़ताल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** इन दिनों पारा 44 पार हो गया है। नौ तपा का असर दो जून तक रहेगा। इधर, इंडिया मार्का हैंडपंप महीनों से खराब चल रहे हैं। जलस्तर नीचे जाने से पेयजल की समस्या और गंभीर हो गई है। अफसर-कर्मियों को पानी की दिक्कतें दिखाई नहीं दे रहीं हैं। इससे करीब तीन हजार हैंडपंप खुद पानी मांग रहे हैं।

जनपद में मार्च के बाद से ही पेयजल की मुश्किलें बढ़ने लगीं थीं। उस दौरान ध्यान नहीं दिया गया। इस वजह से कई स्थानों पर अब तक पानी की समस्या हल नहीं हो सकी है। वर्तमान में गर्मी अधिक पड़ रही है, जिससे समस्या सुलझती नहीं दिख रही। नागरिकों का कहना है कि अब नए हैंडपंप तो जल्द लगने से रहे, लेकिन पुराने भी मरम्मत या रिबोर नहीं किए जा रहे हैं। तपती गर्मी में हैंडपंपों के हलक खुद सूख रहे हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक करीब 36 हजार हैंडपंप ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में लगे हैं। इसमें वर्ष 2024-25 में 838 रीबोर और 1607 मरम्मत होने हैं। पंचायती राज कार्यालय का दावा है कि अप्रैल में लक्ष्य के मुताबिक 228 हैंडपंप रीबोर कराए जा चुके हैं। 398 हैंडपंपों की मरम्मत हो गई है।



तिर्वा के मोहल्ला दुर्गानगर में आर्यावर्त बैंक शाखा के निकट खराब हैंडपंप।



कन्नौज में तिर्वा क्रॉसिंग के निकट लगे दो खराब इंडिया मार्का हैंडपंप।



शहर के मकरंदनगर चौकी के निकट खराब हैंडपंप पर पाथे गए कंडे।

- अफसर-कर्मी नहीं दे रहे ध्यान, गांव व कस्बों में दिक्कतें अधिक

#### आठ निकायों में भी समस्या

कन्नौज शहर समेत गुरसहायगंज व छिबरामऊ नगर पालिका परिषद क्षेत्र हैं। साथ ही समधन, सिकंदरपुर, तालग्राम, सौरिख व तिर्वागंज नगर पंचायतें हैं। यहां भी काफी तादाद में हैंडपंप पानी नहीं दे रहे हैं। फुटपाथ पर दुकानें लगाने वाले लोगों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

#### विकास खंडवार हैंडपंप व रीबोर, मरम्मत योग्य आंकड़ा

| ब्लॉक | कुल हैंडपंप | रीबोर होने | मरम्मत योग्य |
|---|---|---|---|
| कन्नौज | 4445 | 121 | 188 |
| उमर्दा | 6480 | 158 | 275 |
| तालग्राम | 5765 | 99 | 168 |
| सौरिख | 3248 | 124 | 387 |
| छिबरामऊ | 6556 | 155 | 280 |
| गुगरापुर | 2682 | 45 | 81 |
| हसेरन | 3253 | 72 | 123 |
| जलालाबाद | 3420 | 64 | 105 |

#### फर्जी निस्तारण बनता है दिक्कत

पेयजल के लिए जनता दरबार, आईजीआरएस व मुख्यमंत्री हेल्पलाइन आदि के जरिए शिकायतें आती हैं। ज्यादातर समस्याओं का निस्तारण संबंधित कर्मचारी गलत आख्या लगाकर कर देते हैं। इससे आंकड़े तो दुरुस्त हो जाते हैं लेकिन समस्या बनी रहती है। पूर्व में ब्लॉक गुगरापुर क्षेत्र के चांदापुर में ग्राम पंचायत सचिव अश्वनी ने गलत आख्या लगाकर कागजों में हैंडपंप दुरुस्त कर दिया था। कुछ अन्य भी ऐसे उदाहरण रहे हैं।

शहर और जिले में कितने हैंडपंप हैं जिनको सुधारा जाना है इसकी ठीक-ठीक संख्या तो नहीं बता सकते लेकिन फिलहाल एक आदेश जारी किया है। इसके तहत किसी भी विभाग या किसी भी कोटे से लगे हैंडपंप में सुधार या रीबोर की जरूरत है उसे ठीक कराया जाएगा। शिकायत आने पर यह काम शुरू भी कर दिया गया है।

**– श्यामेंद्र मोहन चौधरी, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका, कन्नौज**

# मतगणनाकार्मिकों को भी परिचय पत्र के बिना नहीं मिलेगा प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा क्षेत्र कन्नौज का चुनाव 13 मई को हुआ था। मतगणना चार जून को कराई जाएगी। इसके लिए मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक व मतगणना माइक्रो आब्जर्वर और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की ड्यूटी लग गई है। विकास भवन से शनिवार को विभागों के लिए ड्यूटियां पहुंच गईं। 28 मई को पहले व तीन जून को दूसरे चरण का प्रशिक्षण मिलेगा। यहां से संबंधित मतगणनाकार्मिकों को ड्यूटी प्राप्त कराई जा रही हैं। बिना परिचय पत्र के मतगणना स्थल पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

सीडीओ रामकृपाल चौधरी ने बताया कि पहला प्रशिक्षण 28 मई को सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक चलेगा। दूसरी पाली का प्रशिक्षण दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक होगा। दूसरे चरण की ट्रेनिंग दो पालियों में ही मतगणना से एक दिन पहले तीन जून को होगी। इससे पहले 27 मई को मतपत्र गिनने वाले कार्मिकों को पहले चरण का और दूसरे चरण की ट्रेनिंग एक जून को दी जाएगी। बताया गया है कि परिचय पत्र के लिए मतगणनाकार्मिकों को प्रशिक्षण के दौरान दो-दो फोटो देनी होंगी। मतगणना वाले दिन अधिकारी व कर्मचारी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की अनुमति से ही पंडाल छोड़ेंगे। ड्यूटी पत्र में बताया गया है कि दूसरी ड्यूटी में पता लगेगा कि किस विधानसभा क्षेत्र में संबंधित कार्मिकों को मतगणना करनी होगी।

मतगणना वाले दिन सुबह छह बजे पता चलेगा कि कौन सी टेबल संख्या पर मतगणना करनी है। उसी के तहत पंडाल में पहुंचना होगा। चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों को प्रशिक्षण में प्रतिभाग नहीं करना है। हाजिरी लगाने के लिए 28 मई को पहुंचना होगा। इसी तरह तीन जून को कलक्ट्रेट सभागार में परिचय पत्र दिए जाएंगे। उसके लिए दो-दो फोटो देनी होगी।



विकास भवन सभागार में विभागवार ड्यूटी छांटते कर्मचारी। अमृत विचार

- मतगणना पर्यवेक्षक, सहायक व माइक्रो आब्जर्वर व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की ड्यूटी लगी

# बीमा के 9.90 लाख रुपये हड़पे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पति की हार्टअटैक से मौत के बाद ससुरालीजनों ने अविवाहित दर्शाकर किया खेल

**अमृत विचार।** पति की मौत के बाद ससुरालीजनों ने फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र बनवा लिया और अविवाहित दर्शाकर बीमा क्लेम के 9.90 लाख रुपये हड़प लिए। विधवा को घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर सदर कोतवाली में मामला दर्ज कराया है।

शहर के मकरंदनगर सिंहवाहिनी रोड निवासी सोनी गुप्ता पुत्री आलोक कुमार गुप्ता ने बताया कि उसकी शादी गोरखपुर के गोकुल कॉलोनी पुरदिलपुर निवासी कुनाल तुलस्यान के साथ 13 दिसंबर 2023 को हुई थी। छह जनवरी 2024 को वह पति के साथ मायके आई, जहां आठ जनवरी 2024 को पति की हार्टअटैक से जिला अस्पताल में मृत्यु हो गई। अंतिम संस्कार मायके में हुआ। इसके बाद 22 जनवरी 2024 को ससुरालीजनों ने उसे मायके भेज दिया। उसके ससुर अजय तुलस्यान, चचिया ससुर राजेश तुलस्यान, सास मंजू देवी व देवर नमन ने उसके पति का गोरखपुर नगर निगम से फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र बनवा लिया और अविवाहित दर्शाकर बीमा क्लेम के 9.90 लाख रुपये हड़प लिए। इसके अलावा शेयर मार्केट के छह लाख रुपये देवर ने अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए। उसका माल जेवर भी हड़प लिया और उसे ससुराल आने भी नहीं दे रहे हैं। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज हुई है।

# गंगा में डूबे युवक का मिला शव

**कन्नौज।** शनिवार को सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत दुर्जनापुर घाट पर गंगा के पानी में एक युवक का शव उतराता हुआ मिला। घाट पर मौजूद लोगों ने पुलिस को जानकारी दी, जिस पर मानीमऊ चौकी प्रभारी अमित पोरवाल मौके पर पहुंचे और गोताखोरों की मदद से शव को पानी से बाहर निकलवाया। युवक की शिनाख्त तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के महतेपुरवा निवासी 22 वर्षीय जगदंबिका दुबे पुत्र आलोक दुबे के रूप में हुई।

# बच्ची से चचेरे भाई ने किया दुष्कर्म

**तिर्वा-कन्नौज।** खेत पर गई बच्ची को टॉफी का लालच देकर बहला फुसलाकर चचेरे भाई ने दुष्कर्म किया। बच्ची को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से कानपुर रेफर कर दिया गया। एएसपी ने बताया कि मामले में पीड़िता की मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उधर एसओ किशन पाल तहरीर नहीं मिलने की बात कह रहे हैं।

थाना ठठिया क्षेत्र के गांव निवासी छह साल की बच्ची अपनी दादी के साथ शनिवार की दोपहर करीब एक बजे खेत पर गई थी। वहां पहले से घात लगाए बैठा एक किशोर उसे बहला फुसलाकर एकांत जगह पर ले गया। इसके बाद उसके साथ दुष्कर्म कर मौके से फरार हो गया। पीड़िता की हालत बिगड़ गई। उसने पूरी बात अपनी दादी को बताई। दादी ने पुलिस को सूचना दी। बच्ची की मां ने ठठिया थाने पर तहरीर दी। एएसपी संसार सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी कर ली गई है।

समस्या | समाज कल्याण विभाग से बीडीओ व ईओ के पास जाएगी सूची, जरूरतमंदों के लिए वृद्धावस्था पेंशन के आवेदन कराए जाएंगे

# फैमिली आईडी से तलाशे गए 3900 बुजुर्गों को मिलेगी पेंशन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद में फैमिली आईडी कार्ड बनाए जाने की प्रक्रिया चल रही है। राशन कार्ड व आईडी से करीब 3900 ऐसे बुजुर्ग निकले हैं जिनको वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिल रही है। जल्द ही समाज कल्याण विभाग से ब्लॉक व नगर निकायों को सूची जाएगी। पात्रों के ऑनलाइन आवेदन कराए जाएंगे। जनसुविधा केंद्र व पंचायत सहायकों को इसकी जिम्मेदारी मिलेगी।

फैमिली आईडी कार्ड से सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिलेगा। यह कार्ड प्रत्येक परिवार के लिए विशिष्ट पहचान के लिए जारी किया जाएगा। शुक्रवार को डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में कहा कि जिन परिवारों के पास राशन कार्ड नहीं हैं, उनके ही फैमिली आईकार्ड बनाए जाने हैं। कहा कि राशन कार्ड नंबर ही प्रदेश के नागरिकों का परिवार आईडी है।

यह आईडी बन जाने से पात्र को खोजने में कठिनाई नहीं होगी। इससे योजनाओं का लाभ आसानी से मिलेगा। डीएम ने सभी बीडीओ व ईओ से कहा कि फैमिली आईडी कार्ड बनवाने में सहयोग कराएं। जिनका राशन कार्ड नहीं बना है वह सभी अपना फैमिली आईडी कार्ड अवश्य बनवा लें। पेंशन सत्यापन का कार्य गुणवत्तापरक कराने के निर्देश भी दिए गए।

दूसरी ओर जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने बताया कि 60 साल से अधिक उम्र के लोगों की संख्या करीब तीन हजार 900 आई है। इनको पेंशन दिलाने के लिए आवेदन कराने के लिए बीडीओ व ईओ को पत्र व सूची जल्द भेजी जाएगी।



कलक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम शुभ्रान्त शुक्ल।

#### पेयजल के लिए कंट्रोल रूम बनाएं

ग्राम स्तर पर पेयजल से संबंधित कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। जो हैंडपंप रिबोर होने योग्य हैं उन्हे तत्काल रिबोर करवाया जाए। पेयजल के लिए कंट्रोल रूम बनाए जाएं। कहा कि जल जीवन मिशन की स्कीम पूरी हो रही है। गांव वालों से बातचीत करके उनके हिसाब से पानी सप्लाई करें, पानी बर्बाद नहीं होना चाहिए। 120 ग्राम पंचायतों में पानी की टंकी बन गई हैं वहां पेयजल पहुंच गया है। संचालन के लिए प्रधानों का मार्गदर्शन करना है। हीट वेव से बचाव के लिए जागरुकता कार्यक्रम किए जाएं। रोगियों को समय से इलाज मिले। लखपति दीदी योजना की प्रगति में सुधार लाने के निर्देश भी उन्होंने दिए। इस मौके पर सीडीओ रामकृपाल चौधरी, सीएमओ डॉ. विनोद कुमार, डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी, डीसी एनआरएलएम राजकुमार लोधी, डीसी मनरेगा दयाराम यादव, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय मौजूद रहे।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
सूचित हो कि मैंने अपना नाम अरूण प्रकाश से बदलकर अरुण प्रकाश गुप्ता रख लिया है भविष्य में मुझे अरुण प्रकाश गुप्ता के नाम से जाना जाए। **–अरुण प्रकाश गुप्ता पुत्र रामसरन, निवासी–मकान सं– 778, ग्राम व पोस्ट ठठिया, कन्नौज**

सूचना
सूचित हो कि मैं **गुड्डी साहू पत्नी स्व: श्री उमा शंकर साहू, निवासी–काजीपुरा, जनपद बहराइच** की मूल निवासनी हूँ। मेरी पुत्री तनु साहू जिसकी आयु लगभग २४ वर्ष है। जो कि दिनांक 10/10/2013 से लापता है। बहुत खोजने के पश्चात् भी नहीं मिली है। जिसको गुम हुये 11 वर्ष बीत चुके है।

सूचना
सूचित करना है कि भारतीय जीवन बीमा निगम में मेरे पति की पालिसी संख्या 236638695 नामिनी के तौर पर मेरा नाम रामावती तिवारी दर्ज है, जबकि आधार, बैंक व वोटर कार्ड में मेरा नाम जानकी देवी दर्ज है। रामावती तिवारी व जानकी देवी दोनों मेरे ही नाम हैं। **–रामावती तिवारी उर्फ जानकीदेवी पत्नी स्व जगन्नाथ बेलसर जिला गोंडा।**

प्लाट बिकाऊ है
26×100=2600 sqfit हाइवे से 150 metar अन्दर काली सड़क पर पानी बिजली व्यवस्था है।
**पता : रानी बाजार सूबेदार का पुरवा, अमौना जिला– अयोध्या**
**मो0नम्बर = 9721860359**
9415548728

सूचना
सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट L 3407463 में मेरा नाम **मोहम्मद मजीद कौड़िया बाजार जामा मस्जिद गोंडा** एवं जन्मतिथि 10–09–1971 गलत अंकित है मेरे आधार में अंकित नाम माजिद अली पुत्र मोहम्मद अली 33 का जेल पीछे तोपखाना छावनी सरकार गोंडा सही है।

सूचना
सूचित हो कि मैं ANWAR AHMAD SIDDIQUI पुत्र WAQAR AHMAD **निवासी:– 504/89, बरौलिया, टैगोर मार्ग, डालीगंज, लखनऊ** का हूँ, मैंने अपना नाम ANWAR AHMAD से बदलकर ANWAR AHMAD SIDDIQUI रख लिया हैं, आज से मुझे ANWAR AHMAD SIDDIQUI के नाम से जाना व पहचाना जाये

सूचना
सूचित हो कि मैं **सुनीत कुमार गुप्ता उर्फ सुनील कुमार गुप्ता पुत्र स्वर्गीय श्री बद्री प्रसाद गुप्ता, निवासी– शंकरपुर सराय, जिला–उन्नाव** का स्थाई निवासी हूं मेरा नाम सुनीत कुमार गुप्ता है मेरे सारे आवश्यक प्रपत्र इसी नाम से हैं अत: मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं की सुनीत कुमार गुप्ता उर्फ सुनील कुमार गुप्ता एक ही व्यक्ति हैं इसलिए मुझे सुनीत कुमार गुप्ता के नाम से जाना जाए

# अनियंत्रित बस खाई में गिरी, 14 घायल

## एक्सप्रेस वे पर तड़के हुआ हादसा, पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस में फंसी सवारियों को निकाला बाहर

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

**अमृत विचार।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर अनियंत्रित स्लीपर बस ट्रक से टकराते हुए खाई में जा गिरी। हादसा होते ही चीखपुकार मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू कर सभी को बाहर निकाला। 14 गंभीर घायलों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। क्षतिग्रस्त हुई बस को क्रेन की सहायता से हटवाकर मार्ग साफ कराया गया।

शनिवार को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे होते हुए एक स्लीपर बस आजमगढ़ से दिल्ली जा रही थी। बस में गोरखपुर, आजमगढ, आगरा, दिल्ली समेत अन्य जगहों के करीब 40 यात्री सवार थे। तड़के चार बजे के करीब बस जैसे ही ठठिया थाना क्षेत्र के 203 किलोमीटर पर पहुंची तो चालक को झपकी आ गई जिससे वह स्टेयरिंग से नियंत्रण खो बैठा।

इसके बाद बस आगे चल रहे मक्का लदे ट्रक में टकराते हुए अनियंत्रित होकर एक्सप्रेसवे की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे खाई में जा गिरी। हादसा होते ही सवार यात्रियों में चीखपुकार मच गई। वहां से गुजर रहे वाहन चालकों ने घटना की सूचना पुलिस व यूपीडा को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बस सवार लोगों का बाहर निकाला। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए आजयगढ़ के फूलपुर गांव निवासी पती सिंह पुत्र हरी सिंह, फिरोजाबाद के सेखूपुर निवासी भूनेश्वर कुमार पुत्र शेर सिंह, गोरखपुर के बडहलगंज निवासी विक्रम पुत्र इंद्रजीत, आगरा के हनेरा निवासी रमेश पुत्र बदन, दिल्ली के सुल्तानपुर निवासी सुरेश कुमार पुत्र मुनेराम गुप्ता, सुल्तानपुर निवासी सरोज पत्नी सुरेश कुमार, आजमगढ़ के न्यू सब्जी मंडी निवासी इंद्रकला पत्नी रणविजय, रितिका पुत्री रणविजय, बदायूं निवासी नारेंद्र पुत्र सत्यप्रकाश, आजमगढ़ के निबू आरेसा निवासी अजय पुत्र रामबालक, जानकी पत्नी रामबालक , अर्जुन पुत्र रणविजय, सुल्तानपुर निवासी संजीव गुप्ता पुत्र सुरेश गुप्ता, सुल्तानपुर राजपट्टी निवासी हीरापति पत्नी रामनायक सिंह को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। घटना के बाद क्रेन से क्षतिग्रस्त बस को निकलवाकर थाने पहुंचा दिया गया। यात्रियों ने बताया कि रात का तीसरा पहर बीतने के बाद चालक को झपकी आने से बस बहकने लगी थी। इस पर यात्रियों ने ठीक से चलाने को लेकर चेतावनी भी दी थी। कुछ ही देर बाद हादसा हो गया।


हादसे में बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई स्लीपर बस। अमृत विचार


मेडिकल कॉलेज में घायलों को देखते प्राचार्य डॉ. सीपी पाल व अन्य डॉक्टर।


मेडिकल कॉलेज में भर्ती घायल सवारियां। अमृत विचार

● क्षतिग्रस्त हुई बस को क्रेन से हटाया गया

### घायलों के इलाज में डॉक्टरों के साथ प्राचार्य भी लगे

■ एक्सप्रेस वे पर हादसे में घायल हुए बस यात्रियों के अचानक इमरजेंसी वार्ड में पहुंचने की जानकारी मिलते ही प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने आर्थो विभाग व मेडिसिन विभाग के सभी डॉक्टरो के साथ पहुंच कर घायलों का एक्सरा कराकर सभी का इलाज शुरू कराया।


प्लांट में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

## काऊ मिल्क प्लांट परिसर में लगी आग

**तिर्वा, कन्नौज।** कई महीनों से बंद पड़े काऊ मिल्क प्लांट परिसर के अंदर खड़ी झाड़ियों में आग लग गई। आग देखकर हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया जिससे बड़ा हादसा टल गया।

पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए उमर्दा कस्बा के पास काऊ मिल्क प्लांट खोला गया था। यहां हजारों लीटर दूध रोज आता था। दूध की पैकिंग के साथ घी, मट्ठा, पनीर का निर्माण किया जाता था। बजट के अभाव में प्लांट को महीनों पहले बंद कर दिया गया। यहां लगी करोड़ों रुपये की मशीन धूल फांक रही है। प्लांट की देखरेख न होने से खाली पड़े परिसर मे बड़ी-बड़ी झाड़ियां हो गईं। शनिवार की सुबह इन झाड़ियों में आग लग गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने मशकत कर आग बुझाई। आग पूरे परिसर में फ़ैल चुकी थी लेकिन गनीमत रही कि मशीनों तक नहीं पहुंच पाई। वहां मौजूद सुरक्षा कर्मी बिजली के शार्ट सर्किट से आग लगने की बात कर रहे हैं जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि ज़ब आग लगी थी तो उस समय बिजली नहीं आ रही थी। लोगों ने गार्ड की लापरवाही के चलते ही आग लगने की आंशका जताई है।

● मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर पाया काबू

स्थानीय लोगों का कहना है कि प्लांट का गार्ड किसी को भी वहां जाने नहीं देता है। आसपास कोई रहता भी नहीं है। आशंका जताई है कि कर्मचारी धूम्रपान कर रहे होंगे, लापरवाही से आग लग गई।

## ब्रह्माण्ड के प्रथम संवाद वाहक थे नारद मुनि

**गुरसहायगंज।** पुराणों के अनुसार हर वर्ष ज्येष्ठ महीने की कृष्णपक्ष प्रतिपदा को नारद जयंती मनाई जाती है। नारद मुनि हिन्दू शास्त्रों के अनुसार, ब्रह्मा के सात मानस पुत्रों में से एक हैं। शास्त्रों में इन्हें भगवान का मन कहा गया है। इसी कारण सभी युगों, सब लोकों में, समस्त विद्याओं, समाज के सभी वर्गों में इनका सदा से प्रवेश रहा है।

यह विचार नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर स्थित श्रीमती राधा देवी आदर्श उ.मा. विद्यालय में प्रधानाचार्य बलराम त्रिपाठी ने महर्षि नारद जन्मोत्सव पर आयोजित गोष्ठी में व्यक्त किए। कहा कि देवर्षि नारद वेद और उपनिषदों के मर्मज्ञ, देवताओं के पूज्य, इतिहास-पुराणों के विशेषज्ञ, पूर्व कल्पों (अतीत) की बातों को जानने वाले हैं। देवर्षि नारद को वेदों के संदेशवाहक और देवताओं के संवाद वाहक के रूप में भी चित्रित किया गया है। वे देवताओं और मनुष्यों में कलह के बीज बोने से कलिप्रिय अथवा कलहप्रिय कहलाते हैं। मान्यता के अनुसार वीणा का आविष्कार भी नारद ने ही किया था। नारद, देवताओं के ऋषि हैं। इसी कारण नारद जी को देवर्षि नाम से भी पुकारा जाता हैं।

## गौशालाओं में देखे गर्मी से बचाव के इंतजाम

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** शनिवार की दोपहर लगभग एक बजे उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी स्वास्थ्य डॉ. सारिका ने उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल भास्कर के साथ नगर पालिका परिसर स्थित अस्थाई गौशाला, ग्राम खांडेद्रेवर व डुंडवाबुजुर्ग स्थित गोशाला का स्थलीय निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत जांच कर कर्मियों को निर्देश दिए।

उन्होंने गोशालाओं में भीषण गर्मी के मौसम में भूसा, दाना, पानी की उपलब्धता परखी और गोवंशों को गर्मी से बचाव की व्यवस्था का निरीक्षण किया। इसमें गोशालाओं में कूलर व पंखे लगे पाए गए। टिन शेड के ऊपर पानी से भीगी हुई झाल पड़ी मिली। आग से बचाव को रेत से भरी हुई बाल्टी तथा दीवारों पर फायर ब्रिगेड का नंबर लिखा मिला। उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी स्वास्थ्य ने गौशाला इंचार्जो को भीषण गर्मी से बचाव के प्रबंध रखने सहित दाना, भूसा, पानी, छाया आदि की व्यवस्था सुदृढ रखने के निर्देश दिए। कहा कि गोवंशों की जांच नियमित रूप से कराई जाए। पशु चिकित्सक को भी नियमित भ्रमण कर गोवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान गोशालाओं में डॉ. अजीत यादव, गौशाला इंचार्ज गौरव मिश्रा, सचिव शिवम् पाठक, पैरावेट उबैस, केयर टेकर रमेश चंद्र, उधन सिंह आदि रहे।


गुरसहायगंज गौशाला का निरीक्षण करतीं डॉ. सारिका। अमृत विचार

● उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी स्वास्थ्य ने किया तीन गौशालाओं का निरीक्षण

## मकान निर्माण को लेकर मारपीट

**तिर्वा, कन्नौज।** मकान का लिंटर डालने का विरोध कर रहे दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

थाना ठठिया के औसेर गांव निवासी कप्तान अली पुत्र शान अली ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में उल्लेख किया कि 14 मई को वह अपने मकान में लिंटर डाल रहा था। तभी परिवार के ही सरताज अली, अरमान अली, मुस्तरी बेगम, रूबी, नसरीन बेगम ने लिंटर डालने का विरोध करते हुए गालीगलौज शुरू कर दी। जब विरोध किया तो सभी ने मिलकर मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## सिखों के धर्मस्थल हेमकुंड साहिब के कपाट खुले

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार।** विश्व प्रसिद्ध गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब के कपाट शनिवार को श्रद्धालुओं के लिए विधिवत अरदास के साथ खोल दिए गए। पंच प्यारों की अगुवाई में श्रद्धालुओं का पहला जत्था धाम पहुंचा। कपाट खुलने के शुभ अवसर पर लगभग दो हजार संगतों की उपस्थिति रही।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने 22 मई को ऋषिकेश गुरुद्वारे से धार्मिक अनुयायियों के साथ मिलकर जत्थे को रवाना किया था। गोबिंद धाम (घांघरिया) से आज सुबह रवाना हुए पंज प्यारों की अगुवाई में जत्थे ने ''जो बोले सो निहाल'' के जयकारों व बैंड बाजों की धुनों के साथ कीर्तन करते हुए यात्रा के अंतिम पड़ाव श्री हेमकुंड साहिब पहुंचकर गुरु महाराज के श्री चरणों में अपनी हाजिरी भरी। प्रातःकाल से ही हजारों की संख्या में देश-विदेश से श्रद्धालु हेमकुंड साहिब पहुंचने लगे थे।

गुरुद्वारा प्रबंधक सरदार गुरनाम सिंह व मुख्य ग्रंथी भाई मिलाप सिंह द्वारा संगतों के साथ मिलकर प्रातः 9.30 बजे पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब के पावन स्वरूपों को सुखासन स्थल से दरबार साहिब में लाया गया। मुख्य ग्रंथी द्वारा प्रातः 10.15 बजे सुखमनी साहिब जी का पाठ किया गया। इसके पश्चात प्रातः 11.30 बजे से रागी जत्थों द्वारा गुरबाणी कीर्तन का गुणगान किया गया जिससे दरबार साहिब में उपस्थित संगतें निहाल हो गईं। साथ ही निशान साहिब जी के चोले की सेवा भी चलती रही। गुरुद्वारा परिसर व दरबार हाल को फूलों व अन्य साजो सामान से सजाया गया। भारतीय सेना के 418 इंडिपेंडेंट कोर के कर्नल विरेन्द्र ओला एवं ब्रिगेडियर एमएस ढिल्लो भी हेमकुंड साहिब में उपस्थित रहे। कपाट खुलने के पावन अवसर पर गुरुद्वारा ट्रस्ट के अध्यक्ष सरदार नरेन्द्रजीत सिंह बिंद्रा व गुरुद्वारा गोबिंद घाट के प्रबंधक सरदार सेवा सिंह भी मौजूद रहे। बिंद्रा ने कहा कि हेमकुंड साहिब में बर्फ अधिक है, इसलिए बुजुर्ग, छोटे बच्चे व बीमार व्यक्ति कुछ समय के लिए यात्रा पर आने से परहेज करें। सरकार ने कहा है कि यू-ट्यूबर व ब्लॉगर धार्मिक स्थलों पर वीडियोग्राफी या रील्स न बनाएं।

● पंच प्यारों की अगुवाई में धाम पहुंचा श्रद्धालुओं का पहला जत्था

● हेमकुंड साहिब में अभी भी जमी है बर्फ


हेमकुंड साहिब में कपाट खुलने के अवसर पर उपस्थित संगत। अमृत विचार

## प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को करें आवेदन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का लाभ उठा सकते हैं। जिले के तीनों तहसील क्षेत्र में कोचिंग चल रहीं हैं। इसमें निःशुल्क तैयारी कराई जा रही है। आवेदन के लिए 15 जून तक का मौका दिया गया है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने बताया है कि शिक्षण सत्र 2024-25 के लिए यूपीएससी, यूपीपीएससी, नीट, जेईई की कक्षाएं पीएसएम पीजी कॉलेज कन्नौज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा और प्रभात कुमार दुबे बालिका इंटर कॉलेज छिबरामऊ में चल रहीं हैं। निशुल्क सिविल सेवा व पीसीएस की परीक्षा के प्रशिक्षण को लेकर पात्रता स्नातक अंतिम वर्ष या स्नातक उत्तीर्ण छात्र अर्ह होंगे। जेईई, नीट के लिए कक्षा 11 व 12 में पढ़ने वाले अथवा विज्ञान वर्ग के छात्र पात्र होंगें। समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि निःशुल्क कोचिंग पढ़ने के लिए विकास भवन के कमरा नंबर नौ से आवेदन पत्र 15 जून तक जमा किया जा सकेगा।

● निःशुल्क कोचिंग के लिए 15 जून तक दे सकते फार्म

## आंगनबाड़ी केंद्रों में भी हो ग्रीष्मावकाश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में भी परिषदीय विद्यालयों की तरह ग्रीष्मावकाश किया, जिससे केंद्रों पर आने वाले छोटे-छोटे बच्चों को राहत मिल सके। इस संबंध में शनिवार को आगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका वेलफेयर एसोसिएशन ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट रामकेश को दिया है।

आगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका वेलफेयर एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष ममता मिश्रा ने बताया कि इस समय भीषण गर्मी हो रही है और हीटवेब चलने से लोग बीमार हो रहे हैं। परिषदीय विद्यालयों में एक माह का ग्रीष्मावकाश हो चुका है, जबकि अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र स्कूलों में ही संचालित हैं। गर्मी से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं समेत बच्चे भी परेशान हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में भी एक माह का ग्रीष्मावकाश किया जाए। इस दौरान सविता देवी, लक्ष्मी कुशवाहा सहित कई कार्यकत्रियां उपस्थित थीं।


अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापने देतीं आंगनबाड़ी जिलाध्यक्ष ममता मिश्रा। अमृत विचार

● आगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका वेलफेयर एसो. ने दिया ज्ञापन

## प्याज में जड़ की सड़न दूर करने की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी की ओर से ब्लॉक सदर कन्नौज क्षेत्र के ग्राम देवकली बांगर में उद्यान वैज्ञानिक डॉ. अमर सिंह ने प्याज की खेती के बारे में बताया। कहा कि प्याज में जड़ के सड़ने की समस्या दूर करने के लिए ट्राइकोडर्मा का प्रयोग करना चाहिए।

डॉ. सिंह ने बताया कि पांच किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से किसानों के खेतों में प्रथम पंक्ति प्रदर्शन कराए गए थे उन पर प्रक्षेत्र दिवस हुआ। जड़ सड़न की समस्या रहती है तो भूमि शोधन पांच किलोग्राम ट्राइकोडर्मा को एक क्विंटल सड़ी गोबर की खाद के साथ एक सप्ताह के लिए छायादार स्थान में रख ली जाए। बताया कि जिन किसानों के प्रक्षेत्र पर यह प्रदर्शन कराए गए थे वहां जड़ सड़न की समस्या बहुत कम हुई। प्याज के उत्पादन में वृद्धि हुई। प्याज का उत्पादन लगभग 250 क्विंटल प्रति हेक्टेयर रहा जो सामान्य की तुलना में 10 से 15 कुंतल प्रति हेक्टेयर अधिक है। इस मौके पर नत्थू कुशवाहा, दीपक आदि रहे।

● उद्यान वैज्ञानिक डॉ. अमर सिंह देवकली बांगर पहुंचे

## पेड़ काटने से मना करने पर तोड़ा पैर

**सौरिख।** क्षेत्र के नादेमऊ चौकी के गांव पंडोखर निवासी शिवम पुत्र राम सिंह ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया 20 नवंबर 2023 को सुबह दस बजे वह घर पर नहीं था। उसी समय गांव के नेकराम, भागीरथ पुत्रगण राजाराम, मुन्नू पुत्र गंगाराम, कल्लू पुत्र नेकराम आये और यूकेलिप्टस के पेड़ दबंगई के बल पर काटने लगे। जब पेड़ काटने का विरोध मां अर्चना देवी ने किया तो ये लोग गाली देने लगे। जब गाली देने से मना किया तो लाठी डंडों से मारपीट कर दी जिससे मां का पैर टूट गया। उनका उपचार चल रहा है पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी।

**बड़ी समस्या** जिले में खुलीं हैं 162 गौशालाएं, शहर की दोनों हो चुकीं फुल

# तमाम कवायदें हुईं बेकार, अन्ना गोवंश का आतंक बरकरार

कन्नौज। प्रदेश के साथ ही जिले में भी अन्ना गोवंश की समस्या नासूर बनी हुई है। आए दिन जहां खेतों में खड़ी फसल नष्ट किए जाने से किसान परेशान रहते हैं तो वहीं शहर की सड़कों पर इनके निर्द्विंद्व घूमने से आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार तो यह हादसों का कारण भी बन जाते हैं। चाहे जीटी रोड हो या फिर शहर के भीतरी मार्ग लगभग सभी पर इनका कब्जा देखा जा सकता है। कई बार तो यह सड़क के बीचोबीच आराम फरमाते देखे जाते हैं तो ऐसे में वाहन चालकों के रफ्तार धीमी कर बचते बचाते निकलना पड़ता है। ये हालात तब हैं जब जिले भर में 162 गोशालाएं संचालित हैं जिनमें करीब साढ़े नौ हजार अन्ना गोवंश संरक्षित किए जा चुके हैं। इसी तरह से शहर में भी दो गोशालाओं का संचालन हो रहा है। इनमें भी कुल 80 गोवंश संरक्षित हैं। संवाददाता ने शनिवार को शहर का जायजा लिया तो जगह-जगह गोवंश घूमते नजर आए। पेश है आंखों देखी रिपोर्ट-

**समय- दोपहर 11.45 बजे** **स्थान- केके इंटर कॉलेज के बाहर**

आगे बढ़ने पर केके इंटर कॉलेज के पास भी सड़क पर गोवंश विचरण करते दिखाई दिए। यहां भी वाहनों का आवागमन जारी था। छुट्टी का समय होने से कॉलेज बंद था तो छात्रों की गतिविधियां नहीं थीं लेकिन आने जाने वाले वाहनों को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।


केके इंटर कॉलेज के बाहर सड़क पर घूमते गोवंश।

"शहर में दो गोशालाएं संचालित हैं जिनकी क्षमता के अनुसार गोवंश संरक्षित किए जा चुके हैं। अन्ना गोवंशों की धर पकड़ का काम जारी है। जहां शिकायत मिलती है तुरंत पकड़वाया जाता है। अब जो गोवंश पकड़े जाएंगे उनको अन्य गोशाला भेजा जाएगा।

–श्यामेंद्र मोहन चौधरी
ईओ, नगर पालिका

**समय- सुबह 11.00 बजे** **स्थान- सिटी रे. स्टेशन के सामने**

यहां निकलते ही सड़क पर एक सांड़ आराम की मुद्रा में खड़ा नजर आया। यहीं एक मोटरसाइकिल सवार भी खड़े होकर कुछ बातचीत कर रहा था। बीच सड़क में मवेशी के खड़े होने से निकलने वाले वाहन चालकों के सावधानी बरतनी पड़ रही थी तो पैदल निकलने वाले डर-डरकर निकल रहे थे।


मकरंदनगर में जीटी रोड पर अन्ना गोवंश।

**समय- सुबह 11.20 बजे** **स्थान- कचहरी टोला रोड**

यहां रिहायशी बस्ती है। कुछेक दुकानें भी हैं। यहां आवागमन अपनी रफ्तार से चल रहा था और ऑटो रिक्शा भी आ जा रहे थे। बाइकसवारों का भी निकलना हो रहा था कि दो अन्ना गोवंश रास्ते में आ गए। इस पर किसी तरह से दुकानों ने उनको भगाया और तब जाकर लोग किसी तरह से निकल सके।


कचहरी टोला में सड़क पर घूमते गोवंश।

**समय- सुबह 11.30 बजे** **स्थान- नगर पालिका रोड**

यहां पहुंचने पर रोज की तरह से लोगों का आना जाना और वाहनों का गुजरना हो रहा था। अतर की दुकानें भी खुल चुकीं थीं तो ग्राहकों की आवाजाही जारी थी। यहां भी बीच सड़क पर एक गाय घूमते दिखाई दी। इसे देख ई रिक्शा चालक व दोपहिया वाहन सवार रुकते-ठिठकते निकलते रहे।


पालिका को जाने वाली सड़क पर घूमती गाय।

## युवक को मारपीट कर किया मरणासन्न

संवाददाता, छिबरामऊ-कन्नौज

**अमृत विचार।** युवक को धार्मिक कार्यक्रम के बहाने बुलाकर गांव के युवकों ने जमकर पीटा और मरणासन्न हालत में खेत में डाल दिया। घटना की जानकारी पर पहुंची मां ने जब युवकों के परिजनों से शिकायत की तो आरोपियों ने महिलाओं के साथ भी अभद्रता की।

कोतवाली क्षेत्र के भानपुर खुबरियापुर निवासी अनूप पुत्र टीकाराम ने गांव के शिवम पुत्र रामविलास के यहां झंडा कार्यक्रम में शामिल होने का बुलावा भेजा। मां राखी ने पड़ोसी के यहां कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बेटे शिवम को दोपहर बाद भेज दिया। झंडा कार्यक्रम में किसी बात को लेकर विवाद होने पर अनूप, लालू, अनिल, भोला, भोलिया पुत्र टीकाराम ने शिवम को जमकर पीटा और मरणासन्न अवस्था में खेत में डाल दिया। सूचना पाकर पहुंची मां बेटे को उठाकर घर लाई और मामले की शिकायत आरोपियों के परिजनों से की। युवकों ने घर में घुसकर दोबारा महिलाओं के साथ भी अभद्रता की। मां ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

● शिकायत पर घर में घुसकर महिलाओं के साथ की अभद्रता

### रंजिश में युवक को पीटा

ग्राम माछा निवासी सचिन दिवाकर पुत्र अशोक कुमार ने बताया कि वह 22 मई की शाम को आठ बजे दुकान पर बैठा था, तभी गांव के राजेश उर्फ टानी यादव, खुब यादव, प्रमोद व दीपू आए और जातिसूचक गालियां देने लगे। जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसे बेरहमी से पीटा, जिससे उसके चोटें आईं है। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मामले की विवेचना सीओ सिटी कमलेश कुमार को दी गई है।

## एक नजर

### गन्ना किसानों का 47.98 करोड़ का भुगतान पूरा

**फर्रुखाबाद।** चुनावी वर्ष के चलते इस सत्र मेंकायमगंज की सहकारी चीनी मिल ने इस सत्र में किसानों से लिए गए गन्ना का सौ फीसदी भुगतान कर दिया है चीनी मिल ने इस सत्र जितनी गन्ना किसानों से लेकर उसकी पेराई की थी। उस गन्ने का पूरा भुगतान 47 .98 करोड़ इसी माह कर दिया गया है । जबकि विगत वर्ष किसानों का पूरा भुगतान सितंबर माह तक हो पाया था।

### ऊंचाई से गिरकर 2 घायल दोनों अस्पताल में भर्ती

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलग अलग स्थानों पर कम्पिल क्षेत्र के गांव गूजरपुर निवासी संगीता (31) पत्नी प्रदीप व जनपद हरदोई के थाना पाली के गांव भोपुर निवासी पारुल (25) ऊचाई से गिरकर गंभीर घायल हो गए दोनों घायलों को परिजनों ने अस्पताल भर्ती कराया जहाँ उपचार के बाद दोनों को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### तीन लोगों ने पीया ज़हर दो की हालत गंभीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलग अलग स्थानों पर क्षेत्र के गांव चिउलारा निवासी रिंकी (30) पत्नी सत्यपाल जनपद एटा के थाना रामपुर के गांव गढ़िया जगन्नाथ निवासी रेखा (32) पत्नी रिंकू सिंह व कम्पिल क्षेत्र के गांव सरइया निवासी प्रेमसागर (20) ने संदिग्ध हालत मे कीटनाशक पदार्थ पी लिया गंभीर हालत मे तीनों के परिजन अस्पताल लाये जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद रेखा व प्रेमसागर को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### भाजपा कार्यकर्ता व उसके दोस्त को दरोगा ने पीटा

**फर्रुखाबाद।** पूर्व मंत्री का नाम लेकर दोस्त की पैरवी करने गए भाजपा कार्यकर्ता को चौकी प्रभारी ने सरेआम पीट दिया। बचाने गए दोस्त की भी जमकर पिटाई कर दी। थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव धूरीहार निवासी बलवीर सिंह ने शनिवार को एसपी विकास कुमार को प्रार्थना पत्र दिया। इसमें बताया कि दोस्त महेश सिंह के साथ गांव के युवक ने शराब के नशे में गाली-गलौज की थी। आसपास के लोगों ने मामले को रफा-दफा कर दिया था। युवक ने दोस्त महेश के खिलाफ बबना चौकी में प्रार्थना पत्र दिया था। सिपाही महेश के घर आए। चौकी आने के लिए कहा। बलवीर दोस्त महेश के साथ चौकी पर चला गया। चौकी इंचार्ज ने बलवीर को देखते ही कहा कि तुमको किसने बुलाया। बलवीर ने पूर्व मंत्री का नाम लेकर कहा उन्होंने भेजा है। आरोप है कि इस पर चौकी प्रभारी ने सरेआम बलवीर व महेश की पीटा।

# मतगणना सकुशल संपन्न कराने को तैयारियां तेज

## अधिकारियों व प्रत्याशियों के एजेंटों के साथ डीएम ने की बैठक

संवाददाता फर्रुखाबाद



बैठक को सम्बोधित करते डीएम डॉ. वीके सिंह। अमृत विचार

- पास प्राप्त करने के लिए मतगणना एजेंट तीन दिन पहले उपलब्ध कराएं अपने दस्तावेज

**अमृत विचार।** चार जून को लोकसभा चुनाव के अंतर्गत होने वाली मतगणना को सकुशल संपन्न कराने के लिए डीएम डॉ. वीके सिंह के नेतृत्व में अधिकारियों व प्रत्याशियों के एजेंटों के साथ शनिवार दोपहर को कलेक्ट्रेट सभागार में मीटिंग हुई।

डीएम ने मीटिंग में निर्देश दिए की एजेंट मतगणना के दौरान किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, पानी की बोतल, तंबाकू, पान, बीड़ी, सिगरेट आदि नहीं ले जा सकेंगे। एजेंटों को खाद्य सुरक्षा अधिकारी की तरफ से सशुल्क खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं सरकारी कर्मचारियों को प्रातः 7:00 बजे चाय व नमकीन मिलेगी व 11:00 बजे पुनः चाय दी जाएगी।प्रत्याशी को जिले में ही सुरक्षा प्राप्त होगी। जनपद से बाहर सुरक्षा प्राप्त नहीं होगी। 17 सी की प्रति प्रत्याशी या अभिकर्ता को दी जाएगी। सातनपुर मंडी मतगणना स्थल पर छह खाने-पीने की दुकान खुलेगी।

डीएम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराई जाए। मतगणना प्रातः 8:00 बजे से शुरू होगी मतगणना के बाद EVM कलेक्ट्रेट में आएगी। मतगणना अभिकर्ता की नियुक्ति हेतु प्रत्याशी या उनके निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रारूप 18 पर मतगणना अभिकर्ता का नाम पता अंकित कराकर प्रत्येक मतगणना अभीकर्ता के हस्ताक्षर कराकर दो प्रतियों में प्रस्तुत करेंगे। 18 वर्ष की अधिक आयु के किसी भी व्यक्ति को मतगणना अभिकर्ता नियुक्त किया जा सकता है। बैठक में एडीएम सुभाष चन्द्र प्रजापति, एएसपी डॉ संजय सिंह व प्रत्याशियों के एजेंट मोजूद रहे।

### बंच केबिल में आग लगने से 21 घंटे से गुल है बिजली

**फर्रुखाबाद।** शमसाबाद थाना क्षेत्र में ट्रांसफार्मर के बंच केबिल में आग लगने से रमापुर जसू के आधे गांव की बत्ती करीब 21 घंटे से गुल है।

गांव रमापुर जसू में बिजली आपूर्ति के लिए 63-63 केवीए के दो ट्रांसफार्मर लगे हैं। चिलसरा फीडर से इस गांव को आपूर्ति मिलती है। शुक्रवार शाम करीब आठ बजे मुख्य चौराहा के पास रखे 63 केवीए ट्रांसफार्मर की बंच केबल में आग लग गई। आग लगने की जानकारी बिजली कर्मचारियों को दी गई, जिस पर आधे गांव की आपूर्ति बंद की गई। आग लगने से बंच केबल जगह-जगह से जल गई। जेई जुनैद आलम ने बिजली कर्मचारियों को भेजकर बंच लाइन बदलवाना शुरू की। शनिवार को सायं पांच बजे तक बंच केबल बदली जा रही थी। जेई जुनैद आलम ने बताया कि छह बजे तक बंच केबिल बदलकर आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी।

वहीं मोहल्ला शेरवानी टोला में बीती रात करीब 8.40 बजे बंच केबल में आग लग गई, जिससे मोहल्ले की आपूर्ति बंद की गई। बिजली कर्मचारियों ने पहुंचकर बंच केबिल को बदला।

# जयंती पर याद किये गए देव ऋषि नारद

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद


गोष्ठी को सम्बोधित करते रविन्द्र भदौरिया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर के लाल सराय स्थित फर्रुखाबाद प्रेस क्लब के तत्वावधान में देवऋषि नारद की जयंती के अवसर पर पत्रकार एवं साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रेस क्लब के अध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार अवस्थी (इंदु अवस्थी) ने दीप प्रज्ज्वलित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। इस दौरान कलमकारों ने देवर्षि नारद के चित्र पर पुष्पार्पण कर पत्रकारिता में आने वाली कठिनाइयों व गिरते स्तर पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सर्वेंद्र अवस्थी 'इंदु' ने कहा कि देवर्षि नारद ब्रह्माजी के दसवें मानस पुत्र थे। उन्होंने कहा कि हमारी प्रतिष्ठा ही हमारी कलम है। हमें कलम के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'हम घनी अंधेरी रात में कलम से दीपक जला सके, तभी हमारी पत्रकारिता सार्थक है।' हमारा समाचार पत्र ही हमें सही रोशनी की ओर ले जा सकता है।

प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी पत्रकारों से आह्वान कर कहा कि पत्रकारों की आपसी फूट की वजह से उनकी गरिमा गिर रही है। पत्रकारों की आपसी गुटबाजी व एक दूसरे को नींचा दिखाने की वजह से शासन-प्रशासन अपनी मनमानी कर रहा है।

वरिष्ठ छायाकार रविंद्र भदौरिया ने कहा कि साहित्य व पत्रकार समाज के आइने होते हैं। वरिष्ठ पत्रकार राजेश निराला ने कहा कि पत्रकारिता क्षेत्र में आज काफी चुनौतियां हैं। सरकारें अखबारों पर अंकुश लगाने का काम कर रही हैं। समाज व देश की भलाई के लिये आज पत्रकारों को एक बार फिर से एकजुट होकर निर्भीक पत्रकारिता करनी होगी। जितेंद्र दुबे ने कहा कि हमें अपने मान-सम्मान के साथ किसी भी कीमत पर समझौता नही करना । लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने पत्रकारों की एकता पर बल देते हुए कहा कि एक-दूसरे का सम्मान व रक्षा के लिए हम सबको आगे आना चाहिए ।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे वरिष्ठ पत्रकार उपकार मणि 'उपकार' ने कहा कि पत्रकारिता का मिशन काफी कठिन है। हमें सरकारों से अपने लिए सुरक्षा और कोष की मांग करनी चाहिए। इस अवसर पर सुशील मिश्रा, राजेशानंद, अनुराग पांडेय, गौरव तिवारी सीपू, इमरान हुसैन, अंचल दुबे, जितेंद्र कश्यप, शकील खान, आलोक मिश्रा, राज गौरव पांडेय, वरुण दुबे सहित दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

# गंगा में डूबने से किशोर की गई जान, मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना कमालगंज क्षेत्र में गर्मी से निजात पाने के लिए दोस्तों के साथ गंगा स्नान करने गया किशोर डूब गया। इससे उसकी मौत हो गई। दोस्तों के चिल्लाने पर पहुंचे आस- पास के लोगों ने गंगा ने छलांग लगाकर शव को बाहर निकाला। घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

फतेहगढ़ के याकूतगंज चौकी क्षेत्र के गांव नगला पजाबा निवासी अर्जुन सक्सेना उर्फ भूरे मजदूरी करते हैं। शनिवार दोपहर भूरे का 17 वर्षीय पुत्र कन्हैया सक्सेना अपने दोस्त वरदान, आशीष, नितिन आदि के साथ भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए नगला खेमरैंगाई स्थित घाट पर गंगा स्नान करने आया था। सभी गंगा में स्नान कर रहे थे। इसी दौरान कन्हैया गहरे पानी में जाने से डूबने लगा। उसको डूबता देख साथी बचाव की गुहार लगा कर चिल्लाने लगे।

आवाज सुनकर आस- पास मौजूद ग्रामीण घाट पर पहुंचे और डूबते किशोर की बचाने को छलांग लगा दी। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने कन्हैया को बाहर निकाला। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने घटना के संबंध में उसके परिजनों को सूचना दी। पिता भूरे परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे और बिलखने लगे। भूरे ने बताया कि पत्नी की काफी वर्ष पहले मौत हो गई।

# 4029 लाभार्थियों को स्वीकृति का इंतजार

**पीएम आवास योजना**

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद




- डूडा के पास डीपीआर तैयार शासन से मांगने का इंतजार
- स्वीकृति न मिलने से टूट सकता आशियाना मिलने का सपना

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 4029 लाभार्थी आवास से वंचित रह सकते हैं। ऐसा इसलिए कि शासन ने इन लाभार्थियों की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) लेने से इंकार कर दिया है। शासन स्तर से डीपीआर अगर स्वीकृत नहीं हुई, तो इन लोगों को आवास निर्माण की किस्त नहीं मिलेगी।

पीएम आवास योजना शहरी का संचालन जिला नगरीय विकास अभिकरण कार्यालय (डूडा) से होता है। लगभग तीन साल पहले जनपद में पांच हजार से ज्यादा लोगों ने पीएम आवास योजना शहरी के तहत आवेदन किए थे। ढाई साल तक इन आवेदनों की जांच तहसील स्तर पर अटकी रही। सितंबर 2023 में आवेदनों की जांच की गई तो 771 लोग अपात्र पाए गए। विभागीय सूत्रों का कहना है कि जनपद स्तर से 4029 लाभार्थियों की डीपीआर तैयार है, लेकिन शासन ने डीपीआर लेने से स्पष्ट मना कर दिया है। विभागीय अधिकारी इस मामले को दबाए हैं। लाभार्थियों से कह दिया जाता है कि जल्द ही उन्हें किस्त मिल जाएगी, जबकि हकीकत यह है कि अगर शासन स्तर से डीपीआर स्वीकृत न हुई तो इन लाभार्थियों को योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

हालांकि विभागीय अधिकारी मामले को दबाए हुए हैं। सिटी लेबल टेक्निकल अधिकारी (सीएलटीसी) नितिन सक्सेना ने बताया कि 4029 लाभार्थियों की डीपीआर तैयार है।

**बोले जिम्मेदार**

'शासन स्तर से पीएम आवास योजना शहरी के 4029 लाभार्थियों की डीपीआर अभी मांगी नहीं जा रही है। जैसे ही मांगी जाती है तो भेज दी जाएगी। डीपीआर स्वीकृत होते ही लाभार्थियों के खातों में किस्त पहुंचना शुरू हो जाएगी।'

– अतुल कुमार, प्रभारी परियोजना अधिकारी, डूडा कार्यालय।

## सार-संक्षेप


शिव ओम अम्बर को सम्मानित करते आयोजक। अमृत विचार

### सभी को प्रतिदिन सुंदरकांड का पाठ करना चाहिये

**फर्रुखाबाद।** सुदर कांड में हनुमान जी के पराक्रम पर राष्ट्रीय कवि शिव ओम अम्बर ने प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अतीत काल में सागर के मध्य स्थित राक्षसों की नगरी में रावण ने अपने पराक्रम से विजय प्राप्त की थी। भगवान हनुमान जी लंका में माता सीता की खोज में गए तो मार्ग में उन्हें बड़ी से बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। हनुमान जी को लंका के द्वार पर लंकिनी का भी सामना करना पड़ा। इससे पता चलता है कि हनुमान जी कितने शक्तिशाली थे कि राक्षसी लंकिनी भी उनसे युद्ध नहीं कर सकी। श्री सुंदरकांड पाठ समिति के अध्यक्ष बीके सिंह ने कहा कि जो व्यक्ति वर्षों से सुंदरकांड पाठ करता है और सुनता है, उसे मनोवांछित फल मिलता है। कलियुग में समस्त पापों का निवारण सुंदरकांड पाठ करने से हो जाता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को नित्य प्रात : पाठ करना चाहिए। इस दौरान डॉ . शिवओम अंबर को सम्मानित भी किया गया। आरती के बाद प्रसाद बांटा गया। इस अवसर पर घनश्याम बाजपेई, रमेशचंद्र त्रिपाठी, योगेश मिश्र, जितेंद्र अग्रवाल, हर्षित सिगतिया, उत्कर्ष अग्निहोत्री, विजेंद्र श्रीमाली, रेनू सिगतिया इंदिरा पांडेय व गरिमा पांडेय आदि मौजूद रहे।


कलश यात्रा निकालते भक्त। अमृत विचार

### कलश यात्रा निकाल कर किया श्रीमद्भगवत कथा की शुरुआत

**खुदागंज फर्रुखाबाद।** खुदागंज में कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भगवद कथा का उद्घाटन किया गया। मंदिर के पुजारी बिजेश्वर सिंह ने बताया कि हर साल की तरह इस वर्ष भी कथा का आयोजन 25 मई शनिवार से शुरू हो चुका है। मधुर कथा का वर्णन आचार्य प्रेम सागर के मुखरबिंदू से किया जाएगा। जिसको लेकर आज विशाल कलश यात्रा निकाली गई। इस मौके पर भोला भईया, उमेश, अभिराम , सुभाष ,प्रदीप आदि लोग मौजूद रहे।


शिविर में प्रशिक्षण देते अधिकारी। अमृत विचार

### बच्चों को दिया गया स्काउट गाइड का प्रशिक्षण

**फर्रुखाबाद ।** डॉ . बीपी अग्रवाल शिक्षा निकेतन याकूतगंज में चल रहे उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड के प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को स्काउट-गाइड का प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें अनुशासन में रहने का पाठ भी पढ़ाया गया। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन प्रबंधक डॉ . बीपी अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग में रहकर व्यक्ति देश व समाज की उन्नति में अपना योगदान देता है। जिला संगठन आयुक्त सर्वेश श्रीवास्तव ने बच्चों को स्काउट-गाइड के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षक मंडल में शामिल गजेंद्र सिंह चौहान व धर्मेंद्र कुमार बाथम ने छात्र-छात्राओं को स्काउट ध्वज के बारे में बताया। इसके साथ ही गांठबंधन, प्राथमिक सुरक्षा का अनुमान लगाना, व कंपास दिशा ज्ञान के बारे में बताया गया। बच्चों को तंबू निर्माण के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके साथ कैंप फायर, फूड प्लाजा, बिना बर्तन के भोजन बनाने, ध्वज शिष्टाचार, स्काउट प्रार्थना व झंडा गीत आदि के बारे में बताया गया।

### सल्फास खाने से महिला की उपचार के दौरान मौत

**फर्रुखाबाद।** जनपद एटा के थाना राजा का रामपुर के ग्राम गढ़िया जगन्नाथ निवासी रेखा पत्नी रिंकू सिं ह42 वर्ष का किसी बात को लेकर पति से विवाद हो गया। इसी बात से नाराज होकर रेखा ने सल्फास खा ली, जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया, जहां महिला की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया। जिसके बाद परिजनों ने निजी वाहन से महिला को डॉक्टर राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल फर्रुखाबाद में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ऋषिकांत वर्मा ने महिला को भर्ती कर उपचार किया। इलाज के दौरान रेखा की मौत हो गई, डॉक्टर ने जांच पड़ताल के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। परिजन बिना कुछ कार्रवाई के मृतक महिला का शव लेकर घर चले गए ।

# भाजपा सांसद के पुत्र पर अभद्रता करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** सपा कार्यकर्ता से भाजपा सांसद के पुत्र का गाली-गलौज व धमकी देने का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सपा कार्यकर्ता ने भाजपा सांसद के पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के संबंध में तहरीर दी है।

थाना अमृतपुर क्षेत्र के गांव कोला सोता के मजरा मियां पट्टी निवासी आदिराम राजपूत ने लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर के पक्ष में क्षेत्र में सजातीय लोगों से वोट देने की अपील की थी। शुक्रवार रात भाजपा सांसद मुकेश राजपूत के पुत्र अर्पित राजपूत ने आदिराम राजपूत के मोबाइल नंबर पर फोन किया। अर्पित ने आदिराम से कहा कि सपा प्रत्याशी के पक्ष में कितने सजातीय लोगों को डायवर्ट कर लिया है। इस पर आदिराम ने कहा 4 मई 2024 को मतगणना में इसका पता चल जाएगा। अर्पित ने कहा कि वह फर्रुखाबाद वापस आ गए हैं। सुना है सातनपुर मंडी में दूसरे पक्ष के लोगों के पास बैठ रहे हो। सातनपुर मंडी आना तो पता चल जाएगा। इस पर आदिराम ने सही से बात करने की हिदायत दी। आदिराम राजपूत ने शनिवार को सांसद पुत्र अर्पित के खिलाफ गाली-गलौज व धमकी देने के संबंध में थाना अमृतपुर तहरीर दी है। थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी ने बताया हैं कि तहरीर मिली हैं। जांच के बाद पीड़ित को कार्रवाई करने का भरोसा दिया। सांसद के पुत्र अर्पित ने बताया कि आदिराम पूरे चुनाव तक पिता व उनको जगह-जगह गालियां देते रहे। चुनाव खत्म होने के बाद भी वह नहीं मान रहे थे। इसलिए समझाने के लिए फोन किया था। इस पर वह भी गाली-गलौज करने लगे। गुस्से में उन्होंने भी भला बुरा कह दिया।

# खिरिया पमारान में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ पुनर्मतदान

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



- पुनर्मतदान में पुराना रिकार्ड हुआ ध्वस्त, 73 .99 फीसद पड़े वोट
- 1215 मतदाताओं में से 899 मतदाताओं ने मताधिकार का किया प्रयोग

**इस तरह बढ़ा मतदान का प्रतिशत**

- सुबह 9 बजे 15 .14%
- सुबह 11 बजे 34 .74%
- दोपहर एक बजे 51 .76%
- दोपहर तीन बजे 65 .26%
- शाम 5 बजे 72 .42%
- शाम 6 बजे 73 .99%
- 1215 में 899 वोट

**अमृत विचार।** फर्रुखाबाद लोक सभा सीट के अंतर्गत अलीगंज विधानसभा के मत दे स्थल 343 खिरिया पमारान पर शनिवार को शांतिपूर्ण पुनर्मतदान संपन्न हुआ। शाम 6:00 बजे तक कुल 73.99 फीसदी वोटिंग हुई। की जबकि 13 मई को हुए मतदान से 4.77 फीसदी अधिक है।

मतदान केन्द्र खिरिया पमारान से एक किशोर के आठ बार मतदान करने का वीडियो वायरल होने के बाद चुनाव आयोग ने पुनः मतदान के आदेश दिए थे।

उसी क्रम में शनिवार को छठे चरण के अंतर्गत कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पुनः मतदान कराया गया। सुबह 7:00 बजे शुरू हुए मतदान को लेकर अधिकारी सतर्क व चौकन्ना नजर आए। एडीएम इटावा, अपर पुलिस अधीक्षक एटा ने भी मतदान केंद्र का निरीक्षण किया।

वहीं गांव के मतदाता भी सुबह से मतदान केंद्र पर लंबी लाइन लगाकर वोट डालते दिखे। जिसका नतीजा रहा कि सुबह से ही मतदान का प्रतिशत बढ़ने लगा और दोपहर एक बजे वोटिंग प्रतिशत का हाफ सेंचुरी लग गई। 1215 मतदाता इस मतदान केंद्र पर पंजीकृत हैं इनमें से शनिवार को 899 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। वही 13 मई को चौथे चरण का अंतर्गत हुए मतदान में 69.22% वोटिंग हुई थी।

जिसके सापेक्ष 25 मई को 4.77% अधिक मत पड़े। मतदाताओं के लिए प्रशासन ने बेहतर इंतजाम किए। धूप से बचाव हेतु टेंट लगाया गया,पानी की भी उचित व्यवस्था की गई थी।

### जिला स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता शुरू

**फर्रुखाबाद।** जिला स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता का उद्घाटन अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज कोच अनिल ने किया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए छह वर्ग बनाए गए हैं। लिटिल चैंप्स में आठ से दस वर्ष आयु, सब यूथ में 10 से 14, यूथ में 14 से 18, जूनियर वर्ग में 18 से 21, सीनियर वर्ग में 21 से 45 व मास्टर सीनियर वर्ग में 45 से 60 आयु वर्ग के खिलाड़ी शामिल किए गए हैं। 30 मई को प्रतियोगिता का समापन होगा। विजेता खिलाड़ी लखनऊ या नोएडा में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय निशानेबाज आरती चतुर्वेदी, गौरी चतुर्वेदी, जितेंद्र कुमार शाक्य, उपेंद्र सिंह, अभिषेक पाल, विवेक पाल, नंदिता सक्सेना, पल्लवी कुमारी, नैंसी यादव, गौरव पटेल, सुरजीत सिंह, ऋतिक पाल, धर्मेंद्र कुमार, नितिन, अमित कुमार, राहुल सिंह, निखिल, बलराम आदि रहे।

**हाल ए सीएचसी राजेपुर**

**अवैध वसूली के शिकायती प्रार्थना पत्र से खुली बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल, प्रसूता से स्टाफ नर्स ने मांगे रुपये**

# लापरवाही : सफाई कर्मी करा रही हैं प्रसव

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



सीएचसी राजेपुर का दृश्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बद हाल हैं, यह तो किसी से छुपा नहीं है। लेकिन राजेपुर सीएचसी का हाल भगवान भरोसे है। एक आशा के राजेपुर सीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र से बड़ा खेल उजागर हुआ है। अवैध वसूली के शिकायती प्रार्थना पत्र में गर्भवती की डिलीवरी सफाई कर्मचारी द्वारा कराए जाने की बात सामने आई है।

थाना राजेपुर क्षेत्र के खंडोली निवासी आशा सीमा देवी ने सीएचसी राजेपुर के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ आरिफ सिद्दीकी को एक प्रार्थनापत्र दिया, जिसमें बताया की 18 मई को सोनी पत्नी कांशीराम को प्रसव पीड़ा होने पर एंबुलेस से सीएचसी राजेपुर में रात 9:50 मिनट पर भर्ती कराया गया, जहां रात 12:21 मिनट पर मनरेगा सफाई कर्मी द्वारा गर्भवती महिला का प्रसव कराया गया। साथ ही शिकायती पत्र में बताया गया की सुबह सात बजे स्टाफ नर्स हर्षबाला ने आकर मरीज से पैसों की मांग की। मरीज के पैसे नहीं दिए जाने पर उसका नाम बहू की लिस्ट से काट दिया गया।

शिकायती प्रार्थना पत्र के अनुसार राजपुर सीएचसी में गर्भवती महिलाओं के प्रसव सफाई कर्मी करा रही है। साथ ही स्टाफ नर्स मरीजों से अवैध वसूली भी कर रही है। इससे साफ तौर पर बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था की कलई खुलती नजर आती है। सीएचसी राजेपुर प्रभारी डॉ आरिफ सिद्दीकी ने शनिवार को बताया की मरीज से पैसे मांगने के बाद सफाई कर्मी से प्रसव कराने के आरोप गलत हैं। आशा का नाम लिस्ट में जुड़वा दिया गया है। मामले की बीपीएम व बीसीपीएम से जांच भी कराई गई है।

# दुकानदार ने रिश्वत न देने पर दरोगा पर लगाया पीटने का आरोप

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** दरोगा ने रिश्वत की मांग पूरी ना होने पर दुकानदार को जमकर पीट दिया ।

थाना कादरीगेट के रोडवेज बस अड्डा निवासी अभिषेक शर्मा पुत्र प्रदीप शर्मा ने शनिवार को एसपी विकास कुमार को दिये शिकायती पत्र में बताया। कि उसकी रोडवेज बस अड्डे पर परिवहन निगम की दुकान है। अभिषेक ने बताया कि बस अड्डे के बाहर अवैध रूप से खोली गई दुकानें भी संचालित होती हैं। जिस पर अवैध चीजें बिकती हैं। थाना कादरीगेट के चौकी प्रभारी अनिल सिकरवार पर आरोप लगाया कि वह अपने सिपाही रिंकू के माध्यम से 5 हजार रुपये महीना देने को कहा। जब रिश्वत देने से मना किया तो दारोगा ने पहले अपने साथी सिपाहियों के साथ शराब पी उसके बाद उसके विरोधी दुकानदारों के साथ मिलकर गाली-गलौज कर फर्जी मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी। जिसके बाद अगली रात को दारोगा आया और उसने वर्दी का रौब दिखाते हुए मारपीट की और दुकान में रखे 10 हजार रुपये निकालने का आरोप लगाया और गाड़ी में लगभग एक घंटे तक बैठाये रखा। चौकी प्रभारी अनिल सिकरवार से बात की उन्होंने बताया कि उनके ऊपर लगाये गये सारे आरोप गलत हैं ।

# आनंद से भरी पूरी है सृष्टि


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> भारतीय सामाजिक जीवन में प्राचीन काल से ही ईश्वर, देवी, देवता जैसे प्रतीक हैं। आशावादी अपनी आस्तिकता के कारण अपने दुख और अवसाद से छुटकारा पाने के लिए देव शक्तियों पर विश्वास करते हैं। पश्चिम प्रेरित सभ्यता इसे अंधविश्वास कहती है, लेकिन ऐसे देव विश्वास मनुष्य शरीर की रासायनिक क्षमता को आशावादी बनाते हैं और विषाद प्रसाद में बदल जाता है।

सत्य, शिव और सौंदर्य अस्तित्व का प्रसाद हैं। प्रसन्न होने के लिए यह सब पर्याप्त है। मनुष्य ने प्रत्यक्ष रूप में बड़ी उन्नति की है। भौतिक ज्ञान व्यापक हुआ है। विज्ञान के क्षेत्र में आश्चर्यजनक शोध हुए हैं। भारतीय दर्शन में आनंदमय चिंतन के शाश्वत सूत्र हैं। कला और सौंदर्यबोध भी शिखर पर हैं। सुख, स्वस्ति और आनंद भी अविरल प्रवाहमान हैं, लेकिन पश्चिम प्रेरित आधुनिकता ने जीवन को प्रतिस्पर्धी बनाया है। प्रतिस्पर्धी जीवन के प्रभाव में आनंद के स्रोत व्यक्ति को आश्वस्ति नहीं देते। प्रसन्न रहना और प्रसन्न होना सभी व्यक्तियों का मौलिक अधिकार है। प्रसन्नता सहज सुलभ है, लेकिन प्रसन्नता के सूचकांक में दुनिया के तमाम देशों की स्थिति चिंताजनक है। पश्चिम प्रेरित आधुनकिता में धन और भौतिक संसाधनों को संग्रह करने की प्रतिस्पर्धा है। व्यक्तिवाद बढ़ा है। सामाजिक उल्लास के लिए सामूहिक जीवन की आवश्यकता होती है। सामाजिक उल्लास की परम्परागत व्यवस्था का नाम उत्सव है। अकेला व्यक्ति प्रसन्न नहीं हो सकता। एकाकी व्यक्ति उत्सवों का आयोजन भी नहीं कर सकता। उत्सवों के आनंद घटे हैं।

जीवन में प्रसाद का अभाव है और अवसाद का प्रभाव। अवसाद वस्तुतः पराजित मानसिकता का परिणाम है। मित्रता सुख देती है। मित्र परस्पर सुख-दुख बांटते हैं,लेकिन मित्रता भी स्वार्थ निरपेक्ष नहीं है। एकाकी होने में दुख है। एकाकी अनुभव होने में और ज्यादा दुख है। बृहदारण्यक उपनिषद में सृष्टि के विकास का सुंदर वर्णन है। ऋषि कहते हैं, ''पहले वह अकेला था। अकेला होने के कारण उसे आनंद नहीं मिला। उसे अकेले में आनंद नहीं आया।'' आकार में सबसे बड़ी वृहदारण्यक उपनिषद् शतपथ ब्राह्मण का एक हिस्सा है। इसका अध्ययन विचारोत्तेजक है। इसमें सृष्टि सृजन के सम्बंध में कहते हैं, ''पहले केवल आत्मा था। वह अकेला था-अहमस्मि। बताते हैं कि वह भयभीत हुआ। उसने चारों ओर देखा। दूसरा कोई नहीं था। दूसरा कोई नहीं तो डर कैसा। वह निर्भय हो गया।'' इसका संदेश सुस्पष्ट है। आत्मबोध निर्भय बनाता है। आगे बताते हैं, ''उस अकेले को आनंद नहीं आया-स वै नैव रैमे तस्मात् एकाकी न रमते।'' वैसे भी अकेले को आनंद नहीं आता। एक कोई और हो तो अच्छा लगता है। उसने एक और की इच्छा की। उसने स्वयं को विभाजित कर दिया। वह एक से दो हो गया। आत्मविश्वास का संकट भी अंतर्मन को आहत करता है। तनाव भी दुख के लिए उत्तरदायी है। अवसाद से अनेक बीमारियां भी बढ़ती हैं। इसका उल्टा भी होता है। लंबे समय की बीमारी भी अवसाद बढ़ाती है। अवसाद एक विशेष प्रकार की मनोदशा है। इस मनोदशा में स्वयं पर विश्वास नहीं रह जाता। आत्मविश्वास की कमी अवसाद को और भी बढ़ाती है। इसके प्रभाव की गंभीरता को देखते हुए 2021 में जापान में मिनिस्ट्री ऑफ लोनलिनेस मंत्रालय बनाया गया। इस मंत्रालय का उद्देश्य लोगों को अवसाद की दशा से मुक्त करना था, लेकिन इस सरकारी विभाग के द्वारा किए गए काम कोई परिणाम नहीं दे सके। दरअसल अवसाद जैसी खतरनाक मनोदशा को दूर करने के लिए सरकारी विभाग बना देना पर्याप्त नहीं है। निराशा विशेष प्रकार की मनोदशा है। आशा अभावग्रस्त व्यक्ति को भी दुखी नहीं होने देती। आशा का सीधा अर्थ है कि भविष्य में सब कुछ अच्छा ही होगा। आशा भविष्य पर विश्वास है। निराशा अपने कर्मों पर भी विश्वास नहीं करने देती। मनोचिकित्सकों के लिए यह एक बीमारी है। उनका कहना है कि मस्तिष्क का एक हिस्सा मनुष्य को अपनी सुरक्षा के लिए सावधान करता है और उसके निर्णय लेने की विधि को भी प्रभावित करता है। ऊंचाई से डर लगना या लिफ्ट में घबराहट का अनुभव करना दुख है। अवसाद की स्थिति में मस्तिष्क का यह हिस्सा व्यवस्थित काम नहीं करता। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत अवसाद के मरीजों के मामलों में अग्रणी देशों में है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

भारतीय सामाजिक जीवन में प्राचीन काल से ही ईश्वर, देवी, देवता जैसे प्रतीक हैं। आशावादी अपनी आस्तिकता के कारण अपने दुख और अवसाद से छुटकारा पाने के लिए देव शक्तियों पर विश्वास करते हैं। पश्चिम प्रेरित सभ्यता इसे अंधविश्वास कहती है, लेकिन ऐसे देव विश्वास मनुष्य शरीर की रासायनिक क्षमता को आशावादी बनाते हैं और विषाद प्रसाद में बदल जाता है। भारतीय दर्शन परंपरा में परम सत्ता को समूचे अस्तित्व के लिए कर्ता धर्ता बताया गया है। भारतीय संस्कृति में यथार्थवाद की अनेक धाराएं हैं।

चार्वाक मत न ईश्वरीय सत्ता मानता है और न पुनर्जन्म। उसकी घोषणा मजेदार है, "जब तक जियो सुख से जियो। उधार लो और घी खाओ-यावत् जीवेत्, सुखम् जीवेत्। ऋणम् कृत्वा, घृतम् पीवेत्।" इस देह और संसार के परे कुछ भी नहीं है। इसे नास्तिक दर्शन माना जाता है। लेकिन यह दर्शन सुख की गारंटी देता है। ऋग्वेद से लेकर समस्त वैदिक साहित्य में आनंद प्राप्ति का दर्शन है। मनुष्य निराशा में आनंदित नहीं होता और दुख में भी नहीं। जीवन दृष्टि को आनंदमार्गी बनाना जरूरी है। आशा में आश्चर्यजनक ऊर्जा होती है। छान्दोग्य उपनिषद की कथा के अनुसार सम्पूर्ण वैदिक साहित्य और भौतिक विज्ञान की सभी शाखाएं पढ़ लेने के बाद भी नारद अशांत थे। वे उस समय के प्रतिष्ठित विद्वान सनत् कुमार के पास गए। सनत् कुमार ने उनके द्वारा पढ़ी सम्पूर्ण विद्या को अपर्याप्त बताया है और कहा कि आशा में बल है। इसमें सुख है। नारद ने पूछा, यह सुख क्या है? सनत् कुमार ने बताया, "जो पूर्ण है, वही सुख है। जो अपूर्ण है वही दुख है।" ऋषि ने अन्य उपनिषद में पूर्ण का अस्तित्व समझाते हुए कहा है, "यह पूर्ण है। वह पूर्ण है। उस पूर्ण से यह पूर्ण प्रकट हुआ है। पूर्ण से पूर्ण घटाओ तो पूर्ण ही बचता है।" पूर्णता पूर्ण अनुभूति देती है। ब्रह्म पूर्ण है। ब्रह्मविद ब्रह्म अनुभूति पाते हैं। ब्रह्म अनुभूति में ब्रह्मानंद है।

सृष्टि आनंद से भरी पूरी है। देखने की सकारात्मक दृष्टि होनी चाहिए। नदी तट पर खड़े होकर जल प्रवाह देखना आनंद है। नदी की लहरों का नाद संगीत सुनना आनंद है। आकाश में चमकते तारों को प्रीतिपूर्ण ढंग से देखना भी आनंद है। वायु का स्पर्श आनंददायी है। मित्र का साथ विशेष आनंददाता है। विद्वान आचार्य के पास बैठना आनंद है। गीत या कविता सुनना आनंद है। संगीत के सात सुरों को ध्यान से सुनना भी आनंददायी है। कलाओं का दर्शन आनंददाता है। प्रकृति बहुरुपिया है। सर्वत्र रूप ही रूप हैं। पेड़ों पर बैठे चहकते गीत गाते पक्षियों को देखना सुनना आनंद है। पक्षियों के छोटे बच्चों को सहलाना विशेष आनंद है। बच्चे बिल्ली के हों या कुत्तों के अथवा अन्य किसी जानवर के, उनको सहलाना, उनके प्राकृतिक व्यवहार को ध्यान से देखना भी आनंद है। सूरज उगने से पहले लालिमा से भरी पूरी ऊषा को देखना विशेष आनंद है। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त करना भी आनंद है। स्वयं को प्रकृति सृष्टि का अविभाज्य अंग जानना भी आनंद है। प्रकृति में यत्र तत्र सर्वत्र आनंद के प्रोत्साहक रूप हैं। उन्हें देखना सुनना भी आनंद है। आनंद रस आपूरित जीवन दृष्टि में समूचा ब्रह्माण्ड आनंद से भरा पूरा छलकता अमृतघट होता है। यह सहज सुलभ है। तब विषाद की कोई स्थिति नहीं होती। आनंदमयता में जीवन प्रसाद से भर जाता है।

# अफसर साहित्यकार और हिंदी जगत


प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

आजकल अफसर लेखक को हिन्दी साहित्य वाले बहुत सम्मान देते हैं। अफसर लेखक की भूमिका को वे गंभीरता से विश्लेषित नहीं करते, जन सरोकारों के संदर्भ में उसकी भूमिका को खोलकर नहीं देखते। उसे सिर्फ संसाधनों के संदर्भ में देखते हैं। इसने साहित्य के जन सरोकारों को प्रदूषित किया है,संघर्षशील कतारों को कमजोर किया है।

एक जमाना था हिन्दी में जन सरोकारों से जुड़े साहित्यकार महत्वपूर्ण माने गए, बाद में ऐसा दौर आया कि अफसर साहित्यकार ही साहित्य के सितारे बन गए। आज साहित्यकारों में अफसर साहित्यकारों के इर्द-गिर्द जमघट रहता है, ये अफसर साहित्यकार साहित्य को कुछ नहीं दे पाए हैं। हां, एक काम जरूर हुआ है कि साहित्यकार में अफसरों की आदतें आ गई हैं। साहित्यकारों में वे सारी तिकड़में आ गई हैं, जो अफसर में होती हैं। तिकड़मी और ऊपर के कनेक्शन वाला मजेदार साहित्यकार पैदा हुआ है, जो साहित्य में मजे ले रहा है और साहित्य को मजमे की तरह इस्तेमाल करके विनिमय कर रहा है। अफसर साहित्यकारों के पास एक अच्छी खासी जमात सरकारी तंत्र और राजनेताओं की है। इसने साहित्य को सत्ता के तंत्र का पुर्जा बनाकर रख दिया है। सवाल यह है कि साहित्यकार की भूमिका को समग्रता में देखें या अंश में देखें? कहां से देखें?

साहित्यकार को समग्रता में देखना सही होगा। इससे साहित्य में आए अफसरों और प्रशासनिक अधिकारियों, कुलपति, कुलाधिपति आदि की बीमारियों से साहित्य को बचाने में मदद मिलेगी। एक जमाना था लेखक हुआ करता था। बाद में कार्यकर्ता लेखक आया,लेकिन इसके बाद अफसर लेखक ने साहित्य के क्षितिज को अपने कब्जे में ले लिया है। अफसर लेखक आज महान लेखक है। यह वह व्यक्ति है जिसके सामाजिक सरोकार सत्ता से अभिन्न रूप से जुड़े हैं और यह अपनी संगत, शोहरत, संपर्क आदि के जरिए साहित्य जगत को प्रभावित कर रहा है। इसे साहित्य में करप्शन का गोमुख भी कह सकते हैं। साहित्य की प्रतिवादी भूमिका, नागरिक की प्रतिवादी भूमिका आदि को विकृत करने में अफसर साहित्यकार की विगत 60 सालों में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हिंदी जगत का एक अन्य पहलू है। यहां पाखंडी किस्म के अ-लेखक बहुत हैं। ये लिखते नहीं हैं, साहित्यकारों की गप्पें ज्यादा हांकते हैं।

नामी लेखकों की चाटुकारिता करना, उनकी आवभगत करना और उनसे संपर्क रखना। इस तरह के अ-लेखकीय प्राणी अमूमन कॉलेज -विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में पाए जाते हैं। ये साहित्य के गप्पी हैं, इनकी न तो पढ़ने में रूचि है और न संसार को जानने में रूचि है। वे तो साहित्य में लंबी हांकने में माहिर हैं।

सोशल मीडिया पर हिंदी में फैशनेबुल नॉनसेंस लिखने वालों की अच्छी खासी संख्या है। इसके दायरे में सतही लेखन, अप्रासंगिक कृत्रिम रूप में अवधारणाओं का प्रयोग और उन पर हमला, अर्थहीन शब्दों का प्रयोग आदि आते हैं। इसमें वे लोग शामिल हैं, जो शब्दों को मेनिपुलेट करने में माहिर हैं और विज्ञानसम्मत चीजों तथा पदबंधों का निषेध करते हैं। इसमें वह लेखन भी शामिल हैं, जो ज्योतिष, अंधविश्वास और बहुलतावाद का निषेध करता है। इस तरह का लेखन सोशल मीडिया के सामान्य चिंताधारा वाले मित्रों को अपील करता है और उत्तेजित करता है। मजेदार बात यह है कि हिन्दी के अधिकांश लेखक गुदड़ी के लाल होने के गुमान में रहते हैं।

# तीर्थ स्थलों को न बनाएं पर्यटन का अड्डा


दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

> मैदान में ऐसा माना जाता है कि इन महीनो में पहाड़ पर बहुत ठंड पड़ती है, लेकिन ऐसा कुछ नहीं होता उस समय मौसम पूरी तरह से साफ रहता है और ठंड भी ज्यादा नहीं होती है।



तेईस हजार फीट की ऊंचाई पर एक तरफ बर्फ से ढकी चोटियां साफ दिखाई देती हैं तो दूसरी ओर नंगी पठारी शिखर श्रेणियां छाती ताने खड़ी रहती हैं। हिमशिखरों से समय-समय पर हिमनद का हिस्सा टूटा रहता है। काले कबरे पहाड़ों से पत्थर गिरते हैं। इस बीच नागिन की तरह बलखाती पगडंडी पर होता है, एक आम आदमी। मंदाकिनी के तट पर स्थित पवित्र केदारनाथ धाम के मार्ग का कोई यात्री यही वर्णन कर सकता है, लेकिन केदारनाथ की यात्रा अब पहले जैसी नहीं रही।

पहले इस यात्रा में केवल बड़े-बुजुर्ग लोग ही जाया करते थे और तब जब कोई बुजुर्ग चार धाम की यात्रा पर निकलता था तो सारा गांव मिलकर उन्हें विदा करता था। लोग आशीर्वाद लेते थे। गांव के सभी लोग अपने घरों से भेंट (पैसा) लाकर उन्हें देते और कहते थे कि लौट के आओ तो उन्हें मंदिर का प्रसाद अवश्य दें। तब यात्रा श्रद्धा, विश्वास और मर्यादा से जुड़ी थी। यात्रा के दौरान यात्री इस बात का ध्यान रखते थे कि उनसे कोई भूल न हो, कोई अपराध न हो, लेकिन आज अधिकतर यात्रियों में न श्रृद्धा है और न ही विश्वास। यदि श्रद्धा होती तो शिव के धाम को रील बनाने और नाचने की जगह न बनाते। यदि विश्वास होता तो जानते की हर तीर्थ स्थल की कुछ अपनी मर्यादाएं होती हैं जिनका स्वतः पालन करना जरूरी है। आज से ढाई तीन दशक पहले तक हिंदू जनमानस में बद्री-केदार की यात्रा जीवन की अंतिम यात्रा मानी जाती थी। यह गृहस्थ धर्म निभा लेने के बाद कि वो यात्रा थी कि मृत्यु भी हो जाए तो मोक्ष की प्राप्ति हो, पर आज जो लोग महज घुम्मकड़ी तथा वीडियो और रील बनाकर अपने लाइक्स और कमेंट्स बढ़ाने के लिए यात्रा कर रहे हैं,वे उन यात्रियों के लिए भी परेशानी का सबब बनते हैं, जो सच में श्रद्धा भाव के साथ दर्शन को निकले हैं।

केदारनाथ जाने वाले सभी यात्रियों को तीर्थाटन और पर्यटन के अंतर को समझना चाहिए। यह कोई पर्यटन स्थल नहीं है और न ही कोई पिकनिक स्पॉट कि आप वहां ढोल-नगाड़ों के साथ पहुंच जाए जोर-जोर से वाद्य यंत्र बजाकर मंदिर परिसर में नृत्य करने लगे। केदारनाथ करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। हिमालय की इस अलौकिक भूमि पर तपस्वी और साधक अखंड शांति के लिए ध्यान लगाते हैं। इसलिए यहां पर किसी भी प्रकार का शोर करना सांस्कृतिक और पारंपरिक मान्यताओं पर अतिक्रमण है। साथ ही यह वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के नजदीक होने के कारण भी मान्य नहीं है। इसे ध्वनि प्रदूषण के लिहाज से भी देखा जाना चाहिए। केदारनाथ के कपाट खुलते ही जितनी भीड़ इस बार पहुंची इतनी शायद ही पहले कभी रही होगी। अब सवाल यह उठता है कि लोग मई-जून के महीने में ही यहां क्यों आना चाहते हैं, जबकि यहां वर्ष के बाकी दिनों में मौसम ज्यादा अच्छा रहता है। जाने क्यों लोगों में यह धारणा बैठ गई है कि इन धामों की यात्रा गर्मियों में ही की जानी चाहिए। इसके चलते यात्रियों का सारा दबाव मई से लेकर जुलाई तक रहता है, जबकि देखा जाए तो यात्रा के लिए सितंबर-अक्टूबर से बेहतर कोई और वक्त नहीं है।

मैदान में ऐसा माना जाता है कि इन महीनो में पहाड़ पर बहुत ठंड पड़ती है, लेकिन ऐसा कुछ नहीं होता उस समय मौसम पूरी तरह से साफ रहता है और ठंड भी ज्यादा नहीं होती है। पहाड़ का होने के नाते मेरी यही सलाह है कि यदि आपने इन्हीं दिनों आने की जिद न पाली हुई हो तो आप अपनी यात्रा को सितंबर-अक्टूबर तक टाल दीजिए। आज की तुलना में उन महीना में आपकी यात्रा कम खर्चीली, ज्यादा सुविधावाली और पर्याप्त मानसिक सुकून देने वाली होगी। एक सवाल यह भी है कि केदारनाथ की यात्रा को पिकनिक के रूप में लेने, शॉर्ट वीडियो और रील बनाने की यात्रा समझने वाले कितने लोगों को केदारनाथ का असल महात्म्य पता है। भगवान शिव के 11 ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रसिद्ध केदारनाथ को स्कंद पुराण और शिव पुराण में केदारेश्वर भी कहा गया है। मान्यता है कि महाभारत युद्ध के बाद पांडव गोत्र वध पाप से मुक्ति के लिए भगवान शिव के दर्शन हेतु यहां आए थे। पांडवों की परीक्षा देने के लिए भगवान शिव ने महिष का रूप धारण किया, लेकिन पांडवों ने उन्हें पहचान लिया।

पांडवों के छूते ही भगवान का महिष रूप पांच भागों में विखंडित हो गया। खंडित शरीर के भाग जहां-जहां गिरे वे सभी पंच केदार तीर्थ के रूप में प्रतिष्ठित हुए। कहते हैं केदारनाथ में शरीर का पृष्ठ भाग गिरा। यहां मंदिर के गर्भगृह में शिवलिंग न होकर एक टेढ़ी चट्टान के रूप में स्थित प्रस्तर प्रतिमा की पूजा अर्चना की जाती है। उच्च हिमालय पहाड़ी पर स्थित केदारनाथ भूकंपीय दृष्टि से एक अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र है। यहां होने वाली कोई भी गतिविधि यहां के पारिस्थितिक तंत्र और जैव विविधता को प्रभावित करती है। हमें 2013 की आपदा को नहीं भूलना चाहिए जब मुख्य मंदिर को छोड़कर पूरे परिसर को नुकसान पहुंचा था। मुख्य मंदिर के पीछे स्थित अन्य सभी छोटे मंदिर और शंकराचार्य का समाधि स्थल पूरी तरह से मलबे में दब गया था। ईश्वर करें ऐसी आपदा दोबारा न आए। इसके इसके लिए सरकार और स्थानीय प्रशासन को कुछ कड़े नियम बनाने होंगे। सरकार ने ऐसा किया भी है, लेकिन अधिक जिम्मेदारी उन लोगों की है,जो यहां पहुंचते हैं।

## मतदान के लिए जागरुकता बनाम लोलुपता


सलिल पांडेय
मिर्जापुर

लोकसभा चुनाव में अपेक्षित मतदान नहीं होने से लोकतंत्र की मजबूती के हिमायती लोगों में चिंता है। कोशिश यही होती रहती है कि मतदान पिछले चुनाव से अधिक हो। मतदान बढ़ाने के लिए शासकीय और गैर शासकीय प्रयास लगातार किए जाते रहते हैं। वैसे भी आधुनिक संचार क्रांति के दौर में जब अधिकांश लोगों के हाथों में चलती, फिरती और घूमती दुनिया के रूप में एंड्रायड फोन (मोबाइल) है तब तो मतदान का प्रतिशत स्वतः ही बढ़ना चाहिए, लेकिन अभी भी मतदान की महत्ता बतानी पड़ रही है। यह कोई सुखद स्थिति नहीं कही जा सकती।

इस बीच मतदान बढ़ाने के लिए कामर्शियल फर्म्स, कंपनियों तथा दुकानदारों द्वारा मतदान करने के बाद विशेष छूट की घोषणा की जा रही है। उंगली पर निशान दिखाने पर इस तरह के व्यापारी अपने उत्पाद में छूट देने का प्रचार कर रहे हैं। इस छूट के पीछे क्या मतदान बढ़ाने का उद्देश्य है या ग्राहक तलाश की कोशिश है, यह स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता,लेकिन दौराने चुनाव मंचों से मुफ्त सामग्री देने की राजनीतिक दलों की घोषणा के बाद मतदान के लिए इस तरह का ऑफर प्रथम दृष्ट्या प्रलोभन ज्यादा लग रहा है। कहीं-कहीं प्रशासन ने अपने खर्च पर वोट दिलाने का काम किया।

किसी एक को हवाई जहाज के टिकट की व्यवस्था भी की बात सामने आई। इस तरह की व्यवस्था की जाने लगेगी तब इसका भविष्य पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। फिर तो वोट के लिए बहुतेरे मुफ्त हवाई यात्रा का ख्वाब पालने लग जाएंगे। इस पर गहराई से चिंतन किया जाना चाहिए तथा चुनाव आयोग को मतदान के लिए किस तरह की सुविधा दी जाए, यह भी स्पष्ट नियम बनाना चाहिए। अन्यथा इस तरह के प्रलोभनों की आड़ में प्रत्याशी भी यदि लग जाएंगे तो फिर आदर्श आचार संहिता का क्षरण भी होने लग सकता है।

## याद आई ठुकाई


वीर विनोद छाबड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

हमारी शिक्षा-दीक्षा का प्रारंभ एक मिशनरी स्कूल से हुआ था। क्रिसमस डे को हम बरसों तक 'बड़े दिन' की छुट्टी के तौर पर मनाते रहे। खूब केक खाया और ढेर सारी छुट्टियों में ठंड के बावजूद खूब मस्ती लूटी। बाद में उस मिशन स्कूल ने हमारा नाम काट दिया।

दरअसल हमारी अंग्रेजी बहुत कमजोर थी और मैथ भी और ये अभी तक कमजोर है। अब वो बात दूसरी थी कि मां अपनी पड़ोसनों को स्पष्टीकरण देती रही कि हमने खुद ही नाम कटा दिया है। हम भी अपने सखाओं से यही कहते रहे। पिताजी जी ने हमारा दाखिला हिंदी मीडियम के सरकारी जनता स्कूल में लिखवा दिया, जहां सारे त्योहार बड़े जोश-खरोश से मनाए जाते थे। छुट्टियां भी खूब मिलती थीं, लेकिन पिटाई भी जम कर हुई। याद आता है कि पीटी वाले मास्टर जी मुर्गा भी बनाते थे। मैथ वाले मास्टर जी को पीठ पर मुक्का ठोंकने में बहुत आनंद मिलता था। उनके सामने हम लोग बिना कहे पीठ करके खड़े हो जाते थे।

अंग्रेजी वाले मास्टर साहब के सामने हम हथेली खोल खड़े हो जाते, मार लो जितनी छड़ी मारनी है। यानी यूं समझिए कि कक्षा नौ तक मास्टरों ने हमें लेफ्ट-राइट इतना ठोका कि इतना तो घर वालों और बलशाली सखाओं ने भी मिलाकर नहीं ठोका होगा। ठुकाई करने वाले मास्टरों के बारे में हमारा धारणा ये था कि ये भी अपने छात्र जीवन में खूब ठुके होंगे तभी तो हम लोगों से बदला ले रहे हैं। आज एक मास्टर जी जैसी शक्ल वाला दिखा तो याद आई ठुकाई।

# राष्ट्र की उन्नति के लिए आवश्यक है सामाजिक एकीकरण


डॉ. अंजू सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर,बरेली

> राष्ट्रीयता या राष्ट्रीय एकीकरण किसी भूगोल या राजनीति की उपज नहीं है,बल्कि शक्तिशाली और समृद्ध बनने के लिए राष्ट्रीयता को नागरिकों के मस्तिष्क में एक ठोस आधार प्राप्त होना चाहिए।

राष्ट्रीय एकीकरण भारतीय समाज के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है, क्योंकि भारत विभिन्नताओं का देश है और स्वतंत्रता के 77 वर्ष बाद भी भारत में राष्ट्रीय एकीकरण की समस्या निरंतर बनी हुई है। विभिन्न धर्म, मत, पंथ, संप्रदायों के लोग भारत में रहने के बावजूद भी अपनी अलग संस्कृति एवं अलग-अलग नियम, विधि-विधान के अनुसार कार्य एवं व्यवहार करते हैं जिससे भारत की अखंडता को हानि पहुंच रही है। हालांकि कहने के लिए भारत विभिन्नताओं में एकता का देश है और यही विभिन्नता में एकता भारत को विश्व के समस्त राष्ट्रों में अलग पहचान दिलाती है। कहा जाता है कि भारत इंद्रधनुष के सतरंगी रंगों के समान है।

यहां पर विभिन्न धर्म, संप्रदाय, जाति एवं जनजाति के लोग निवास करते हैं और सभी की अपनी विभिन्न प्रकार की बोली, भाषाएं, रीति-रिवाज और परंपराएं हैं जिसके कारण लोगों में जातिवाद, भाषावाद, क्षेत्रवाद, प्रांतीयता, सांप्रदायिकता, विषमता आदि असमानताएं देखने को मिलती हैं, जो कहीं न कहीं भारत के एकीकरण में बाधा बनकर विकराल समस्या उत्पन्न कर रही है। विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने स्वार्थ पूर्ति के कारण भी राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांधने में बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न करते हैं, जिन्होंने अपने स्वार्थ के कारण भारतीय समाज को अलग-अलग जाति और धर्म के स्वार्थ के रूप में विभाजित कर रखा है, जो भारत के राष्ट्रीय एकीकरण में घातक साबित हो रहा है। समय रहते राष्ट्रीय एकीकरण की समस्याओं को दूर करना आवश्यक है जिससे भारत का विकास सुचारू रूप से हो सके। एक समाज या राष्ट्र का निर्माण अनेक परिवारों, समूह, समितियों, संस्थाओं, समुदायों (यहां तक की विभिन्न भूखंडों जिनमें समाज के सदस्य निवास करते हैं) के द्वारा होता है।

इस समाज में अनेक धर्म, जाति, मत, पंथ, संप्रदाय आदि के लोग भी निवास करते हैं और उन लोगों में अपनी भाषा, धर्म और क्षेत्र आदि को लेकर विभिन्न प्रकार की विभिन्नताएं पाई जाती हैं। जिस प्रकार वह सभी लोग एक राष्ट्र में रह रहे हैं तो उनके धर्म, विचार, भाषाएं भी एक ही होनी चाहिए, परंतु ऐसा नहीं है और यही राष्ट्रीय एकीकरण के लिए समस्या उत्पन्न कर रहे हैं। इतनी विभिन्नताओं के बावजूद राष्ट्रीय एकता बनाए रखने एवं विभिन्न प्रजाति, धार्मिक, भाषा-भाषी, भौगोलिक समूहों को एक सूत्र में बंधे रहने की स्थिति को ही राष्ट्रीय एकीकरण कहते हैं। राष्ट्रीय एकीकरण विभिन्नताओं के बीच में समाज के लोगों में एक होने की दृढ़ भावना की अभिव्यक्ति है ताकि उनमें राष्ट्रीयता की भावना पनप सके और वह स्वयं की सामान्य सामाजिक, सांस्कृतिक व राजनीतिक जीवन में सक्रिय हिस्सेदारी समझ सके। राष्ट्रीय एकता या एकीकरण विभिन्नताओं के बीच एकता के सूत्र को ढूंढने और इस सूत्र में जन-जीवन को पिरोने की प्रक्रिया है।

राष्ट्रीयता या राष्ट्रीय एकीकरण किसी भूगोल या राजनीति की उपज नहीं है, बल्कि शक्तिशाली और समृद्ध बनने के लिए राष्ट्रीयता को नागरिकों के मस्तिष्क में एक ठोस आधार प्राप्त होना चाहिए। एक प्रजातंत्र में केवल प्रजा के होने से ही काम नहीं चलता, बल्कि समाज के सदस्यों को नागरिक भी बनना होगा और नागरिकता केवल तभी संभव है जब प्रत्येक व्यक्ति यह अनुभव करे कि उसकी राष्ट्र के एकीकरण के लिए महत्वपूर्ण भूमिका है और वह राष्ट्र का अभिन्न हिस्सा है। इससे राष्ट्रीय एकीकरण में सहायता प्राप्त होगी और भारत के निवासियों में सद्भावना का भाव उत्पन्न होगा। राष्ट्रीय एकीकरण की आवश्यकता राष्ट्र की एकता अखंडता और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अत्यधिक आवश्यक है। राष्ट्र के प्रति, संपूर्ण समाज के प्रति नागरिकों के कर्तव्य एवं उन कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रेरणा देने के लिए भी राष्ट्रीय एकीकरण की महती आवश्यकता है। सोशल मीडिया ने भी राष्ट्रीय एकीकरण को बहुत क्षति पहुंचाई है। सोशल मीडिया के माध्यम से छोटी सी न्यूज को बड़ा मुद्दा बनाकर सांप्रदायिकता के रूप में परिवर्तित कर दिया जाता है, जो राष्ट्र के लिए घातक सिद्ध हो रहा है।

आज मीडिया राष्ट्रीय एकीकरण में बाधा बन रही है। भारत के विभिन्न प्रदेशों या क्षेत्रों में रहने वाले लोगों में परस्पर विरोध, तनाव एवं संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। उसे दूर करने के लिए भी राष्ट्रीय एकीकरण की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। देश में सांप्रदायिक एकता का वातावरण उत्पन्न करने के लिए राष्ट्रीय एकीकरण अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकता है। लोगों को एक-दूसरे की भाषा से प्रेम करने की भावना को प्रोत्साहित किया जाए। इसीलिए किसी भी भाषा और धर्म के प्रति सम्मान और सद्भावपूर्ण व्यवहार राष्ट्रीय एकीकरण के लिए सहायक सिद्ध होगा।

## परिवर्तन की उम्मीद


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

यह बात करीब नौ महीने पहले की है। इंफोसिस के फाउंडर नारायण मूर्ति ने एक बयान दिया था कि कर्मचारियों को सप्ताह में 70 घंटे काम करना चाहिए। इसके ठीक विपरीत अंग्रेजी के एक राष्ट्रीय अखबार ने छापा है कि कंपनियां प्रतिभा को बनाए रखने के लिए चार दिवसीय कार्य सप्ताह, कौशल और मानसिक कल्याण की शुरुआत कर रही हैं। यह अब कर्मचारियों के लिए सिर्फ पैसे के बारे में नहीं है।

यह बहुत समय पहले की बात नहीं है जब आदर्श कार्यस्थल वह हुआ करता था, जो प्रतिस्पर्धी वेतन प्रदान करता हो। युवा सहस्त्राब्दी और जेन जेड कर्मचारियों (जेन जेड वो है, जो 1997 से 2012 के मध्य पैदा हुए) का बढ़ता अनुपात अब वित्तीय सुख-सुविधाओं से परे दिखता है। यह अधिक समग्र कार्य जीवन की मांग करता है, जो उन्हें अन्य गतिविधियों का आनंद लेने और काम पर सीखने का मौका दे। पिछले चार वर्षों में, कार्यस्थल में महामारी के कारण आवश्यक बड़े बदलाव देखे गए हैं जिसने वर्क फ्रॉम होम को आदर्श बना दिया है। इन परिवर्तनों ने अधिकांश भारतीय कंपनियों में भर्तीकर्ताओं को नीतियों में बदलाव करने के लिए मजबूर कर दिया है, क्योंकि वे युवा कर्मचारियों की महत्वाकांक्षाओं से मेल खाते हैं और प्रतिभा को बनाए रखते हैं।

एक बार इसे पश्चिमी अवधारणाओं, हाइब्रिड कार्य, एक अधिक समावेशी और न्यायसंगत कार्य संस्कृति और अधिक महत्वपूर्ण रूप से देखा जाता है। तकनीकी प्रगति (जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग) के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए कर्मचारियों को बेहतर कौशल प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है और नेतृत्व पाठ्यक्रम अब एचआर प्रतिभा खोज मॉड्यूल का एक अभिन्न अंग बन रहे हैं। ऐसे में देश में निजी क्षेत्र में काम करने की स्थिति में परिवर्तन की उम्मीद महसूस होने लगी है। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के प्रभावी होने में वैसे अभी कुछ समय हैं, लेकिन यह सिर पर खड़ी है। इसके आते ही कपनियों में काम काज अप्रत्याशित रूप से बदलने वाला है।

# बस बन गई आग का गोला चालक की मौत, 11 घायल

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर हुआ हादसा, परिजनों में कोहराम

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर लखनऊ से दिल्ली जा रही स्लीपर बस डिवाइडर से टकराकर आग का गोला बन गई। शार्ट सर्किट से आगे के हिस्से से लगी आग में घिरने से बस के ड्राईवर की झुलसने से मौत हो गई। यात्रियों ने शीशे तोड़कर अपने को बचाया, फिर भी 11 अन्य यात्री गंभीर रूप से झुलस गए। फायर ब्रिगेड के न पहुंचने पर यूपीडा के टैंकर से कड़ी मशक्कत करके आग पर काबू पाया गया। पुलिस ने घायलों को सैफई के इमरजेंसी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया है।

लखनऊ से स्लीपर बस 42 सवारी लेकर दिल्ली के लिए चली थी। बस शुक्रवार की रात दो बजे एक्सप्रेस-वे के रास्ते चलकर थाना चौबिया क्षेत्र में लहुरीपुरा एक्सप्रेस-वे के चैनल नंबर 118 पर पहुंची। तभी बस अचानक से अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जाकर टकरा गई। इससे बस के इंजन में आग लग गई और सवारियों में चीख-पुकार मचने लगी।

ड्राईवर ने बस को किनारे खड़ा किया और निकलने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं निकल सका। कुछ सवारियां गेट से निकलीं तो कुछ ने खिड़कियों के शीशे तोड़े और कूदकर अपने को बचाने का प्रयास किया। देखते ही देखते बस आग का गोला बनकर धूं-धू कर जलने लगी।

जानकारी पर पहुंची पुलिस व यूपीडा टीम ने जैसे तैसे आग में फंसे ड्राईवर को बाहर निकाला, लेकिन तब तक आग में जलकर उसकी मौत हो चुकी थी। आनन-फानन में हादसे में घायल 11 सवारियों को सैफई ट्रामा सेंटर में भेजा गया। सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

ड्राईवर की शिनाख्त गोरखपुर के थाना मंगलपुर के टोला ढोलगंज में रहने वाले 40 साल के नासिर खान के रूप में हुई। परिजनों को सूचना दी गयी, परिजन रोते बिलखते दोपहर बाद यहां पहुंचे।


आग से जली स्लीपर बस।। अमृत विचार

### हादसे में ये लोग हुए घायल

- कानपुर पनकी रानीपुरा का अंशुल, बस का कंडक्टर इटावा भरथना के गांव नगला चित्त बाहरपूरा का अनिल कुमार उर्फ सुधांशु, जिला सुल्तानपुर के थाना करोदी कला क्षेत्र के गांव गोपालपुर सराय का आदित्य, गोरखपुर के कोड़ीराम के गांव धंस का विपुल कुमार, लखनऊ अलीगंज का मोहम्मद असद, पश्चिम बंगाल मालदा वेस्ट का समशुल शेख, महफूज आलम, अमेठी गौरीगंज का विपिन, प्रयागराज का कुशल, लखनऊ राजाजी पुरम का बेजुल हक।

# चलती ट्रेन से गिरकर सिक्योरिटी गार्ड की मौत

संवाददाता इकदिल, इटावा

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में पानी लेने के चक्कर में चलती ट्रेन से गिरने से सिक्योरिटी गार्ड की कटकर मौत हो गई। खबर मिलते ही घर मे कोहराम मच गया।

जिला औरैया में थाना अछल्दा क्षेत्र में गांव नोनकपुर हाल पता हरियाणा फरीदाबाद में थाना सूरजकुंड के मोहल्ला दयालपुर में रहने वाले चंद्रभान (55) अपने छोटे भाई मुलायम सिंह के साथ शनिवार सुबह अछल्दा रेलवे स्टेशन से पैसेंजर ट्रेन में सवार होकर फरीदाबाद जा रहे थे।

ट्रेन इकदिल स्टेशन पर आकर रुकी तो पानी की बोतल भरने के लिए अधेड़ ट्रेन से नीचे उतरा, अचानक ट्रेन हार्न देकर चलने लगी। ट्रेन छूटने के डर से वह दौड़कर पकड़ने लगा, पैर फिसलने से नीचे गिर गया जिससे चंद्रभान की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मृतक के छोटे भाई मुलायम ने बताया कि भाई फरीदाबाद में बैंक में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करके परिवार का भरण पोषण कर रहा था। मृतक भाई की एक बेटी लक्ष्मी और बेटा अरुण है। पत्नी रामसुती देवी के साथ मां मिठानी देवी व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

### पैर फिसलने से ट्रेन के नीचे गिरे व्यक्ति की गई जान

**इकदिल।** औरैया जिले के अछल्दा थाना क्षेत्र के गांव नोनिकपुर निवासी चंद्रभान (55)पुत्र रामसेवक हाल पता दयाल पुर फरीदाबाद अपने छोटे भाई मुलायम सिंह के साथ शनिवार सुबह अछल्दा रेलवे स्टेशन से पैसेंजर ट्रेन में बैठकर फरीदाबाद के लिए निकले थे। ट्रेन इकदिल स्टेशन पर आकर के खड़ी हुई तो वह पानी की बोतल भरने ट्रेन से नीचे उतर गया। वह बोतल भर रहा था तभी ट्रेन चल दी। वह दौडकर ट्रेन पर चढने लगा तभी उसका पैर फिसल गया और ट्रेन के नीचे आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

# इटावा के संविदाकर्मी की होटल में मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शुक्रवार की देर रात तीन साथियों के साथ आया था शहर
- चकरनगर ब्लाक में खंड प्रेरक के तौर पर तैनात था

**अमृत विचार।** तीन साथियों के साथ खरीदारी करने आए ब्लॉक संविदाकर्मी की हरबंश मोहाल स्थित होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम में मौत की वजह स्पष्ट नहीं होने से बिसरा सुरक्षित कर लिया गया है।


नारायण सिंह।

इटावा के बगिया अड्डा फ्रेंड्स कालोनी निवासी नारायण सिंह (36) चकरनगर ब्लाक में संविदा पर खंड प्रेरक के रूप में कार्यरत थे। शुक्रवार की रात वह तीन दोस्तों न्योरी के प्रधान जितेंद्र सिंह, चांदाई के प्रधान विपिन सिंह और चकरनगर निवासी कारोबारी कुशल सिंह के साथ खरीदारी करने के लिए कार से शहर आए थे।

देर रात वह हरबंश मोहाल थाना क्षेत्र के घंटाघर स्थित प्रिया होटल में रुके थे। मामा कौशल किशोर ने बताया कि वह घर से बिना बताए निकला था।

दोस्तों ने बताया कि वे लोग रात करीब 10 बजे होटल पहुंचे और किराये पर दो कमरे लिया। इसके बाद सभी ने शराब पी। इसके बाद उन्होंने खाना खाने के लिए नारायण को आवाज दी तो कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई।

बेहोशी की हालत में वह उसे हैलट अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पर पहुंची हरबंश मोहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसीपी कलक्टरगंज मोहसिन खान ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, बिसरा सुरक्षित रख लिया गया है। परिजनों ने किसी प्रकार का आरोप नहीं लगाया है।


घटना की जानकारी देते साथी और परिजन। अमृत विचार

# महिला ने फांसी लगाकर जान दी

**जसवंतनगर, इटावा।** बलरई थाना क्षेत्र के महामाई गांव में एक 35 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उक्त गांव निवासी गीतम सिंह की 35 वर्षीय पत्नी सुधा जो सुबह घर पर अकेली थी उसका 11 वर्षीय बेटा आर्यन व 9 वर्षीय बेटी सेजल अपनी दादी के साथ आम के पेड़ों की रखवाली करने के लिए गए हुए थे। पति मक्का के खेत में पानी लगाने गया था। दोपहर करीब 11 बजे बच्चे दादी के लिए पानी लेने घर पर आए तो गेट बंद था। बच्चों ने अपनी मां को आवाज लगाई किंतु गेट नहीं खुला तो उन्होंने टूटी हुई खिड़की से झांक कर देखा तो सुधा पंखे के कुन्दे में साड़ी से फांसी के फंदे पर लटकी हुई दिखाई दी। बच्चों की चीख पुकार सुन मोहल्ले पड़ोस के लोग भी पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक संजय दुबे ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया। मायके पक्ष की ओर से भी लोग पहुंच गए थे। आत्महत्या के पीछे कारणों का पता नहीं चल सका है। बताया जा रहा है कि एक दिन पहले ही सुधा अपने पति के साथ बाइक से बाजार करने भी गई थी। दोनों के बीच किसी तरह का कोई मनमुटाव नजर नहीं आ रहा था। समाचार लिखे जाने तक मायके पक्ष की ओर से किसी भी तरह की कोई तहरीर नहीं दी गई थी। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


सुधा।

# धूमधाम से मनाएंगे पृथ्वी राज चौहान की जयंती

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- फ्रेंड्स कॉलोनी में हुई क्षत्रिय स्वाभिमान मंच की बैठक

**अमृत विचार।** क्षत्रिय स्वाभिमान मंच की बैठक प्रदेश कार्यालय फ्रेंड्स कॉलोनी में हुई। इसमें पृथ्वीराज चौहान जयंती को लेकर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम सात जून को इटावा के पचावली रोड पर स्थित संगठन के संरक्षक मंडल के वरिष्ठ सदस्य राजन सिंह चौहान के प्रतिष्ठान शगुन वाटिका में शाम 4 बजे आयोजित होगा।

संगठन के अध्यक्ष विकास सिंह भदौरिया उर्फ कुन्नू भैया ने से लोगों से कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, अनिल चौहान, गुड्डू राजावत, विवेकानंद भदौरिया, अंजू ठाकुर, दीपू चौहान, अभय भदौरिया, सर्वेश तोमर, अमित भदौरिया, उपेंद्र भदौरिया, महेश चौहान आदि लोग मौजूद रहे।


क्षत्रिय समाज की बैठक में भाग लेते कुन्नू भैया। अमृत विचार

# भागवत कथा सुनने से होता है जीव का कल्याण


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

संवाददाता चकरनगर, इटावा

- प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर से निकाली गई कलश यात्रा

**अमृत विचार।** बीहड़ में स्थित तपोभूमि आश्रम के सानिध्य में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ 151 कलशों की यात्रा से हुआ। प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर से शुरू हुई कलश यात्रा नवादा खुर्दकला होकर बहादुरपुरघार से होते हुए वापस मंदिर परिसर में पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु शामिल हुईं।

कथावाचक आचार्य पं नंद किशोर दुबे पनकी कानपुर ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा, ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है।

श्रीमद्भागवत कथा के श्रावण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। परीक्षित बाला जी महाराज समेत तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

### मित्र के दुख से दुखी न होने पर लगता है पाप

**महेवा, इटावा।** विकास खंड क्षेत्र महेवा के ग्राम खरगूपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कथा वाचक आचार्य रामश्याम ने सुदामा चरित्र की कथा सुनाई। बताया कि आज के युग में दोस्ती स्वार्थ पूर्ण होती जा रही है। सुदामा ने अपनी दरिद्रता होने के बाद भी अपने मित्र श्रीकृष्ण से कभी भी धन दौलत कुछ भी नहीं मांगा जो आज भी एक उदाहरण बना हुआ है। उन्होंने कहा कि मित्र के दु:ख से दु:खी नहीं होते, उन्हें देखने से ही बड़ा पाप लगता है | कहा कि दोस्ती निस्वार्थ भाव से होनी चाहिए। कथा के दौरान श्री कृष्ण-सुदामा के मिलन की सजीव झांकी सजाई गई। इस दौरान परीक्षित मुन्नी दीक्षित, रामप्रकाश दीक्षित सहित श्रोतागण भावविभोर होकर कथा का रसपान करते रहे।


कथा श्रवण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# युवा शेर करेंगे प्रजनन, बुजुर्गों के होंगे दीदार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** इटावा स फारी पार्क में पर्यटकों को अब सबसे ज्यादा शावकों को जन्म देने वाली शेरनी जेसिका के दीदार कराए जाएंगे। साथ ही शेरनी हीर और शेर गीगों के दीदार भी होंगे। जबकि युवा शेर प्रजनन के लिए रखे जाएंगे। इन बुजुर्ग शेरों को पर्यटकों के दीदार के लिए छोड़ा गया है।

सफारी प्रशासन ने बुजुर्ग हो रहे शेर और शेरनियों को विचरण वाले स्थान पर खुले क्षेत्र में छोड़ने का फैसला लिया है।15 साल की हो चुकी शेरनी जेसिका, 16 साल की शेरनी हीर और 15 साल के शेर गीगो को पर्यटकों के दीदार के लिए छोड़ा जाएगा। सफारी पार्क में दो शेर गोरखपुर भेजने के बाद अब इनकी संख्या 13 बची है।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव संजय श्रीवास्तव ने शनिवार को लॉयन सफारी क्षेत्र के द्वितीय भाग का शुभारंभ किया तथा झंडी दिखाकर पर्यटक बस को सफारी क्षेत्र के लिए रवाना किया गया।


लायन सफारी के द्वितीय भाग का शुभारंभ करते प्रधान वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव।

### प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने सफारी पार्क का किया निरीक्षण

**इटावा।** प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव संजय श्रीवास्तव ने इटावा सफारी पार्क का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने इटावा सफारी पार्क के लेपर्ड सफारी, एंटीलोप सफारी, डियर सफारी, भालू सफारी, ब्रीडिंग सेंटर, चिकित्सालय व लॉयन सफारी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वन्यजीवों के स्वास्थ्य आदि पर चर्चा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान सफारी पार्क के निदेशक डॉ. अनिल कुमार, उप निदेशक डॉ. विनय कुमार सिंह, बायोलॉजिस्ट बीएन सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# डीएम व एसएसपी ने सेंट्रल जेल की देखीं व्यवस्थाएं

**इटावा।** डीएम व एसएसपी ने शनिवार को सेंट्रल जेल का निरीक्षण किया।अधिकारियों ने साफ सफाई से लेकर अन्य व्यवस्थाओं को देखा और बैरकों में जाकर कैदियों का हाल-चाल भी जाना।

डीएम अवनीश राय, एसएसपी संजय वर्मा, एडीएन अभिनव रंजन श्रीवास्तव, एसडीएम व सीओ सैफई के साथ सेंट्रल जेल का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे थे। सबसे पहले जेल परिसर में साफ सफाई का जायजा लिया । बाद में बैरकों में जाकर कैदियों का हाल-चाल भी जाना। महिला कैदियों से पूछताछ की तथा खान-पान से लेकर चिकित्सा सुविधा आदि की व्यवस्था सुचारू रूप से किए जाने के लिए वरिष्ठ जेल अधीक्षक डा. रामधनी को निर्देश दिए।

अधिकारियों ने वरिष्ठ जेल अधीक्षक से सेंट्रल जेल की अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी की। बुधवार को जिला जज चवन प्रकाश, एडीजे श्वेता श्रीवास्तव व सीजेएम नीरज कुशवाहा ने भी सेंट्रल जेल का निरीक्षण करके व्यवस्थाओं को देखा था।

# तीन मोर की हत्या, दो शिकारी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- तीसरा आरोपी बाइक लेकर मौके से भाग निकला

**अमृत विचार।** फ्रेंड्स कॉलोनी इलाके में उदयपुरा गांव के पास शिकारियों ने तीन राष्ट्रीय पक्षी मोरों की हत्या कर दी। जानकारी होने पर लोगों ने दो शिकारियों को पकड़ कर के पुलिस के हवाले कर दिया है जबकि एक शिकारी मोटरसाइकिल लेकर भाग गया। पुलिस भागे शिकारी की तलाश में जुटी है।

बताया जाता है कि शनिवार को उदयपुरा गांव के पास घात लगा कर तीन शिकारियों ने तीन मोरों को मार डाला। इसके बाद शिकारी तीनों मोरों को लेकर के जाने की तैयारी में थे इसी बीच स्थानीय लोगों को जानकारी मिल गई। लोगों ने दो शिकारियों को पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। जबकि एक शिकारी मोटरसाइकिल लेकर भाग निकला। प्रभागीय वन निदेशक अतुलकांत शुक्ला ने बताया कि तीन राष्ट्रीय पक्षी मोरों की हत्या किए जाने की सूचना मिली थी। इस सिलसिले में इलाकाई रेंजर और फॉरेस्ट गार्ड को निर्देशित कर दिया गया है। फ्रेंड्स कॉलोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम से इस बात की जानकारी मिल सकेगी उनकी हत्या किस प्रकार से की गई है। मोरों की हत्या में एक स्थानीय व दो राजस्थान के शिकारी हैं।

बच्चों की चिंता | पुलिस लाइन सभागार में जेजे एक्ट के संबंध में हुई कार्यशाला

# जुवेनाइल मामलों को गंभीरता से लें पुलिसकर्मी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** पुलिस लाइन सभागार में एसपी क्राइम सुबोध गौतम की अध्यक्षता में जेजे एक्ट विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें एक्ट से जुड़े विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। एसपी क्राइम ने कहा कि जुवेनाइल मामलों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। पुलिस बाल कल्याण अधिकारी इस संबंध में नियमित ज्ञानार्जन करते रहें तथा ग्रुप डिस्कशन भी अवश्य करें।

जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह के निर्देशन में पहुंचे बाल संरक्षण अधिकारी सोहन गुप्ता ने कहा कि पुलिसकर्मियों को अपराध में संलिप्त बच्चों के साथ सामान्य व्यवहार करना चाहिए। उन्हें बिना वर्दी पहने ही बाल कल्याण समिति अथवा बाल न्याय बोर्ड कै समक्ष पेश करना चाहिए। पेश करने से पूर्व चिकित्सकीय परीक्षण कराया जाना आवश्यक है।

उन्होंने बाल कल्याण समिति व बाल कल्याण बाल न्याय बोर्ड की कार्यप्रणाली पर जानकारी दी। कार्यशाला में सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम कुमार शाक्य, चाइल्ड हेल्पलाइन की जिला कोऑर्डिनेटर कीर्ति गुप्ता, आंकड़ा विश्लेषक उमर मुर्तजा, अलावा एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी विजय कुमार पांडेय उनके साथ रहे।

थाना जीआरपी, सिविल लाइन, कोतवाली, जसवंतनगर, बलरई, इकदिल, बढ़पुरा, चकरनगर, सहसों, बकेवर, ऊसराहार, भरेह, बिठौली, चौबिया आदि जनपद के विभिन्न थानों से पुलिस बाल कल्याण अधिकारी के रूप में नामित सब इंस्पेक्टर तथा महिला पुलिसकर्मी मौजूद रहे।


कार्यशाला में भाग लेते अधिकारी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### रहस्यमय ढंग से लापता हुई किशोरी

**बकेवर, इटावा।** लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम बिझावली से बहादुरपुर घार स्थित बैंक शाखा से रुपये निकालने गई 16 वर्षीय किशोरी रहस्यमढंग से लापता हो गई। परिजनों ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम निवासी अतरसिंह ने बताया कि उसकी पुत्री 22 मई को घर से सुबह 10 बजे बहादुरपुर स्थित बैंक से रुपये निकालने के लिए गई थी। देर शाम तक घर नहीं लौटी तो उसकी खोजबीन की। उसका कहीं कोई पता नहीं चला। थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### टेंपो की टक्कर से ब्लॉक मिशन प्रबंधक घायल

**चकरनगर, इटावा।** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विकासखंड चकरनगर में तैनात ब्लॉक मिशन प्रबंधक बृजराज सिंह अपने निवास बकेवर से चकरनगर विकासखंड में ड्यूटी पर जा रहे थे। विकासखंड से एक किलोमीटर पहले बछेड़ी गांव के पास ऑटो ने सामने से आकर टक्कर मार दी। घायल अवस्था में प्राथमिक उपचार चकरनगर स्वास्थ्य केंद्र पर कराया गया। बृजराज सिंह अस्पताल में जिंदगी मौत से जूझ रहा है।

### विषाक्त पदार्थ के सेवन से महिला की गई जान

**इटावा।** फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के मोहल्ला शांति कॉलोनी में एक महिला ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। उक्त मोहल्ला निवासी सुजीत की 35 वर्षीय पत्नी ज्योति ने किसी बात से नाराज होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। गंभीर हालत को देखते हुए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### स्वास्थ्य शिविर में 90 मरीजों को बांटी गई दवा

**जसवंतनगर, इटावा।** सर्वोच्च शिक्षा प्रौद्योगिकी जनकल्याण संस्थान के तत्वावधान में ग्राम मलाजनी के प्राथमिक विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। 90 मरीजों को नि:शुल्क दवा भी वितरित की गई। डॉ. नंदन सूर्यवंशी, डॉ. चंद्रशेखर, नर्स सुरक्षा शिवहरे ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा दवाइयां भी प्रदान की। संस्था के पूर्व अध्यक्ष डॉ. मुन्नेश यादव ने लोगों को बताया भीषण गर्मी में ज्यादा बाहर न निकलें। ओआरएस का घोल और पानी ज्यादा से ज्यादा पिएं। इस दौरान कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी, जिलाध्यक्ष उमाकांत दुबे, ब्लॉक अध्यक्ष लालाराम, महिला प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष सीमा तोमर, शशि राजावत, प्रधान प्रतिनिधि सीमा देवी उपस्थित रहे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान की मौत

**बसरेहर।** थाना चौबिया के अंतर्गत लोहिया नहर से विधूनी मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान की मौत हो गई। पंचम सिंह पुत्र दीनदयाल उम्र 55 वर्ष निवासी विधूनी दोपहर में अपने घर से मवेशी को चराने के लिए नहर के किनारे पहुंचे। मवेशी पानी पी रही थी तभी सड़क पार करते समय अचानक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गये। आसपास गांव में मौजूद किसानों ने वाहन चालक को पकड़ने का प्रयास किया परंतु सफलता नहीं मिली । वहीं घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। परिजनों ने एंबुलेंस से उन्हें जिला अस्पताल में पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई।

### बीडीओ ने किया गौशाला का निरीक्षण

**बसरेहर, इटावा।** बसरेहर विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत ऊनवा संतोषपुर में बनी गौशाला का खंड विकास अधिकारी यदुवीर सिंह राजपूत निरीक्षण करने पहुंचे। गौशाला के कर्मचारियों को तीन माह से मानदेय नहीं दिया गया था। मीडिया में मामला आने के बाद निरीक्षण से पहले ही दोनों कर्मचारियों को सुबह ही मानदेय दे दिया गया। गौशाला के निरीक्षण में 75 गोवंश पाए गए। 20 गोवंश कम मिले। गोवंश को पानी पीने के लिए नादों में गंदगी मिली। दाना होने के बाद भी चार दिन से गोवंश को दाना नहीं दिया। दोनों कर्मचारी मौके पर मिले। जिम्मेदार सचिव मौके पर नहीं मिले। वहीं जांच करने पहुंचे अधिकारियों ने बताया इन लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सपा प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे ने जताया अभार


जितेंद्र दोहरे।

**महेवा, इटावा।** इटावा लोकसभा क्षेत्र के सपा प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे ने इंडिया गठबंधन को सहयोग और आशीर्वाद देने पर मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि हमारे जनप्रिय नेता, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मुझ जैसे साधारण कार्यकर्ता को इस चुनाव में भागीदार बनाकर जनता की सेवा करने का जो बहुमूल्य अवसर दिया है। उनका हृदय से आजीवन आभारी रहूंगा।

### खंड प्रेरक के निधन पर शोक जताया

**महेवा, इटावा।** ब्लाक चकरनगर में तैनात खंड प्रेरक नारायण सिंह का साइलेंट अटैक पड़ने से निधन हो गया। उनके निधन पर एडीओ पंचायत इंद्रपाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित शोक सभा में अधिकारियों कर्मचारियों ने शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करने वालो में शैलेंद्र सिंह, लिपिक सुरजीत, कुलदीप सिंह, जेई एमआई चंद्र पाल सिंह, वीटी शिव मंगल सिंह यादव, बीसी संतोष कुमार, मनोज दुबे, कमलेश राजपूत, रितिक कुमार, दुर्गेश बाल्मीकि आदि शामिल रहे।

### महिलाओं ने की राशन डीलर की शिकायत

**महेवा।** ग्राम पंचायत बम्हौरा में राशन डीलर के पुत्रों ने रमपुरा की महिलाओं के साथ अभद्रता की थी। जिससे आक्रोशित महिलाओं ने चौकी महेवा पर प्रार्थना पत्र दिया। इसके बाद उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर महिलाओं व पुरुषों ने प्रार्थना पत्र दिया। वितरण में धांधली सहित बाल्टी में भरकर गेहूं, चावल तौल करने की शिकायत की है । शिकायतकर्ताओ में माया देवी, मधु, विमलेश कुमारी, मार्गी, गोल्डी, रामवती, नेहा, श्रीकांति, देवकी, पूजा देवी, राधा रानी, रेनू, रानी देवी, माया देवी, शांति देवी, उमेश, अनीता, रिंकू आदि शामिल रहे।

# जांच कमेटी ने विद्युत कर्मियों के लिए बयान

## चीफ इंजीनियर की मौजूदगी बनी चर्चा का विषय, पांचवें दिन भी जारी रहा कर्मचारियों का धरना



विद्युत कर्मियों के बयान दर्ज करती जांच टीम। अमृत विचार



हड़ताली कर्मियों से वार्ता करते सीडीओ एवं एडीशनल एसपी। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, औरैया**

**अमृत विचार।** असेनी पावर हाउस स्थित विद्युत वितरण खंड कार्यालय पर विद्युत कर्मियों का एक्सईएन के खिलाफ धरना-प्रदर्शन पांचवे दिन भी जारी रहा। शनिवार को जांच टीम ने मौके पर पहुंचकर कर्मचारियों के बयान दर्ज किए।

ज्ञात रहे अधिशाषी अभियंता नेहा सिंह पर उत्पीड़न तथा दुर्व्यहार का आरोप लगाते हुए दिबियापुर डिवीजन के सभी एसडीओ एवं जेई समेत लाइनमैन व मीटर रीडर धरना दे रहे हैं।

एक्सईएन के खिलाफ मिलीं शिकायतों पर दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता द्वारा बुधवार को एक तीन सदस्यीय टीम गठित की गई थी। टीम में शामिल सदस्यों ने शनिवार को एक्सईएन कार्यालय पहुंचकर पीड़ितों के बयान दर्ज किए। इससे पूर्व मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दिगंबर सिंह कुशवाहा के साथ पावर हाउस पहुंचे और प्रर्दशनकारियों से मुलाकात कर धरना समाप्त करने की अपील की, लेकिन हड़ताली कर्मचारी नहीं माने।

- **सीडीओ, एएसपी ने कर्मचारियों को दी कार्रवाई की चेतावनी**

सीडीओ एवं एएसपी ने हिदायत दी कि जनपद में निषेधाज्ञा लागू है शाम तक धरना खत्म नहीं हुआ तो कार्रवाई होगी। इस पर मौजूद कर्मियों ने कहा कि कमेटी के जांच करते ही धरना प्रदर्शन समाप्त हो जाएगा। समाचार लिखे जाने तक जांच कमेटी ने संबंधित कर्मियों के बयान दर्ज कराए। इस दौरान चीफ इंजीनियर रामप्रकाश गुप्ता की मौजूदगी चर्चा का विषय रही।

कार्यालय के बाहर मौजूद अधीनस्थ कर्मियों में चर्चा रही कि जब जांच टीम में चीफ इंजीनियर शामिल नहीं है तो उनके यहां आने का क्या औचित्य है।

वहीं अधिशाषी अभियंता नेहा सिंह भी कार्यालय पहुंची। शुक्रवार को एसडीएम औरैया भी मौके पर पहुंचे थे लेकिन वह कर्मचरियों के प्रदर्शन को खत्म नहीं करा सके। इस दौरान विरोध प्रदर्शन कर रहे कर्मियों ने आरोप लगाया कि जब जांच कमेटी गठित हो गई है तो उसके बाबजूद एक्सईएन का नियमित कार्यालय पहुंचना जांच को प्रभावित करने का षडयंत्र है।

# दिल्ली पिज्जा प्वाइंट रेस्टोरेंट में लगी आग, लाखों के नुकसान की आशंका

**कार्यालय संवाददाता, औरैया**

**अमृत विचार।** दिबियापुर थाना क्षेत्र के फफूंद-दिबियापुर मार्ग पर एक रेस्टोरेंट में आग लग गई। ऊपरी मंजिल पर फंसे परिवार को बाहर निकाला गया। दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग से लाखों के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

शुक्रवार रात फफूंद-दिबियापुर मार्ग पर स्थित दिल्ली पिज्जा प्वाइंट के मालिक चंदन गुप्ता पुत्र प्रदीप गुप्ता निवासी इंद्रा नगर दिबियापुर दुकान बंद करके चले गए थे। देर रात लगभग 12 बजे लोगों ने दुकान से धुआं निकलता देखा तो रेस्टोरेंट मालिक सहित पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश बाबू चौहान पुलिस बल के साथ पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

मौके पर किसी ने बताया कि रेस्टोरेंट के ऊपरी मंजिल पर रमेश अवस्थी परिवार समेत फंसे हैं। इसके बाद परिवार को सुरक्षित बाहर निकाला गया। स्थानीय लोगों के अनुसार मकान मालिक रमेश अवस्थी पुत्र विशंभर दयाल अवस्थी ने मकान के ग्राउंड फ्लोर दिल्ली पिज्जा प्वाइंट के मालिक चंदन गुप्ता पुत्र प्रदीप गुप्ता किराए पर दे रखा है। वहीं आग लगने की बात कही जा रही है।



रेस्टोरेंट में लगी आग। अमृत विचार

- **ऊपरी मंजिल पर फंसे परिवार को सुरक्षित निकाला गया**

लगभग दो वर्ष पहले पड़ोस के कपड़े के शोरूम पब्लिक में आग से लाखों की क्षति हुई थी। दो लोगों की दम घुटने से मौत भी हो गई थी। जबकि अन्य परिवार के लोगों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया था। सीओ एमपी सिंह ने बताया कि दिबियापुर-फफूंद रोड पर दिल्ली पिज्जा प्वाइंट में रात में लगभग 12 बजे आग लग गई थी। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया।

# लाखों के जेवरात और नकदी चोरी

**कार्यालय संवाददाता, औरैया**

**अमृत विचार।** अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के कुंजीपुर गांव के एक घर से चोरों ने लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पार दी। रात को जब परिजन पानी पीने के लिए उठे तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। मामलवे की सूचना पुलिस को दी गई। रात में ही पुलिस पहुंची और घटना की जानकारी ली। ग्रामीणों का आरोप है कि अनंतराम पुलिस चौकी के पुलिस कर्मियों द्वारा गश्त न करने से चोरी की घटनाओं में इजाफा हुआ है।

अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के अनंतराम चौकी क्षेत्र के गांव कुंजीपुर के रहने वाले गिरीश चंद्र की पत्नी मूरत श्री अपने दो बेटों सुरेंद्र कुमार और अभिनेंद्र कुमार और पुत्री पुष्पा के साथ रहती है। सुरेंद्र कुमार पानी के बतासे का ठेला लगाता है। अप्रैल में सुरेंद्र कुमार की औरैया में शादी हुई थी।

शुक्रवार की रात अभिनेंद्र बाहर कमरे में और मां और बहन बरामदे में सोए थे। जबकि सुरेंद्र अपनी पत्नी मोनिका के साथ छत पर था। तभी रात में चोर घर में घुसे और लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पार कर दी। जब रात में अभिनेंद्र कुमार पानी पीने के लिए कमरे में गया तो सारा सामान बिखरा पड़ा देखा। उसने शोर मचाया तो घर के सभी लोग इकट्ठे हो गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस रात में ही पहुंची और घटना की जानकारी ली। पीड़िता ने बताया कि चोर पायल, सोने के ब्रजबाला, दो बेसर, तीन अंगूठी और 15 हजार रुपये की नकदी के अलावा अन्य सामान ले गए। कोतवाली प्रभारी राज कुमार सिंह ने बताया कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।



चोरी के बाद बिखरा सामान दिखाती महिला। अमृत विचार

- **ग्रामीणों ने पुलिस की रात्रि गस्त पर उठाए सवाल**

# महिला की मौत मामले में रिपोर्ट

**अछल्दा, औरैया।** शक्रवार दोपहर में संगीता देवी पत्नी रूपराम निवासी पल्हरी, थाना फफूंद अपनी बाइक से भतीजे चन्द्रपाल पुत्र छोटेलाल के साथ अपने नंदोई के अंतिम संस्कार से वापस अपने घर आ रही थी। तभी अछल्दा-अटसू मार्ग पर मानिकपुर भटटा के पास अछल्दा की तरफ से तेज गति से आए नीला पावर ट्रैक्टर अनियंत्रित तरीके से ड्राईवर चला रहा था जिससे बाइक चालक घबरा गया। बाइक अनियंत्रित हो गई और पीछे बैठी संगीता देवी सड़क पर गिर गईं। उनके ऊपर से अनियंत्रित ट्रैक्टर गुजर गया जिससे उनकी मौत हो गई थी। आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि ट्रैक्टर पर मोरम एवं सरिया लदा हुआ था। जानकारी करने पर पता चला कि ट्रैक्टर अर्जुन सिंह का है तो मृतका के पति रूपराम ने ट्रैक्टर मालिक अर्जुन सिंह राजपूत के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# परीक्षाफल पाकर विद्यार्थी खुश

**संवाददाता फफूंद, औरैया**

**अमृत विचार।** विकास खंड भाग्यनगर की ग्राम पंचायत फफूंद देहात के गांव फक्कडपुर में स्थित मां सरस्वती शिक्षा निकेतन स्कूल का शनिवार को वार्षिक फल वितरण किया गया। परीक्षाफल पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। अपनी अपनी कक्षाओं में उत्कृष्ट अंक पाने वाले कक्षा 8 से उत्कर्ष राज, निधि पाल, कक्षा 7 से आर्यन पाल,तनु राजपूत, कक्षा 6 से निधि कुमारी, रोली कुमारी, पावनी, कक्षा 5 से अनुष्का राज,साधना, अनु पाल,कक्षा 4 से राम जी, कृष्णा नंदन, अंश राज,कक्षा 3 से वैष्णवी,अर्पित,उमाशंकर,कक्षा 2 से रजत बाबू,मानवी, परी राज,कक्षा 1 से सामर्थ राव, आशु सोनम कुमारी को सोशल डेवलपमेंट वेलफेयर कमेटी ने शील्ड व मेडल देकर पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि सोशल डेवलपमेंट कमेटी समन्वयक डॉ. अजीत द्विवेदी छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। सोशल डेवलपमेंट कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष आसिफ सिद्दीकी ने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य अखिलेश पाल ने कहा हमारा विद्यालय इस बात के लिए प्रयास रत है छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा देने में कोई कोर कसर न छोड़ी जाए।

सोशल वेलफेयर कमेटी के जिला अध्यक्ष मोहम्मद सारिक, ब्लॉक सचिव रामकिशोर, तार बाबू, रामसेवक, अनुज कुशवाहा, नाजिम खान, अभिषेक शुक्ला, धीर सिंह, रवि कमल, प्रिंस पांडेय, अब्दुल अंसारी, भारत सिंह सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



शील्ड व मेडल लिए छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक एवं कमेटी के पदाधिकारी।

# रंगदारी मांगने, जान से मारने की धमकी देने में रिपोर्ट दर्ज

**अजीतमल, औरैया।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चांदपुर ककरैया निवासी रणवीर सिंह पुत्र लल्लू सिंह ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि गांव के ही रामजी परिहार व अंकुर पुत्रगण शिशुपाल सिंह और शिशुपाल पुत्र कैलाश सिंह ने बीते 16 मई को गांव में लाठी-डंडों से मारापीटा था। तब गांव के भले लोगों ने समझौता करा दिया था। शुक्रवार को सुबह उपरोक्त विपक्षीगण रामजी परिहार अंकुर व शिशुपाल ने तालाब के पास गांव में ही रोक लिया और मुकदमा दर्ज करवाने की धमकी देते हुए 5 हजार रुपये मांगे। प्रार्थी ने डर के कारण एक हजार दे दिया। बाकी रुपये देने से मना किया तो उक्त विपक्षीगणों ने प्रार्थी के सिर पर सरिया से हमला कर दिया तथा लाठी डंडों से भी मारा पीटा। कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# ट्रक सीज, 80 हजार रुपये का जुर्माना

**अजीतमल।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एनएच-19 पर भीखेपुर के पास से जीएसटी विभाग, खनन अधिकारी देशराज और आरटीओ अशोक कुमार ने कार्रवाई करते हुए एक बिना नंबर प्लेट लगे डंपर को कोतवाली में लाए। दस्तावेज में गाड़ी का नंबर यूपी 75 बीटी 3638 पाया गया। आरटीओ विभाग द्वारा डंपर पर करीब 80 हजार रुपये का जुर्माना ओवरलोड, विना नंबर प्लेट और संपूर्ण दस्तावेज न दिखाने पर लगाया गया। खनन विभाग द्वारा गाड़ी को सीज किया गया। कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि एक ट्रक को सीज कर कोतवाली में खड़ा किया गया। अधिकारियों का कहना है कि नियम तोड़नें वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# कुंदौल ने रूरन को 10 विकेट से हराया

**कार्यालय संवाददाता, औरैया**

**अमृत विचार।** चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 का नौवां मैच कुंदौल (इटावा) और रूरन (भिंड) टीमों के बीच रखा गया। इसमें कुंदौल की टीम ने रूरन को 10 विकेट से हरा दिया। आयोजन समिति से जुड़े थान सिंह परिहार और वीर सिंह पाल ने मुख्य अतिथि विजय द्विवेदी का स्वागत किया। विजय द्विवेदी ने कहा यहां के खिलाड़ी आने वाले वर्षों में देश का नाम रोशन करेंगे।

कुंदौल टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का निर्णय लिया। बल्लेबाज़ी करने उतरी रूरन की टीम निर्धारित 12 ओवर में 9 विकेट के नुकसान से 82 रन बनाए। भूपेंद्र ने सर्वाधिक 20 और ऋतिक ने 19 रन बनाए।



वीरू को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी देते विजय द्विवेदी। अमृत विचार

जवाब में कुंदौल टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मात्र 4.3 ओवर में 86 रन बनाकर जीत हासिल की। वीरू ने 1 ओवर में लगातार 4 छक्का लगाकर खूब तालियां बटोरी। उन्होंने सर्वाधिक 25 रन बनाए। विपिन ने 23 रन का योगदान दिया। वीरु और नवीन ने 3-3 विकेट झटके। तीनों जनपदों की सीमा के बीहड़ों में स्थित चौरेला ग्राउंड पर मैन ऑफ द मैच ट्रॉफी वीरू को विजय द्विवेदी ने दी।

# खेत में बकरी जाने पर मारपीट, तीन घायल

**अयाना।** थाना क्षेत्र के जसवंतपुर निवासी शिववीर सिंह ने पुलिस को तहरीर दी कि बताया शुक्रवार शाम को वह बेटे चंदन सिंह व भतीजे शशिवेंद्र सिंह के साथ मूंग की फसल की रखवाली कर रहा था। इसी दौरान गांव के एक युवक की बकरियां खेत में चलीं गई। विरोध करने पर आरोपी करन सिंह, जबर सिंह, कुलदीप, सौरभ, रवि, करन सिंह के भांजे ने उनके साथ लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी से मारपीट कर दी। पुलिस ने घायलों को सीएचसी अयाना में भर्ती कराया। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### बकरी चराने गई किशोरी को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**अयाना।** थाना क्षेत्र के जसवंतपुर निवासी जवर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार शाम को बेटी सुहानी खेतों पर बकरियां चरा रही थी। वहां मौजूद गांव के चन्दन, छुन्ना, भोला व मुन्नू ने गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। इससे बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## सार-संक्षेप



छात्रों को विज्ञान के प्रयोगों के बारे में समझाते मोहित सिंह। अमृत विचार

### दैनिक जीवन के विज्ञान से जगमगाया समर कैंप

**औरैया।** नगर पालिका इंटर कॉलेज औरैया में ग्रीष्म कालीन कैंप में वैदिक इण्टर कॉलेज दिबियापुर की एक दिवसीय विज्ञान कार्यशाला का उद्‌घाटन जिला विद्यालय निरीक्षक एसपी यादव ने किया। उन्होंने बच्चों को हमेशा जिज्ञासु रहने को प्रेरित किया तथा शासन की मंशानुरूप समर कैंप आयोजित करने पर प्रधानाचार्य सुनील मिश्र व रिसोर्स पर्सन मोहित सिंह को बधाई दी। रिसोर्स पर्सन ने इस कार्यशाला में प्रकाश का सीधी रेखा में चलना, प्रकाश का परावर्तन, अपवर्तन, पूर्ण आंतरिक परावर्तन, वर्ण विक्षेपण, श्वेत प्रकाश में रंग नहीं बल्कि ऊर्जा के रूप में तरंगों का होना व प्रयोग करके दिखाए और सरलतम तरीके से उनकी विज्ञान समझाई। बच्चों ने भी अनेकों प्रश्नों के उत्तर जानकर अपनी जिज्ञासा शांत की। अभिषेक त्रिवेदी, अजय मिश्रा, अलोक शुक्ला, हिमाशु पोरवाल आदि शिक्षक तथा आकाश त्रिपाठी, रिषभ द्विवेदी, संगीता पाल आदि कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### एलपीजी सुरक्षा जांच संबंधी ग्रामीणों को किया जागरूक

**बिधूना, औरैया।** पेट्रोलियम मंत्रालय और तेल कंपनियों द्वारा अपने सभी वितरकों को दिए गए निर्देशों के अनुसार सभी घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को अपना ई-केवाइसी बायोमेट्रिक सत्यापन करवाना अनिवार्य कर दिया गया हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय एवं तेल कंपनियों द्वारा इसके दिशा निर्देश नवम्बर माह में ही जारी कर दिए गए थे, लेकिन अभी तक अधिकतर उपभोक्ताओं ने अपना ई-केवाइसी बायोमैट्रिक सत्यापन नहीं करवाया है। अब कंपनी के अधिकारी उपभोक्ताओं को जागरूक कर रहे हैं। इण्डियन ऑयल के वरिष्ठ अधिकारियों ने गांव-गांव जाकर एलपीजी सुरक्षा का संदेश प्रसारित कर जागरूक किया। तहसील मुख्यालय बिधूना के अति पिछड़े क्षेत्र में इंडियान ऑयल के वरिष्ठ अधिकारी कौशल कुमार ने स्वत: डोर टू डोर लोगों को गैस प्रयोग हेतु बेसिक सुरक्षा की जानकारी प्रदान की। कौशल कुमार ने बताया कि हमारे उपभोक्ता हमारे ही परिवार का हिस्सा हैं। अत: हम लोगो की जिम्मेवारी बनती है, क्यों कि इंडियन ऑयल के डीएनए में सुरक्षा बसती है। कौशल कुमार ने प्रेस के माध्यम से भी आम नागरिकों से अपील की है, अगर गैस लीकेज हो तो तत्काल 1906 पर कॉल करें।



जानकारी देते इंडियन ऑयल के अधिकारी कौशल कुमार।

### डिवाइडर से टकराकर पलटा लोडर, मजदूर की मौत

**औरैया।** सदर कोतवाली क्षेत्र के इंडियन ऑयल चौकी के पास हाईवे पर गुरुवार देर रात कानपुर से औरैया की ओर आ रहा एक तेज रफ्तार लोडर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में लोडर में सवार एक शटरिंग लगाने वाला मजदूर बुरी तरह से जख्मी हो गया। जिला अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया। इटावा के मेवाती टीला निवासी इकबाल (36) पुत्र कल्लू शटरिंग लगाने का काम करता था। गुरुवार को लोडर से शटरिंग का सामान लेकर कानपुर देहात के सिकंदरा गया था। जहां से देर रात वापस लोडर से इटावा जा रहा था। इंडियन ऑयल चौकी के पास लोडर अनियंत्रित होकर हाईवे पर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। लोडर चालक के बगल में बैठा इकबाल बुरी तरह से घायल हो गया। चौकी पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। इंडियन ऑयल चौकी इंचार्ज रामशरण शर्मा ने बताया कि लोडर पर सवार शटरिंग लगाने वाले मजदूर की हादसे में मौत हो गई है। लोडर चालक फरार है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

**धर्म-आध्यात्म** — श्रीमद्भागवत के पांचवे दिन श्रीराम-सीता विवाह का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु हुए भावविभोर, लगाए जयकारे

# प्रभु श्रीराम को फुलवारी में देखकर मोहित हुईं माता सीता

**संवाददाता बिधूना, औरैया**

**अमृत विचार।** कस्बा क्षेत्र के गांव धरकन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन कथा वाचिका पूजा शास्त्री ने श्रीराम-सीता के विवाह का प्रसंग सुनाया। जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। उन्होंने कहा कि सीता जी माता गौरी की पूजा के लिए फुलवारी से फूल तोड़ने जाती हैं। उसी फुलवारी में प्रभु श्रीराम के दर्शन होते हैं। सीताजी की नजर श्रीराम पर पड़ती है तो वह मोहित हो जाती हैं।

दूसरी तरफ श्रीराम को सीताजी के पैरों में पहने गए नूपुरों की आवाज मोहित करती है। माता गौरी की पूजा करते समय सीता जी अपने वर के रूप में श्रीराम को मांगती हैं। कथावाचिका ने श्रोताओं को बताया कि राजा जनक गुरु विश्वामित्र के साथ राम व लक्ष्मण को धनुष यज्ञशाला ले गए। यहां देश-विदेश के राजा सुंदर सिंघासनो पर विराजमान थे।

राजा जनक ने अपनी प्रतिज्ञा के बारे में सभी को अवगत कराया कि जो इस धनुष को तोड़ेगा। उसके साथ सीताजी का विवाह होगा। सभी राजाओं ने बारी-बारी से धनुष तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। विश्वामित्र का इशारा पाकर श्रीराम धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाते हैं और धनुष टूट जाता है। इसके बाद श्रीराम व सीता जी एक-दूसरे के गले में वरमाला डाल देते हैं। राम सीता विवाह की कथा में नन्हे मुन्हे बच्चो के द्वारा राम सीता लक्ष्मण विश्वामित्र की मनमहोक झांकियों ने दर्शकों का मनमोह लिया। इस अवसर पर तमाम भक्त मौजूद रहे।



श्रीमद्भागवत कथा के दौरान झांकी प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

- **बच्चों की ओर से निकाली गई झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र**



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन

**संवाददाता ककोर, औरैया**

**अमृत विचार।** ग्राम मेरखपुर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शनिवार को समापन हो गया। इस अवसर पर हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण किया। कथा का आयोजन ब्रम्ह गोसाई बाबा कमेटी की ओर से करवाया गया था। उमाकांत अवस्थी,कृष्ण ज्योति,मोनू, अंकित, पिंकू, किशन, मोहित ऋषि, कपिल,गोपाल,डब्बू सौरभ अवस्थी, सौरव तिवारी, नानू, हर्षित, विपिन, अभिषेक, रवि,नितेश सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

### श्रीमद्भागवत कथा से धुंधकारी को मिली श्राप से मुक्ति

**अछल्दा, औरैया।** कस्बा के रेलवे फाटक के पास चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन आचार्य पंडित महेश चंद्र महाराज ने कलयुग में भागवत की महिमा का उल्लेख किया। इसके उपरांत भागवत भक्त गोकर्ण व उसके भाई अधर्मी धुंधकारी के प्रसंग पर व्याख्यान दिया। गलत कार्यो में संलिप्त होने से धुंधकारी की हत्या हो गई और अकाल मृत्यु होने के कारण वह प्रेत योनि में चला गया। भाई गोकर्ण ने प्रेत योनि से मुक्ति दिलाने के लिए श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया और भाई धुंधकारी को कथा सुनाई, जिसके श्रवण से धुंधकारी को प्रेत योनि से मुक्ति मिली। परीक्षित प्रीति कौशल, लालू कौशल, अनुरुद्ध पांडेय, मनोज पोरवाल, महेश चंद्र कौशल, राजेश कौशल, वैभव गुप्ता मौजूद रहे।



कथा सुनाते व्यास महेश चंद्र महाराज।

## एक नजर

### 40,175 ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान

**अमृत विचार, लखनऊ :** छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों पर 40,175 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पोस्टल बैलेट के जरिये अर्ह श्रेणियां 85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाता, दिव्यांग, अनिवार्य सेवायें व मतदान कार्मिकों ने मतदान किया। इसके अलावा कुल 35,532 सेवा मतदाताओं को भी रिटर्निंग अधिकारी के जरिये इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (ईटीपीबीएस) से पोस्टल बैलेट की व्यवस्था की गई। 12,494 कार्मिकों को ईडीसी जारी किया गया है। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग की ओर से 14 सामान्य प्रेक्षक, आठ पुलिस प्रेक्षक व 18 व्यय प्रेक्षक तैनात किये गये थे।

### शिक्षकों को आईआईटी गुजरात से मिलेगा प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 का निजी कॉलेजों की अपेक्षा फिसड्डी परिणाम देने वाले सरकारी कॉलेजों के गणित और विज्ञान विषय के शिक्षक गांधी नगर आईआईटी जाकर शिक्षण के रोचक ढंग सीखेंगे। इसके लिए 200 शिक्षकों को दो चरणों में विमान द्वारा गुजरात भेजा जाएगा। राज्य परियोजना निदेशालय की तैयार योजना के मुताबिक इसके लिए पांच से नौ जून पहला चरण और दूसरा चरण 24 से 28 जून निर्धारित किया गया है। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षकों को भी निर्देश जारी किए गये हैं।



बलिया में आयोजित चुनावी जनसभा में प्रत्याशियों और भाजपा पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

# विपक्षियों का घोषणा पत्र देश के साथ गद्दारी करने वाला

- मुख्यमंत्री योगी ने सलेमपुर, बलिया, चंदौली और गाजीपुर लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को किया संबोधित
- तालिबानी शासन लागू करना चाहती है कांग्रेस, हर बड़े माफिया को सपा की सरपरस्ती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** कांग्रेस सत्ता में आएगी तो तीन तलाक की कुप्रथा को फिर से शुरू करा देगी। विपक्षियों का घोषणा पत्र देश के साथ गद्दारी करने वाला है। कांग्रेस का घोषणा पत्र कहता है कि वह भारत में पर्सनल लॉ को लागू करेगा। इसका मतलब देश में शरिया कानून की इजाजत मिल जाएगी। इस तालिबानी कानून के चलते बेटियों को स्कूल जाने से वंचित कर दिया जाएगा।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बलिया की सलेमपुर लोकसभा, बलिया लोकसभा, चंदौली लोकसभा और गाजीपुर लोकसभा में प्रचार के दौरान कही। इस दौरान योगी ने लोकसभा प्रत्याशियों के पक्ष में वोट की अपील की।

### सत्ता पाने के लिए लेते हैं झूठ का सहारा

योगी ने सलेमपुर लोस. की जनसभा में इंडी गठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि ये लोग सत्ता पाने के लिए झूठ का सहारा लेते हैं। कहते हैं कि भाजपा संविधान बदल देगी जबकि इनका घोषणा पत्र कहता है कि सत्ता में आने के बाद ओबीसी का आरक्षण मुसलमानों को बांट देंगे, पर्सनल लॉ लागू करेंगे।

### तेजी से हो रहे बाढ़ बचाव के कार्य

बलिया में योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने यहां राजकीय पॉलीटेक्निक, राजकीय महाविद्यालय, इंटर कॉलेज दिया है। बस स्टैंड भी बन रहा, मेडिकल कॉलेज, वॉटर वे निर्माण और बाढ़ बचाव के लिए कार्य भी तेजी से हो रहे हैं।

### भय और आतंक के साये में जीते थे

मुख्यमंत्री ने चंदौली की जनसभा में कहा कि आज सबसे अधिक वॉटर वे का लाभ चंदौलीवासियों को ही मिल रहा है। योगी ने गाजीपुर की जनसभा में कहा कि एक समय था, जब गाजीपुर हो आजमगढ़, मऊ हो या आसपास के जिले भय और आतंक के साये में जीते थे।



गोरखपुर की संयुक्त चुनावी जनसभा में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव। अमृत विचार

# भाजपा के डबल इंजन टकरा रहे, निकल रहा धुआं

- अखिलेश यादव ने देवरिया और गोरखपुर सीट से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में की जनसभा
- इंडी गठबंधन प्रत्याशियों के पक्ष में आयोजित जनसभा को प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने फिर दावा किया है कि जो लोग 2014 में आए थे 2024 में उनकी विदाई तय है। 140 करोड़ की जनता भाजपा को 140 सीटों पर ही निपटा देगी। लोग भाजपा के झूठे वादों पर भरोसा नहीं कर रहे है। भाजपा के डबल इंजन आपस में टकरा रहे हैं। उनसे धुआं निकल रहा है।

अखिलेश यादव ने शनिवार को देवरिया लोस सीट से कांग्रेस पार्टी इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह के लिए पथरदेवा में और सपा इंडी गठबंधन की गोरखपुर लोस. से प्रत्याशी काजल निषाद के पक्ष में रामगढ़ ताल के निकट संयुक्त चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए प्रत्याशियों को जिताने की अपील की।

### भाजपा के लोग स्तरहीन बात करते हैं

वहीं, गोरखपुर में इंडिया गठबंधन सपा की प्रत्याशी काजल निषाद के समर्थन में आयोजित जनसभा कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी विपक्ष के नेताओं के खिलाफ ऐसे शब्दों का प्रयोग करते हैं, जो प्रधानमंत्री पद की गरिमा के अनुरूप नहीं है। मोदी ने प्रधानमंत्री पद की गरिमा गिराई है। इनकी असलियत देश के सामने आ गई है। प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा के लोग स्तरहीन बात करते हैं। वह महंगाई बेरोजगारी की बात नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन कांग्रेस, सपा सभी ने मिलकर बहुत मजबूती से चुनाव लड़ा है। इंडिया गठबंधन किसानों गरीबों और जनता के हित में फैसला लेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव के पहले चरण से ही जनता ने अपने हाथों में चुनाव की कमान संभाल ली है।

### जनसभा में ये नेता रहे मौजूद

गोरखपुर की संयुक्त चुनावी जनसभा में कांग्रेस की नेता प्रियंका गांधी के साथ कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे, सपा के जिला अध्यक्ष बृजेश गौतम, महानगर अध्यक्ष शब्बीर कुरैशी, रामरति निषाद, अमरेश निषाद पूर्व विधायक यशपाल रावत समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# कहीं ईवीएम खराब, तो कहीं फर्जी मतदान की अफवाह

## मतदान के दौरान अलग-अलग घटनाओं को लेकर निर्वाचन आयोग में दर्ज कराई गईं शिकायतें

- सोशल मीडिया पर सामने आती रहीं विपक्ष की शिकायतें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के छठे चरण में मतदान के दौरान अलग-अलग चुनाव क्षेत्रों में विपक्ष की ओर से निर्वाचन आयोग में शिकायतें दर्ज करायीं गईं है। कहीं ईवीएम खराब होने, कहीं फर्जी मतदान तो कहीं प्रत्याशी के आचार संहिता का पालन न करने की भी घटनाएं सामने आयीं। कहीं-कहीं सपा और भाजपा समर्थकों के बीच छिटपुट झड़प भी हुई।

इस क्रम में प्रयागराज के करेली में शनिवार की दोपहर एक मतदान स्थल पर सहायक पुलिस आयुक्त पुष्कर वर्मा के साथ नोंकझोंक के बाद पूर्व सांसद और सपा के वरिष्ठ नेता रेवती रमण सिंह को पुलिस ने हिरासत में ले लिया गया। उधर, सपा ने एक्स पर पोस्ट करते हुए आरोप लगाया है कि अंबेडकरनगर लोकसभा की टांडा विधानसभा में बूथ संख्या 161 पर बीएलओ की भाजपा समर्थकों ने पिटाई की इसके अलावा उसे धमकी देकर बूथ से निकाला।

वहीं, बस्ती लोकसभा के सदर विधानसभा में एक बूथ पर भाजपा के नेताओं द्वारा फर्जी मतदान का आरोप भी सपा ने लगाया। इसके अलावा आरोप लगा कि एक अन्य बूथ पर सपा एजेंट द्वारा रोके जाने पर उसके साथ मारपीट की गई है।

ऐसे ही आरोप जौनपुर लोकसभा की मुंगरा बादशाहपुर विधानसभा में बूथ संख्या 385 के लिए भी सामने आए। यहां चर्चा रही कि भाजपा के लोगों द्वारा फर्जी मतदान कराया जा रहा है। इतना ही शाहगंज विधानसभा के बूथ संख्या-136 पर भाजपा के लोगों द्वारा मतदान बाधित करने और सुलतानपुर लोकसभा के बूथ संख्या-86 पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सपा के लोगों को डराने धमकाने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष मतदान के लिए आयोग से संज्ञान लेने की अपील की है।

आजमगढ़ में सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव ने सुबह कई मतदान केंद्रों का दौरा किया और पत्रकारों से बातचीत में अपनी जीत का भरोसा जताया। जौनपुर से भाजपा उम्मीदवार कृपाशंकर सिंह ने जौनपुर जिले के मल्हनी क्षेत्र के सहोदर पुर में अपने परिवार के सदस्यों के साथ मतदान किया और लोगों से मतदान की अपील की।

समाजवादी पार्टी ही नहीं कांग्रेस की ओर से भी एक्स पोस्ट करके अंबेडकर नगर के इंडी गठबंधन प्रत्याशी लालजी वर्मा को नजरबंद किये जाने की सूचना दी गई। इस पोस्ट में कहा गया कि, भाजपा सरकार हार के डर से इतना बौखलाई हुई है कि खुलेआम तानाशाही पर उतर आई है। कांग्रेस ने इसी पोस्ट में भारत निर्वाचन आयोग का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा, सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर हमारे गठबंधन के प्रत्याशी को घर से बाहर नहीं निकलने दिया जा रहा है व मतदाताओं को धमकाया जा रहा है। वहीं भाजपा समर्थकों ने भी सपा कार्यकर्ताओं पर दबंगई दिखाने का आरोप लगाया।

### सुचारू चला मतदानः आंद्रा वामसी



जिलाधिकारी बस्ती आंद्रा वामसी ने हरैया विधान सभा (307) के बूथ नंबर 192 पर धीमी वोटिंग और पार्टी के एजेंट को भगाने के संबंध में की गई शिकायत को निराधार करार दिया। उन्होंने बताया कि मतदान सुचारू रूप से चलता रहा। जहां भी ईवीएम को बदलने की स्थिति हुई तुरंत बदला गया और ईवीएम व वीवीपैट मशीन में कुछ स्थलों पर आई तकनीकि खराबी को समय रहते सही किया गया। वहीं, कोतवाली सदर पुलिस ने जिलाधिकारी को जानकारी दी कि फेसबुक पर वीवीपैट का फोटो वायरल करने वाले अरविन्द चौधरी पुत्र रामजीत चौधरी निवासी मनहनडीह थाना कोतवाली बस्ती नामक व्यक्ति हिरासत में लिया गया है। उस पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### अखिलेश ने स्ट्रांग रूम की बिजली कटने पर किया सचेत

शनिवार को मतदान के बीच सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट करके स्ट्रांग रूम में रखी ईवीएम में छेड़छाड़ की आशंका जाहिर की। उन्होंने शिकायत में कहा कि हमीरपुर के स्ट्रांग रूम में पांच बार बिजली जा चुकी है। उन्होंने चुनाव आयोग से संज्ञान लेने को भी कहा है। अखिलेश यादव ने पोस्ट में लिखा, हमीरपुर में जहां चुनाव के बाद ईवीएम रखे हैं वहां के स्ट्रांग रूम में पांचवी बार बिजली कटी है। चुनाव आयोग और स्थानीय प्रशासन इसका तुरंत संज्ञान लें। सभी सपा प्रत्याशियों और जुझारू कार्यकर्ताओं से यही अपील है कि इसी तरह पूरे प्रदेश में, ईवीएम के स्ट्रांग रूम पर निगाह रखें और गड़बड़ी की किसी भी आशंका की सूचना हमें दें।

# साइबर फ्राड करने वाले छह आरोपी गिरफ्तार

- एसटीएफ को मिली सफलता कई लोगों को बनाया शिकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उप्र. एसटीएफ ने फर्जी कॉल सेंटर खोलकर व विदेशी हैकरों व साइबर फ्राड करने वालों द्वारा संचालित किए जा रहे एक्सेस-मार्केट-डॉटकाम के माध्यम से धोखाधड़ी करने वाले एक गिरोह के छह सदस्यों को सफेदाबाद क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी फर्जी टेलीग्राम आईडी प्राप्त कर ऑनलाइन गैंबलिंग गेम तैयार धोखाधड़ी करते थे।

एसटीएफ ने शनिवार को अंसल निवासी धीरज कुमार सिंह, इंदिरानगर निवासी तरुण पुरुषोत्तम गावरी, कोतवाली बाराबंकी निवासी अभिषेक, पिछौरी हैदरगढ़ निवासी सर्वजीत सिंह, नवाबगंज बाराबंकी निवासी रशीद खान एवं सफेदाबाद बाराबंकी निवासी अमन यादव को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के डीएसपी धर्मेश कुमार शाही ने बताया गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आधारकार्ड, सिम कार्ड, चेक-बुक के संबंध में पूछा गया तो पता चला कि बरामद पांचों आधार कार्ड फर्जी हैं। धीरज, तरुण, सर्वजीत ने बताया की वह सभी राशिद, अमन, अभिषेक से विभिन्न बैंकों के कॉर्पोरेट बैंक अकाउंट उनकी चेक बुक, डेबिट कार्ड व सिम कार्ड खरीदते हैं, जिन्हें राज व शुक्ला को देते हैं। ये लोग हमसे टेलीग्राम के माध्यम से जुड़े थे। फिर हम लोगों से पिछले करीब एक वर्ष से ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से ठगी करते थे।

# प. बंगाल में की थी बड़ी चोरी, वाराणसी से गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** पश्चमी बंगाल के उत्तरदीनापुर जिले में एक कारोबारी के बंद मकान में लाखों की चोरी करने वाला आरोपी शनिवार को वाराणसी से गिरफ्तार हुआ है। स्थानीय पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से चोर का चेहरा निकाला था। मामला बढ़ने के बाद आसपास के प्रदेशों की पुलिस चोर को तलाशने लगी।

उत्तरदीनापुर जिले के कारोबारी सुभाशीष कुंड अपनी पत्नी का इलाज कराने बंगलूरू गए थे। घर खाली देख वाराणसी निवासी अर्जुन पासवान ने बड़ी चोरी को अंजाम दिया। इस दौरान चोर ने पांच लाख की नगदी। 25 लाख के गहने और 10 लाख कीमत के अन्य धातु चोरी कर लिया। फोटो वायरल होने के कारण वाराणसी एसटीएफ को चोर अर्जुन पासवान को वाराणसी में होने की सूचना मिली। इस दौरान निरीक्षक अनिल कुमार सिंह सहित अन्य एसटीएफ कार्मिक मौके पर पहुंचकर अर्जुन को गिरफ्तार कर लिया। मौके पर 10 लाख रुपए नगद बरामद किए।

# सात विचाराधीन फाइलों पर काम करें समीक्षा अधिकारी

- शासकीय कार्य प्रभावित न हो इसके लिए मैनुअल में प्रदत्त जिम्मेदारी पूरी करें
- सचिवालय में 2041 समीक्षा अधिकारी पद के सापेक्ष 648 रिक्त

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार:** सचिवालय में इस समय 2041 समीक्षा अधिकारी पदों के सापेक्ष 1393 समीक्षा अधिकारी कार्य कर रहे हैं। समीक्षा अधिकारियों की कमी से शासकीय कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए सचिवालय प्रशासन के प्रमुख सचिव के रविन्द्र नायक ने हर समीक्षा अधिकारी को नियमानुसार रोजाना कम से कम 7.5 पीयूसी (विचाराधीन फाइलें) संपादित करनी होगी।

सचिवालय प्रशासन के प्रमुख सचिव ने बताया कि वर्तमान में समीक्षा अधिकारियों के 648 पद रिक्त हैं, मगर 322 पदों पर नियुक्ति के लिए यूपीएससी को अधियाचन भेजा जा चुका है, प्रक्रिया जारी है। इसलिए शासकीय कार्य प्रभावित न हो,इसके लिए सचिवालय मैनुअल में प्रदत्त जिम्मेदारी के तहत सभी समीक्षा अधिकारियों से रोजाना कार्य की अपेक्षा की जाती है। जबकि वर्तमान में औसतन प्रत्येक समीक्षा अधिकारी तीन पीयूसी भी नहीं कर रहा है।

### कई मंडल की है जिम्मेदारी

उप्र.सचिवालय संघ के पूर्व सचिव ओकार नाथ तिवारी सचिवालय मैनुअल में प्रदत्त जिम्मेदारियां साल 1980 या 2000 के पहले की हैं। सचिवालय कंप्यूट्रीकृत नहीं हुआ थी। वर्तमान में सिस्टम ऑनलाइन हो गया है। वर्तमान में एक-एक समीक्षा अधिकारी के ऊपर कई -कई मंडल की जिम्मेदारी है और अनुभाग अधिकारी द्वारा सीधे समीक्षा अधिकारी को ऑनलाइन दी जाती है, समीक्षा अधिकारी ही अग्रसारित करते हैं। मैनुअल में संशोधन कर जिम्मेदारी कम करनी चाहिये, शासन को रिक्त पदों के सापेक्ष नियुक्ति पर ध्यान देना चाहिये। क्योंकि सचिवालय, सर्वोच्च शासकीय संस्था है।

## वर्ग पहेली-81

**बाएं से दाएं**

3. 1. पानी गिरने की ध्वनि 2. ज़ोर से उछाला हुआ पानी का छींटा 3. धारा के किसी वस्तु से टकराने के बाद उत्पन्न होने वाला शब्द, छपाछप।

4. 1. चुभना, पीड़ा देना, गड़ना 2. किसी दुखद घटना का बार-बार स्मरण होना 3. टीस उठना 4. किसी की याद में तड़पना।

5. 1. कंघा, कंघी 2. कंधा, भुजबल।

6. 1. ऐसे वर्ण या अक्षर जिनके उच्चारण में मुंह के अतिरिक्त नाक से अनुस्वरात्मक ध्वनि निकलती है 2. नाक के योग से बोलने या गाने वाला।

8. 1. पत्रभाग 2. स्तंभ 3. पंक्ति 4. हाशिया।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. भोग करने वाला, भोगी 2. खाने वाला, भक्षक 3. भोजन पर आमंत्रित अतिथि।

2. 1. किसी को दबाना 2. रस्सी या सूत के दो टुकड़ों को बटकर जोड़ना।

3. 1. किसी भार या धक्के से वस्तु का वेग से दूर जाना 2. दूर या अलग रहना 3. बंधन से निकल जाना 4. कूदना, उछलना 5. किसी व्यक्ति या जंतु का अपने नमिता

5. 1. साग-सब्ज़ी 2. हरी पत्तियों वाली छोटी वनस्पति से बनी सब्ज़ी 3. तरकारी।

7. ज्योतिष, तारे, सितारे।




### वर्ग पहेली -80 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 पा | शी | | 2 आ | | | 3 फ़े |
| | | 4 म | न | ब | सि | या |
| 5 ए | | | न | | | ज़ी |
| 6 की | श | | फा | | 7 फ | |
| क | | 8 अ | न | भ | ला | |
| 9 र | ह | मा | न | | दे | |
| ण | | न | | 10 सं | श | य |

## सुडोकू -160

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | 2 | | |
| | | | | 4 | | | | |
| | 6 | | | | | | | |
| | | | 9 | | 4 | | | |
| | | | | | | | | 9 |
| 2 | | | 8 | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | 6 | | | | |
| | | 8 | | | | | | |

### सुडोकू -159 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 4 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 1 | 2 | 7 | 3 | 8 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 5 | 7 | 9 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 4 | 3 | 8 | 1 | 7 | 9 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 6 | 9 | 8 | 2 | 5 | 7 | 4 | 3 |
| 2 | 7 | 5 | 6 | 4 | 3 | 1 | 8 | 9 |
| 5 | 4 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 |
| 7 | 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 5 | 9 | 4 |
| 8 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 मई रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 18.06 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मूल 10.36 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

**मेष** – आज वैवाहिक जीवन को आपको पर्याप्त समय देना चाहिए। जीवनसाथी आपका मनोबल बढ़ा सकता है। आपको ज्यादा काम में व्यस्त होने के बजाय अपनों को समय देना चाहिए। उत्तम भोजन का आनंद ले सकते हैं। रिश्तेदारों से लंबे समय के बाद बात हो सकती है।

**वृष** – आज व्यापार को लेकर कुछ परेशानियां सामने आ सकती हैं। हीनता की भावना से आपको बचना चाहिए। मन में किसी नकारात्मक विचार को लेकर परेशानी हो सकती है। सेहत को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही न करें।

**मिथुन** – आज दिन की शुरुआत किसी अच्छी खबर से हो सकती है। विदेश यात्रा पर जाने की योजना भी बना सकते हैं। आप गृहस्थ सुख का भरपूर आनंद लेंगे। जिन लोगों का विवाह तय नहीं हो रहा था, उनके लिए दिन काफी शुभ है।

**कर्क** – आज किसी अच्छी खबर को लेकर मन में आशा रहेगी। बड़े भाई-बहनों और मित्रों से आपको अच्छा सहयोग मिल सकता है। नया घर या वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं। नौकरीपेशा लोग अपनी जॉब बदलने के लिए प्रयासरत हो सकते हैं।

**सिंह** – आज आपको कई सारे कार्य एक साथ करने पड़ सकते हैं। दिखावे के लिए आप धन खर्च करेंगे। बजट का ध्यान अवश्य रखें। संतान के व्यवहार को लेकर आप थोड़े परेशान हो सकते हैं। व्यापार में अपेक्षा के अनुसार परिणाम मिलने की संभावना कम है।

**कन्या** – आज आप अपनी गलतियां पहचान पाएंगे। अधिकारी वर्ग से आपको सावधान रहना चाहिए। कुछ लोग आपका अपमान करने का प्रयास कर सकते हैं। आप कई लोगों के साथ मिलेंगे। इससे आपके अनुभव में वृद्धि होगी।

**तुला** – आज नई नौकरी के ऑफर मिलने से आप प्रसन्न रहेंगे। आपको काफी सावधानीपूर्वक लोगों से बातचीत करनी चाहिए। ऐसा न हो की लोग आपकी बातों का मतलब गलत निकाल लें। धन की समस्या दूर होगी। किसी पर भी आंख मूंदकर विश्वास न करें।

**वृश्चिक** – आज यदि आप पार्टनरशिप में कोई कार्य कर रहे हैं तो आपको सावधान रहना चाहिए। अपने विचारों को दूसरों पर न थोपें। नए कपड़े और आभूषणों में धन खर्च कर सकते हैं। व्यवसाय में लोग आपको धोखा देने का प्रयास कर सकते हैं।

**धनु** – आज दिन की शुरुआत अच्छी खबरों से होगी। कार्यक्षेत्र में सब काम आसानी से होते रहेंगे। उच्च पद पर आसीन लोग आपका सम्मान करेंगे। किसी आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। गुप्त शत्रुओं से छुटकारा मिल सकता है।

**मकर** – आज आप घर पर कुछ बोरियत महसूस करेंगे। अपने खानपान की आदतों पर नियंत्रण रखें। विवाह को लेकर कुछ परेशानी झेलनी पड़ेगी। दूसरों के काम पर ज्यादा ध्यान न दें। संतान को लेकर परेशानी दूर होने से मन कुछ शांत होगा।

**कुंभ** – आज पारिवारिक जीवन काफी सुखद रहेगा। लोग आपसे सलाह की अपेक्षा रखेंगे। नौकरी में पदोन्नति मिलने के योग बन रहे हैं। अपनी बातों से आप काफी लोगों को प्रभावित करेंगे। नई संपत्ति में निवेश करने के लिए दिन बेहद शुभ है।

**मीन** – आज दांपत्य जीवन रोमांटिक रहेगा। जिन लोगों की पदोन्नति लंबे समय से रुकी हुई थी,उनके लिए दिन भाग्यशाली रहेगा। छोटे भाई-बहन को लेकर शुभ खबर मिल सकती है। आप नया काम शुरू करने के लिए काफी उत्सुक रहेंगे।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
आर या पार – सुबह : 11.14
बागी : ए रिबेल फॉर लव – शाम : 05.53

**Sony Pix**
जॉन रैम्बो – दोपहर : 12.03
स्पाइडर मैन – शाम : 06.44

**&pictures**
थोली प्रेमा – सुबह : 09.18
खिलाड़ी 786 – रात : 07.30

**Zee Cinema**
फ्रीकी अली – सुबह : 09.35
शादी में जरूर आना – शाम : 05.00

**Colors Cineplex**
डेंजरस खिलाड़ी 3 – सुबह : 10.32
भेड़िया – रात : 07.05

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बस में एक लड़के की नजर पीछे की सीट पर बैठी लड़की पर पड़ी।
लड़का- पहचाना मुझे!
लड़की- नहीं तो
लड़का- अरे, हम दोनों एक ही क्लास में पढ़ते थे
लड़की- पढ़ती तो मैं थी, तू तो रोज मुर्गा ही बनता था।

पति के जन्मदिन पर पत्नी- क्या गिफ्ट दूं?
पति- तुम मुझे इज्जत दो, कहना मानों यही काफी है।
पत्नी- तुम्हें भी फिर यही देना चाहिए। मैं तो गिफ्ट ही दूंगी

गोरखपुर लोकसभा सीट पर भाजपा और सपा के बीच हो रहा है दिलचस्प सीधा मुकाबला

# योगी के अभेद्य किले में जातीय दांव लगा पाएगा सेंध

मनोज त्रिपाठी



गोरखपुर लोकसभा सीट पर गोरक्ष पीठ का दबदबा माना जाता है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह गृह जनपद भाजपा का मजबूत गढ़ भी है। 2018 का उपचुनाव छोड़ दें, तो 1989 से इस सीट पर गोरक्ष पीठ के सहारे कमल खिल रहा है। योगी आदित्यनाथ स्वयं 1998 से 2014 तक लगातार पांच बार गोरखपुर लोकसभा सीट से सांसद रहे हैं। इससे पहले 1989 से 1996 तक तीन चुनावों में गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवैद्यनाथ ने यहां का प्रतिनिधित्व किया था। इस बार गोरखपुर लोकसभा सीट पर भाजपा सांसद रवि किशन का मुकाबला सपा प्रत्याशी काजल निषाद और बसपा के मुस्लिम उम्मीदवार जावेद सिमनानी से है। गोरखपुर में सातवें और अंतिम चरण में पहली जून को वोट पड़ने हैं, लिहाजा चुनाव प्रचार अब अंतिम दौर में प्रवेश कर गया है।

**मत प्रतिशत 2019 चुनाव**

| भाजपा | सपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| 60.54% | 35.70% | 1.94 % |

**2018 उपचुनाव**

| सपा | भाजपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| 48.86% | 46.53% | 2.02 % |

**2014 चुनाव**

| भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|
| 51.83% | 21.76% | 16.96 % | 4.40 % |

- सपा ने 2018 उपचुनाव का परिणाम दोहराने की मंशा से निषाद वोट बैंक पर खेला है दांव
- भाजपा सांसद रवि किशन को गोरक्ष पीठ के साथ मोदी– योगी के नाम और काम का सहारा

## 2019

- 2019 के लोकसभा चुनाव में गोरखपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी अभिनेता रवि किशन (रवीन्द्र शुक्ला) ने जीत दर्ज की थी। उन्हें 7,17,122 वोट मिले थे। सपा के राम भुआल निषाद को 4,15,458 और कांग्रेस के मधुसूदन त्रिपाठी को 22,972 वोट ही मिले थे। इससे पहले 2014 के चुनाव में यहां से योगी आदित्यनाथ ने बड़े अंतर से जीत हासिल करके भाजपा का कमल खिलाया था। उन्हें 5,39,127 वोट मिले थे। सपा के राजमती निषाद को 2,26,344 और बसपा प्रत्याशी राम भुवाल निषाद 1,76,412 ही हासिल कर पाए थे। कांग्रेस के अष्टभुजा प्रसाद त्रिपाठी 45,719 वोट पाकर चौथे स्थान पर रहे थे। लेकिन 2014 से 2019 के बीच की कहानी में एक ट्विस्ट भी है। 2017 में विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के बाद भाजपा ने प्रदेश में सरकार बनाई और गोरखपुर से सांसद योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री बनने पर लोकसभा सीट से इस्तीफा दे दिया। इस पर 2018 में यहां उपचुनाव हुआ। भाजपा ने उपेंद्र दत्त शुक्ल को मैदान में उतारा। सपा ने निषाद पार्टी अध्यक्ष संजय निषाद के पुत्र प्रवीण निषाद को प्रत्याशी बनाया। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को हरा दिया। प्रवीण निषाद ने इस बार संत कबीर नगर से भाजपा सांसद के रूप में चुनाव लड़ा है। सपा को काजल निषाद से कुछ उसी तरह के करिश्मे की उम्मीद है। हालांकि पिछली बार पार्टी का निषाद वोट बैंक पर लगाया गया दांव बेकार साबित हुआ था। 2019 में रविकिशन ने सपा के राम भुआल निषाद को तीन लाख से ज्यादा मतों से हराया था।
- एक अनुमान के मुताबिक गोरखपुर लोकसभा में निषाद वोटरों की संख्या कम से कम साढ़े तीन लाख है। हालांकि निषाद समाज के नेता चार लाख से ज्यादा मतदाता बताते हैं। सपा को उम्मीद निषाद मतदाता अगर उसके साथ आते हैं, तो लोकसभा क्षेत्र के दो लाख से अधिक यादव और करीब डेढ़ लाख मुस्लिम मतदाता मिलकर चुनावी परिणाम बदल देंगे। लेकिन यह रणनीति परवान चढ़ने में सबसे बड़ी अड़चन निषाद पार्टी है, जो अब भाजपा के साथ है। इसके बावजूद जातीय समीकरण ध्वस्त करने के लिए भाजपा सांसद रवि किशन लगातार कह रहे हैं कि यह मंदिर की सीट और उसके पास ही रहेगी। वैसे यहां भाजपा के पास भी तीन लाख से ज्यादा ब्राह्मण और राजपूत मतदाता और एक लाख के करीब भूमिहार और वैश्य मतदाताओं का मजबूत समीकरण है।

### प्रत्याशी प्रोफाइल



- भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता और अब राजनेता भाजपा सांसद रवि किशन का असली नाम रवींद्र शुक्ला है। उन्होंने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत कांग्रेस से की थी। 2014 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस से जौनपुर सीट से लड़ा था, लेकिन हार गए थे। इसके बाद 2017 में भाजपा में शामिल हो गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरपरस्ती में भाजपा से 2019 का चुनाव गोरखपुर से 60 .52 फीसदी मत पाकर जीता था।



- सपा प्रत्याशी काजल निषाद लापतागंज टीवी सीरियल से प्रसिद्ध हुई थीं। उन्होंने भोजपुरी फिल्मों में भी काम किया है। वह पिछले काफी समय से राजनीति में भी सक्रिय हैं। 2012 में गोरखपुर ग्रामीण विधानसभा सीट से कांग्रेस से चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गई थीं। 2017 में कैंपियरगंज सीट से भी हार का सामना करना पड़ा था। वह पिछले साल गोरखपुर मेयर का चुनाव भी सपा से हार गई थीं।



- बसपा के गोरखपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी जावेद सिमनानी छात्र जीवन से ही पार्टी से जुड़े हैं। उनके पिता और भाई सभी बसपा के लिए काम करते रहे हैं। सिमनानी ने अपना करियर बूथ अध्यक्ष के रूप में शुरू किया था, बाद में सेक्टर अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी, बसपा के मुख्य जोन समन्वयक और कई अन्य पदों पर काम किया है। वह निकाय चुनाव में पार्षद चुनाव लड़े थे, पर हार गए थे।

# तीन बार के रनर को पहली और भाजपा को चौथी जीत की तलाश

बांसगांव लोकसभा सीट



कमलेश पासवान।



सदल प्रसाद।

**अमृत विचार।** गोरखपुर जिले में दो लोकसभा सीटें गोरखपुर और बांसगांव आती हैं। बांसगांव सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। बांसगांव में बसपा को छोड़कर भाजपा, कांग्रेस व सपा तीनों प्रमुख दल जीत हासिल कर चुके हैं। यह सीट ओम प्रकाश पासवान के लिए जानी जाती है, जिनकी हत्या के बाद उनकी पत्नी सुभावती पासवान साल 1996 में यहां से सांसद चुनी गई थीं। उनके ही पुत्र कमलेश पासवान यहां पिछली बार जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं और इस बार चौथी जीत दर्ज करने के लिए तत्पर नजर आ रहे हैं। कमलेश 2009, 2014 व 2019 के तीन चुनाव लगातार जीत चुके हैं। इस बार उन्हें जीत मिली तो कांग्रेस नेता महावीर प्रसाद के रिकार्ड की बराबरी करने के साथ ही लगातार चार जीत दर्ज करने का नया रिकार्ड भी बना देंगे। उनसे पहले इस सीट पर कांग्रेस नेता महावीर प्रसाद ने भी चार बार जीत हासिल की थी, जिसमें तीन लगातार जीत दर्ज करके हैट्रिक लगाई थी। महावीर प्रसाद 1980, 1984 व 1989 के लोकसभा चुनाव में लगातार जीते थे। साल 2004 में वह चौथी बार जीते थे। इस तरह वह लगातार चार जीत नहीं दर्ज कर पाए थे।

बांसगांव लोकसभा सीट की कहानी सदल प्रसाद के बिना अधूरी है। वह यहां से तीन बार 2004, 2014 और 2019 में लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं। तीनों बार बसपा से किस्मत आजमाई लेकिन हर बार उपविजेता ही रहे। यह पहला मौका है, जब वह सपा-कांग्रेस गठबंधन के तहत कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं।

सदल प्रसाद बांसगांव सुरक्षित विधानसभा सीट पर साल 2002 से 2012 के बीच दो बार विधायक रहे हैं। इस बार उनके सामने अपने परंपरागत दलित मतदाताओं के साथ सपा के यादव और मुसलमान वोट बैंक को जोड़ना बड़ी चुनौती है। चुनाव प्रचार के दौरान वह इसी मिशन में जुटे दिखाई देते हैं, ताकि तीन बार रनर रहने के बाद इस बार पहली बार जीत दर्ज कर सकें।

लेकिन उनकी इस राह में रोड़ा बसपा प्रत्याशी डा. रामसमुझ नजर आ रहे हैं, जो गोरखपुर व बस्ती मंडल की एकमात्र सुरक्षित सीट पर बसपा का खाता खोलने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं।

- इस लोकसभा सीट पर भाजपा, कांग्रेस और बसपा में कोई भी जीते, बनेगा नया रिकार्ड
- भाजपा सांसद कमलेश पासवान जीत की हैट्रिक के बाद इस बार चौका लगाने की कोशिश में
- कांग्रेस प्रत्याशी सदल प्रसाद बसपा से पिछले तीन चुनाव लड़कर हर बार रहे हैं यहां उप विजेता
- सुरक्षित सीट पर बसपा लगी है पहली जीत के लिए नए सिरे से सियासी बिसात बिछाने में

### सांसद के प्रति नाराजगी को मुद्दा बनाने का प्रयास

बांसगांव में बसपा पिछले चार चुनावों में दूसरे स्थान पर आ रही है। ऐसे में बसपा को त्रिकोणात्मक संघर्ष में आने से रोक कर कांग्रेस व सपा ने सदल प्रसाद को जिताने के लिए बांसगांव में सवर्ण मतदाताओं की भाजपा सांसद से नाराजगी को मुद्दा बनाकर भुनाने की रणनीति बनाई है। हालांकि बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में कई स्थानों पर भाजपा प्रत्याशी कमलेश के प्रति लोगों की नाराजगी दिखाई तो देती हैं, लेकिन इनमें से अधिकतर लोग मोदी और योगी के नाम पर ईवीएम में बटन कमल निशान का ही दबाने की बात भी करते नजर आते हैं।

### जातीय समीकरण का लेखा-जोखा

बांसगाव में पासी समुदाय सहित अन्य दलितों की संख्या चार लाख से ज्यादा है। ब्राह्मण और राजपूत मिलकर करीब तीन लाख तो यादव मतदाताओं की संख्या ढाई लाख तक बताई जाती है। मुस्लिम वोटर डेढ़ लाख गिनाए जाते हैं।

### पिछले दो चुनावों का परिणाम

साल 2019 के चुनाव में भाजपा के कमलेश पासवान एक लाख से अधिक मतों से जीते थे। उन्हें 5,46,673 वोट मिले थे। बसपा के सदल प्रसाद ने 3,93,205 वोट पाए थे। 2014 के चुनाव में भी भाजपा के कमलेश पासवान ने बसपा प्रत्याशी सदल प्रसाद को हराया था। कमलेश 4,17,959 वोट मिले थे, जबकि सदल प्रसाद ने 2,28,443 वोट पाए थे।

### सभी पांचों सीटों पर भाजपा का कब्जा

बांसगांव लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें दो सीटें देवरिया जिले की रूद्रपुर और बरहज हैं, जबकि तीन सीटें चौरी–चौरा, बांसगांव और चिल्लूपार गोरखपुर जिले की हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सभी पांचों सीटों पर कब्जा जमाया था।

# मतदान ने आधा दर्जन सीटों पर समीकरण और उलझाया

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** प्रदेश की 14 लोकसभा सीटों पर शनिवार को मतदान समाप्त होने के बाद आए 54 फीसदी से कुछ अधिक वोट पड़ने के प्रारंभिक आंकड़े ने आधा दर्जन से अधिक सीटों पर सियासी समीकरण और उलझा दिए हैं। इसके चलते वोटों के हिसाब-किताब में चार जून तक तमाम प्रत्याशियों की धड़कनें तेज ही रहने वाली हैं। पूर्वांचल के रण में वैसे भी इस बार कई सीटों पर ओबीसी तथा दलित वोट बैंक में बंटवारे से भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन के बीच पांच से सात सीटों पर कड़ा मुकाबला माना जा रहा था।

फूलपुर, इलाहाबाद, प्रयागराज, डुमरियागंज में औसतन 54.05 फीसदी के मुकाबले लगभग चार प्रतिशत तक कम वोट पड़ने की सूचना है। इसके मुकाबले अंबेडकर नगर में करीब 62 फीसदी, आजमगढ़ और बस्ती में 57 फीसदी के आसपास वोट डाले गए हैं, बाकी जगह मतदान के आंकड़े औसत मतदान से एक-डेढ़ प्रतिशत ही कम या ज्यादा हैं। ऐसे में बड़ा सवाल है कि अंबेडकर नगर में सात फीसदी से ज्यादा वोट आखिर किसके पक्ष में या किस कारण से पड़ा है। अंबेडकर नगर से बसपा के सांसद रितेश पांडेय इस बार भाजपा से चुनाव लड़े हैं। उनका मुकाबला सपा-कांग्रेस प्रत्याशी लालजी वर्मा से हुआ है। लालजी वर्मा छह बार के विधायक हैं। मायावती सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे थे।

यहां बसपा से कमर हयात भी हैं, लेकिन भाजपा-सपा के बीच नजदीकी संघर्ष नजर आया है। आजमगढ़ और बस्ती में लगभग तीन प्रतिशत तक ज्यादा पड़े वोटों को सपा अपने तो भाजपा अपने पक्ष में बता रही है। जानकारों का मानना है कि आजमगढ़ में सपा के धर्मेंद्र यादव को भाजपा सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ की चुनौती से जूझना पड़ा है।



**साधा समीकरण** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बारासात लोकसभा क्षेत्र में टीएमसी उम्मीदवार काकुली घोष के लिए प्रचार किया। मतदाताओं को लुभाने के लिए उन्होंने डांडिया नृत्य में हिस्सा लिया।

# अंतिम चरण की 13 सीटों पर भाजपा के पास मजबूत जमीन

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** प्रदेश में सातवें और अंतिम चरण में पूर्वांचल की 13 सीटों पर पहली जून को वोट पड़ेंगे। इनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र वाराणसी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गोरखपुर सीट भी शामिल हैं। इस चरण में भी भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन में जंग देखने को मिल रही है। बसपा कई सीटों पर त्रिकोणात्मक तस्वीर बनाती नजर आ रही है।

सातवें चरण में जिन 13 सीटों पर वोट पड़ने हैं, उनमें से 11 सीटों पर पिछली बार एनडीए ने जीत दर्ज की थी जबकि दो सीटों पर सपा-बसपा गठबंधन की जीत हुई थी। इस भाजपा जहां सभी 13 सीटों को जीतने के इरादे से अपनी ताकत लगाए है, वहीं विपक्षी गठबंधन में अपनी सीटें बढ़ाने के लिए जातीय गणित सेट करने में जुटा है। 2019 के लोकसभा चुनाव के आंकड़ों पर नजर डालें तो 13 सीटों पर इंडिया गठबंधन की लड़ाई आसान नहीं है। अगर सपा-कांग्रेस के साथ बसपा को अपनी सीटें बढ़ानी है तो उन्हें कम से कम 15 फीसद वोट अपने पक्ष में लाना होगा। पिछले चुनाव में भाजपा को औसतन 52.11 फीसद वोट मिले और सपा-बसपा के खाते में 37.43 वोट ही आए थे। 2019 में सपा-बसपा का गठबंधन था जो भाजपा के सामने बेहद मजबूत था, बावजूद इसके गठबंधन को तब दो ही सीटें मिल पाई थी। इस बार सपा के साथ बसपा नहीं है, कांग्रेस जिसका साथ है, उसकी संगठन जमीन पर कहीं भी मजबूत नहीं है। इसके मुकाबले एनडीए का जातीय समीकरण बेहद मजबूत है। पूर्वांचल में भाजपा के साथ राजभर, चौहान, निषाद और गैर यादव ओबीसी समाज दिखाई देता है। ओम प्रकाश राजभर, अपना दल सोनेलाल और निषाद तथा जनवादी पार्टी समर्थन में एकजुट है।

**मांगा आशीर्वाद**



मंडी लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह ने जनसंपर्क किया। उन्होंने केंद्र सरकार को युवा, किसान विरोधी बताया और वोट मांगा। कहा कि इंडिया गठबंधन ही इस देश में विकास करेगा।

# निशिकांत चौका तो विजय हांसदा हैट्रिक लगाने को आतुर

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में मतदान के छह चरण पूरे हो चुके हैं। इसी के साथ ही सातवें चरण की सीटों पर जीत के लिए सभी दलों ने ताकत झोक दी है। हर दल ने अपने- अपने हिसाब से चक्रव्यूह की रचना की है। झारखंड में जहां इंडिया गठबंधन पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को मुद्दा बनाकर सहानुभूति के सहारे जीत दर्ज करने की कवायद में जुटा है तो भाजपा हेमंत सोरेन के भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाकर झामुमो, कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के रचे हुए चक्रव्यूह को भेदना चाहती है। अंतिम चरण में तीन सीटों पर चुनाव होना है। इनमें से गोड्डा सीट पर भाजपा के कद्दावर नेता निशिकांत दुबे तीन बार से लगातार जीत रहे हैं तो दुमका सीट पर भाजपा का कब्जा 2019 में हुआ था। रही बात राजमहल सीट की तो यह झामुमो का मजबूत गढ़ है। पार्टी यहां जीत बरकरार रखने के साथ ही अन्य सीटों पर जीत दर्ज करने को आतुर दिख रही है।

### राजमहल में मोदी लहर भी काम नहीं आई



- राजमहल सीट पर कांग्रेस ने 8, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) 5, भाजपा दो और बीएलडी व जनता पार्टी ने एक–एक बार जीत दर्ज कर चुकी है। 2009 में इस सीट पर भाजपा जीती थी लेकिन 2014 और 2019 में जब प्रचंड मोदी लहर थी तो यहां के मतदाताओं ने भाजपा को नकार दिया था। झामुमो के विजय कुमार हांसदा लगातार दो बार से जीत रहे हैं। इस बार वे हैट्रिक लगाने की तैयारी कर रही हैं। भाजपा ने उनके सामने पूर्व विधायक ताला मारांडी को टिकट दिया है। वे पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि सीपीआईएम ने गोपेन सोरेन को मैदान में उतारा है। गोपेन पिछला चुनाव हार चुके हैं। झामुमो यहां महंगाई, बेरोजगारी को मुद्दा बना रही है और हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को आदिवासी अस्मिता को ठेस पहुंचाने वाला बता रही है। अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित इस सीट पर भाजपा को जीत के लिए मोदी की गारंटी का ही सराहा है। पार्टी यहां भ्रष्टाचार के मुद्दे को आगे रखकर वोट मांग रही है। वैसे यहां की छह विधानसभा सीटों में से चार पर झामुमो और एक– एक पर कांग्रेस व भाजपा का कब्जा है।

### राजमहल की बरेहट सीट से हेमंत सोरेन विधायक

- पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राजमहल लोकसभा की बरेहट विधानसभा सीट से ही विधायक हैं। ऐसे में झामुमो ने यहां पर ताकत झोक दी है। पार्टी के बड़े नेता यहां डेरा डाले हुए हैं ।पार्टी को लगता है कि इस सीट पर हार का मतलब है कि आगामी विधानसभा चुनाव में इसका गलत संदेश जाएगा।

### गोड्डा में भाजपा का किला ढहाने को मजबूत किलेबंदी



गोड्डा संसदीय सीट पर भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे लगातार तीन बार से जीत रहे हैं। इस बार वे चौका लगाने के लिए एड़ी– चोटी का जोर लगा रहे हैं। निशिकांत दुबे उस वक्त चर्चा में आए थे जब उन्होंने टीमएससी सांसद महुआ मोइत्रा के विरुद्ध शिकायत की थी और आरोप लगाया था कि उन्होंने सुविधाएं लेकर संसद में सवाल पूछे। यहां टीएमसी के नेताओं को भी उनके विरुद्ध चुनाव प्रचार में उतारने की कोशिश कांग्रेस और झामुमो की ओर से की जा रही है। यहां से कांग्रेस के प्रदीप यादव उनके विरुद्ध मैदान में हैं। पूरा विपक्ष एकजुट होकर उन्हें हराने की कोशिश कर रहा है। जातीय समीकरण के हिसाब से निशिकांत यहां पर भारी पड़ते दिख रहे हैं। प्रदीप यादव भी मंझे राजनीतिज्ञ हैं वे एक बार सांसद रहे हैं और वर्तमान में विधायक हैं। विधानसभा चुनाव के परिणाम पर नजर डालें तो इंडिया गठबंधन यहां भारी दिखता है।

### शिबू सोरेन की हार का बदला ले पाएंगे नलिन



दुमका संसदीय सीट झामुमो की परंपरागत सीट रही है। इस सीट पर पार्टी प्रमुख शिबू सोरेन आठ बार जीते। 2019 में उन्हें भाजपा के सुनील सोरेन ने हराया था। इस बार भाजपा ने यहां शिबू सोरेन की बहू सीता सोरेन को मैदान में उतारा है। मुख्यमंत्री न बनाए जाने से खफा सीता सोरेन ने बगावत कर भाजपा का दामन थामा है। वह इसी संसदीय क्षेत्र की जामा सीट से विधायक हैं। उनके मुकाबले झामुमो ने दुमका से विधायक नलिन सोरेन का चेहरा बनाया है। नलिन और सीता में इस बात की जंग है कि कौन खुद को इस सीट पर शिबू सोरेन का असली उत्तराधिकारी कौन होगा। इस सीट पर भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबू लाल मरांडी 1998 और 1999 में इस सीट से सांसद रह चुके हैं। यहां विधानसभा की छह सीटें हैं। एक सीट भाजपा, एक पर कांग्रेस का कब्जा है जबकि चार सीटों पर झामुमो जीती थी लेकिन झामुमो विधायक सीता सोरेन बाद में भाजपा में आईं और उम्मीदवार बन गईं। वह मतदाताओं को बताने में जुटी हैं कि उनके साथ परिवार में अन्याय हुआ है। इसलिए उन्हें सांसद बनाकर मतदाता ही न्याय दिला सकते हैं। नलिन जहां सीता सोरेन को हराकर खुद को इस सीट पर शिबू सोरेन का राजनीतिक वारिस साबित करने के लिए रात दिन एक किए हुए हैं तो सीता सोरेन यह बताने में जुटी हैं कि यदि वह हार गईं तो उन्हें परिवार से भी कुछ नहीं मिलेगा। भाजपा ने भी इस सीट पर पूरी ताकत झोक दी है। पार्टी की कोशिश है कि सीता की जीत से वह यह बताने में कामयाब होगी कि यहां की जनता ने भ्रष्टाचार को हराया है।

# पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर हमारा है और हम उसे लेकर रहेंगे : अमित शाह

## गृह मंत्री ने भाजपा को डराने की कोशिश करने के लिए कांग्रेस पर साधा निशाना

शिमला, एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत का हिस्सा है और हम उसे लेकर रहेंगे। उन्होंने पड़ोसी देश के पास परमाणु बम होने का हवाला देकर भाजपा को डराने की कोशिश करने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधा। शाह ने ऊना जिले के अम्ब में एक रैली को संबोधित करते हुए मतदाताओं से राज्य की छह विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनावों में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने की अपील भी की, ताकि इस पर्वतीय राज्य में भाजपा की सरकर बन सके।



हिमाचल प्रदेश में फिलहाल कांग्रेस की सरकार है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली मजबूत सरकार ही आतंकवाद से लड़ सकती है, आर्थिक विकास सुनिश्चित कर सकती है और गरीबों का ध्यान रख सकती है। गृहमंत्री ने हमीरपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर के समर्थन में रैली में कहा-कांग्रेस हमें डराने की कोशिश कर रही है कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है।

### चीन ने हमारी जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी चुप हैं : खरगे



**शिमला।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को आरोप लगाया कि चीन ने भारत की जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है और घर तथा सड़कें बना रहा है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुप हैं। खरगे ने हिमाचल प्रदेश के रोहड़ू में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री पर कटाक्ष किया और पूछा कि 56 इंच का सीना कहां है। कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी पार्टी देश के लोगों और संविधान को बचाने के लिए लड़ रही है और अगर वह लोकसभा चुनाव में सत्ता में आती है तो 30 लाख सरकारी रिक्तियां भरी जाएंगी। खरगे ने कहा–हमने पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई लड़ी और बांग्लादेश को आजादी दिलाई। चीन ने हमारी जमीन पर अतिक्रमण कर लिया और घर तथा सड़कें बना रहा है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी चुप हैं। 56 इंच का सीना कहां है?

### गुजरात में नदी में डूबने से दो लोगों की मौत

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा जिले में पिकनिक मनाने के दौरान 15 वर्षीय किशोर समेत दे लोगों की नर्मदा नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। बड़ोदरा जिले के सिनोर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि घटना शुक्रवार को दिवेर गांव के पास हुयी। उन्होंने बताया कि यह घटना तब हुई जब भरूच के रहने वाले पीड़ित अपने परिवार और दोस्तों के साथ दोपहर के समय पिकनिक मना रहे थे। उन्होंने बताया कि दोनों नहाने के लिए नदी में उतरे और डूबने लगे। उन्होंने बताया कि इसके बाद स्थानीय बचाव दल ने कई घंटों तक तलाशी अभियान चलाया और शनिवार को शवों को बाहर निकाला गया। अधिकारी ने कहा कि मृतकों की पहचान परिमल (31) और यश के रूप में हुई है। वे पिकनिक मनाने के लिए घटनास्थल पर एकत्र हुए लगभग दो दर्जन लोगों के समूह में शामिल थे।

# इंडिया गठबंधन वोट बैंक के लिए मुजरा कर रहा

पटना/डेहरी, एजेंसी

- बिहार में प्रधानमंत्री मोदी ने की घोषणा-गठबंधन की योजनाओं को कर दूंगा विफल



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर शनिवार को तीखा हमला किया और उस पर मुस्लिम वोट बैंक के लिए गुलामी और मुजरा करने का आरोप लगाया। पाटलिपुत्र और काराकाट संसदीय क्षेत्र में अलग-अलग रैलियों को संबोधित करते हुए मोदी ने विपक्ष पर तीखा हमला किया और अल्पसंख्यक संस्थानों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पछड़ा वर्ग को आरक्षण से वंचित करने के लिए राजद और कांग्रेस जैसे दलों को जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने कहा-बिहार वह भूमि है जिसने सामाजिक न्याय की लड़ाई को एक नई दिशा दी है। मैं इस प्रदेश की भूमि पर यह घोषणा करना चाहता हूं कि मैं एससी, एसटी और ओबीसी के अधिकारों को लूटने और उन्हें मुसलमानों को देने की इंडिया गठबंधन की योजनाओं को विफल कर दूंगा। वे गुलाम बने रह सकते हैं और अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए 'मुजरा' कर सकते हैं। मोदी ने यह भी आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन उन लोगों के समर्थन पर भरोसा कर रहा है जो वोट जिहाद में लिप्त हैं। साथ ही उन्होंने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश का हवाला दिया, जिसमें कई मुस्लिम समूहों को ओबीसी की सूची में शामिल करने के पश्चिम बंगाल सरकार के फैसले को रद्द कर दिया गया है। मोदी भाजपा उम्मीदवार रामकृपाल यादव के पक्ष में प्रचार कर रहे थे। उन्होंने व्यंग्यात्मक टिप्पणी करते हुए कहा- कई लोगों का भगवान राम से इतना झगड़ा है कि वे राम कृपाल के नाम पर भी नाक-भौं सिकोड़ सकते हैं।

मोदी ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव का नाम लिए बगैर कहा- एलईडी बल्ब के युग में वे लालटेन (राजद का चुनाव चिह्न) लेकर घूम रहे हैं, जिससे केवल उनका घर रोशन होता है और पूरे बिहार को अंधेरे में रखा जाता है। गौरतलब है कि लालू प्रसाद की बड़ी बेटी मीसा भारती लगातार तीसरी बार पाटलिपुत्र से अपनी किस्मत आजमा रही हैं। उन्होंने कहा-भारत को एक ऐसे प्रधानमंत्री की जरूरत है जो विश्व मंच पर भारत की ताकत के साथ न्याय कर सके।

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर: सड़क हादसे में पंजाब के चार लोगों की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू–कश्मीर के कुलगाम जिले में कार के सड़क से फिसल जाने से पंजाब के चार पर्यटकों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि यह घटना दक्षिण कश्मीर जिले के निपोरा इलाके में हुई। उन्होंने बताया कि सभी सात पर्यटक स्पोर्ट्स यूटेलिटी वाहन (एसयूवी) में सवार थे और काजीगुंड से लौट रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि चार पर्यटकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन घायलों को इलाज के लिए अनंतनाग के जीएमसी अस्पताल ले जाया गया है।

### अमृतसर में ड्रोन द्वारा गिराई हेरोइन बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के जिला अमृतसर के सीमावर्ती गांव रतनखुर्द से 430 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि जिला अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र में हेरोइन की खेप की मौजूदगी के बारे में बीएसएफ खुफिया इकाई द्वारा सूचना के आधार पर क्षेत्र में एक व्यापक तलाशी अभियान के दौरान दोपहर आंशिक रूप से जली हुई अवस्था में संदिग्ध हेरोइन का एक पैकेट बरामद हुआ है।

## राजस्थान सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल मुस्लिम जातियों के आरक्षण की करेगी समीक्षा

**जयपुर।** राजस्थान के मंत्री अविनाश गहलोत का कहना है कि राज्य सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में शामिल मुस्लिम जातियों के आरक्षण की समीक्षा करेगी। राजस्थान के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि कांग्रेस ने तुष्टीकरण की राजनीति के तहत 1997 से 2013 तक मुस्लिम जातियों को ओबीसी आरक्षण दिया और अब इसकी समीक्षा की जाएगी। मंत्री ने कहा-बाबा साहेब आंबेडकर ने संविधान में लिखा था कि धर्म के आधार पर किसी भी जाति या वर्ग को आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा सकता है।

## फैक्ट्री मालिक को 29 तक पुलिस हिरासत में भेजा गया

ठाणे, एजेंसी

**डोंबिवली कारखाना विस्फोट मामला**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने शनिवार को डोंबिवली स्थित रासायनिक कारखाने के मालिक को 29 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया, जहां हुए विस्फोट में 10 लोगों की मौत हो गई थी और 60 से अधिक लोग घायल हो गए थे।

ठाणे पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी एवं अमुदन केमिकल्स के मालिक मलय मेहता (38) को कल्याण में मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मेहता की 14 दिन की हिरासत का अनुरोध किया और अदालत को बताया कि उन्हें कारखाना स्थल का दौरा करना है और पता लगाना है कि अपराध में और लोग शामिल थे या नहीं।

अधिकारी ने बताया कि विस्फोट के कारण बहुत अधिक नुकसान हुआ और पुलिस इस घटना में कई लोगों की भूमिका की जांच करना चाहती है।

## परमेश्वर ने रेवन्ना का पासपोर्ट रद करने को लेकर केंद्र पर साधा निशाना

बेंगलुरु, एजेंसी

- बोले-मुख्यमंत्री द्वारा मोदी को भेजे गए पत्र का क्या हुआ



कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने शनिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और पूछा कि जनता दल (सेक्युलर) के निलंबित नेता प्रज्ज्वल हासन के पासपोर्ट को रद करने के लिए अप्रैल में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेजे गए पत्र का क्या हुआ।

विदेश मंत्रालय द्वारा एक दिन पहले दिए गए बयान कि हासन के फरार सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद करने का राज्य सरकार का अनुरोध उसे 21 मई को ही प्राप्त हुआ था, के बाद परमेश्वर की यह टिप्पणी सामने आई है। विदेश मंत्री एस जयशंकर के एक साक्षात्कार में दिए गए बयान कि उनके मंत्रालय को प्रज्ज्वल का पासपोर्ट रद्द करने का अनुरोध 21 मई को ही मिला है, पर टिप्पणी करते हुए परमेश्वर ने यहां संवाददाताओं से कहा-मैंने भी मीडिया रिपोर्ट देखी है। अगर उन्होंने (एस जयशंकर) ऐसा कहा है तो इसका मतलब यह है कि प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने विदेश मंत्रालय को इस बारे में जानकारी नहीं दी। परमेश्वर ने पूछा-मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने अप्रैल में ही पत्र लिखा था और विदेश मंत्री का कहना है कि उन्हें यह 21 मई को मिला। प्रधानमंत्री कार्यालय में पत्र का क्या हुआ? क्या इसे उचित तरजीह नहीं मिली या क्या पीएमओ ने विदेश मंत्रालय को इस बारे में सूचित नहीं किया? उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा-हम देख सकते हैं कि केंद्र सरकार कैसे काम कर रही है। कर्नाटक के गृह मंत्री ने कहा कि एक बार राजनयिक पासपोर्ट रद हो जाने पर, प्रज्ज्वल को भारत लौटना होगा क्योंकि वह विदेश में रहने की छूट खो देगा।

पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवेगौड़ा के पोते प्रज्ज्वल पर यौन शोषण का आरोप है और हासन के सांसद अपने निर्वाचन क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होने के एक दिन बाद 27 अप्रैल को भारत से बाहर चले गये थे। सीबीआई के माध्यम से एसआईटी के अनुरोध के बाद इंटरपोल द्वारा प्रज्ज्वल के ठिकाने के बारे में जानकारी मांगने वाला 'ब्लू कॉर्नर नोटिस' पहले ही जारी किया जा चुका है।

# आतंकवाद के प्रायोजकों का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- केजरीवाल ने पाक के पूर्व मंत्री को लगाई फटकार



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को पाकिस्तान के पूर्व मंत्री चौधरी फवाद हुसैन को उनके उस बयान को लेकर फटकार लगाई जिसमें चौधरी ने लोकसभा चुनाव में नफरत फैलाने वाली और चरमपंथी ताकतों के हार की अपील की है।

केजरीवाल ने कहा कि चुनाव भारत का आंतरिक मामला है और यह आतंकवाद के सबसे बड़े प्रायोजकों के हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं करेगा। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में दिल्ली के सात निर्वाचन क्षेत्रों समेत कुल 58 संसदीय क्षेत्रों में शनिवार को मतदान किया गया। मतदान करने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने अपने परिवार की एक तस्वीर सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा की जिसमें सभी सदस्य स्याही लगी उंगलियां दिखा रहे हैं। इसके साथ ही केजरीवाल ने अपने पोस्ट में कहा कि उन्होंने तानाशाही, महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ वोट दिया। केजरीवाल की पोस्ट को एक्स पर साझा करते हुए मोर पावर और इंडिया इलेक्शन 2024 हैशटैग के साथ हुसैन ने कहा-शांति और सौहार्द नफरत फैलाने वाली और चरमपंथी ताकतें परास्त हों। हुसैन के पोस्ट के कुछ मिनट बाद केजरीवाल ने उन पर पलटवार करते हुए कहा कि उनका पोस्ट गैरजरूरी है। केजरीवाल ने एक्स पर कहा-चौधरी साहब, मेरे देश के लोग और मैं अपने मसलों को संभालने में पूरी तरह सक्षम हैं। आपकी टिप्पणी की जरूरत नहीं है। पाकिस्तान में हालात फिलहाल बहुत खराब हैं। आप अपने देश का ख्याल रखें। एक अन्य पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव भारत का आंतरिक मामला है और देश 'आतंकवाद के सबसे बड़े प्रायोजकों' के हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं करेगा।

केजरीवाल के पोस्ट के जवाब में हुसैन ने कहा-मुख्यमंत्री साहब! वास्तव में चुनाव आपका अपना मसला है लेकिन उम्मीद है कि आप इस बात को महसूस करेंगे कि चरमपंथ, चाहे पाकिस्तान में हो या भारत में, एक सीमारहित अवधारणा है और सभी के लिए खतरनाक है चाहे वह बांग्लादेश, पाकिस्तान या भारत हो। इसलिए हर वह व्यक्ति जिसके पास कुछ चेतना है उसे चिंतित होना चाहिए...। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में हालात आदर्श स्थिति से बहुत अलग हैं लेकिन लोगों को, जहां भी हों, बेहतर समाज के लिए प्रयास करना चाहिए। केजरीवाल पर निशाना साधते हुए भाजपा ने आरोप लगाया कि आप नेता की भ्रष्टाचार की राजनीति के समर्थन में पाकिस्तान भी कूद पड़ा है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि उनकी पार्टी कहती रही है कि केजरीवाल देश के दुश्मनों के साथ मिले हुए हैं।

### दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में आग लगने से 12 झुग्गियां जलकर खाक

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के चिल्ला खादर इलाके में आग लगने से कम से कम 12 झुग्गियां जलकर खाक हो गई। दिल्ली दमकल सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है।

उन्होंने बताया कि आग लगने के बारे में सुबह 10 बजकर 46 मिनट पर सूचना मिली और दमकल की सात गाड़ियों को घटनास्थल के लिए भेजा गया। डीएफएस के एक अधिकारी ने बताया कि दमकल की गाड़ियों को आग पर पूरी तरह काबू पाने में करीब एक घंटे का वक्त लगा। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। साथ ही राहत कार्य अभी जारी है।

## कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 985 फ्लैग 1000 डीएमओ 870 बोल्ड 1160, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 880।

### कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)–** | |
| गेहूंदड़ा | 2350–2500 |
| आरआर 21 | 2550–2600 |
| गेहूंफारम | 2600–2700 |
| जौ | 2000 –2100 |
| ज्वार | 2000 –4000 |
| बाजरा | 2100–2150 |
| मकाई | 2200 –2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 6200 –6400 |
| अरहर | 9000 –10000 |
| मसूर | 5500 –5600 |
| मटर | 3700 –4000 |
| उड़दहरा | 10000 –11000 |
| उड़दकाला | 6000 –8000 |
| मूंग | 8500 –8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 17400–17600 |
| अरहरस्पेशल1 | 14500–14700 |
| चनादाल | 8200–8300 |
| मटरदाल | 4950–5050 |
| मसूरमलका | 7400–7450 |
| मसूरदाल | 7600–7650 |
| उड़ददाल | 9000– 13000 |
| उड़द धोवा | 10000– 13000 |
| मूँगदाल | 9500 –10500 |
| मूँग धोवा | 10000–11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 – 2300 |
| बासमती नं.1 | 8500 – 10000 |
| सेला | 2500 – 3000 |
| बासमती नं.2 | 6500 – 7500 |
| **आटा–मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1380–1430 |
| मैदा | 1350–1400 |
| सूजी | 1410–1430 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1325–1350 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5400–5500 |
| अलसी | 4500 –4600 रुपये। |

# भारत में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र देश की अर्थव्यवस्था मजबूत करने को तैयार: राघवन

## द. एशिया में एडब्ल्यूएस के स्टार्टअप प्रमुख बोले-तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) के वरिष्ठ अधिकारी कुमार राघवन ने कहा है कि भारत में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र परिपक्व है और इसमें कई अनुकूल परिस्थितियां भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। राघवन भारत और दक्षिण एशिया में एडब्ल्यूएस के स्टार्टअप प्रमुख हैं।



राघवन ने जीवंत भारतीय स्टार्टअप परिदृश्य पर चर्चा की और इसकी ताकत तथा नवाचार क्षमता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा-हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं... इसमें योगदान देंने वाले कारक श्रम वृद्धि, बुनियादी ढांचे की वृद्धि और दक्षता में सुधार हैं, जहां रचनात्मक कृत्रिम मेधा (जेनएआई) जैसी प्रौद्योगिकियां अपनी भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि इनके अलावा एक बड़े डेवलपर पारिस्थितिकी तंत्र की मौजूदगी, देश में उत्पाद बनाने और दुनिया भर में सेवा देने की क्षमता और नियामक अनुकूल परिस्थितियां भी हैं। राघवन ने भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र की परिपक्वता की सराहना की। उन्होंने कहा कि इसमें ऐसे अनुभवी संस्थापकों के महत्वपूर्ण योगदान को ध्यान में रखा गया, जिन्होंने कई उद्यम शुरू किए हैं।

### अलग वातावरण होने से भारत के लिए विकास का रास्ता चीन जैसा नहीं होगा: आदिल जैनुलभाई

**नई दिल्ली।** भारत के विकास मिशन पर आगे बढ़ने के साथ यह साफ है कि उसका रास्ता चीन जैसा नहीं होगा, क्योंकि वहां अलग वातावरण और क्षमताएं हैं। क्षमता निर्माण आयोग के चेयरमैन आदिल जैनुलभाई ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को एक विकसित देश बनाने का सपना सामने रखा है, और इस बारे में कई दृष्टिकोण हैं और हम मानते हैं कि यह अलग तरह से होगा। उन्होंने कहा– भारत के लिए विकास का रास्ता चीन के विकास पथ के समान नहीं होगा। अगले 25 वर्षों के लिए भारत की वृद्धि का मॉडल चीन जैसा नहीं होगा। यह एक अलग वातावरण है और भारत की क्षमताएं अलग हैं। जैनुलभाई ने कहा कि विश्व बैंक के अनुसार चीन की मजबूत वृद्धि निवेश और निर्यात उन्मुख विनिर्माण पर आधारित रही है।

### रिलायंस ने वायाकॉम-18 स्टार इंडिया विलय के लिए सीसीआई से मांगी मंजूरी

**नई दिल्ली।** मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने वायाकॉम-18 और स्टार इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसआईपीएल) के विलय के लिए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से मंजूरी मांगी है। सीसीआई ने शुक्रवार को कहा कि प्रस्तावित लेनदेन का मकसद वायाकॉम18 और एसआईपीएल के मनोरंजन व्यवसायों (कुछ अन्य चिन्हित व्यवसायों के साथ) को जोड़ना है। वायाकॉम-18, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) समूह का हिस्सा है, जबकि द वॉल्ट डिज्नी कंपनी (टीडब्ल्यूडीसी) के पास एसआईपीएल का स्वामित्व है। नियामक ने कहा कि लेनदेन के बाद एसआईपीएल एक संयुक्त उद्यम बन जाएगी, जिसे आरआईएल, वायाकॉम-18 और टीडब्ल्यूडीसी की सहायक कंपनियों द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया जाएगा।

## आयकर विभाग ने लागत मुद्रास्फीति सूचकांक को किया अधिसूचित

नई दिल्ली, एजेंसी

- पूंजीगत संपत्तियों की बिक्री से होने वाले लाभ की हो सकेगी गणना
- वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सीआईआई 363 है




आयकर विभाग ने अचल संपत्ति, प्रतिभूतियों और आभूषण की बिक्री से होने वाले दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ की गणना के लिए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए लागत मुद्रास्फीति सूचकांक को अधिसूचित किया है।

लागत मुद्रास्फीति सूचकांक (सीआईआई) का उपयोग करदाताओं द्वारा मुद्रास्फीति को समायोजित करने के बाद पूंजीगत संपत्तियों की बिक्री से होने वाले लाभ की गणना करने के लिए किया जाता है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की एक अधिसूचना के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 (आकलन वर्ष 2025-26) के लिए सीआईआई 363 है। पिछले वित्त वर्ष के लिए सीआईआई 348 था और 2022-23 के लिए यह 331 था।

मूर सिंघी के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि सीआईआई अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति को दर्शाता है, जिससे समय के साथ वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें बढ़ती हैं। उन्होंने कहा कि करदाता आमतौर पर उच्च सीआईआई को पसंद करते हैं, क्योंकि इससे उन्हें बड़ी कर छूट का दावा करने में मदद मिलती है।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 92,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,800 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,000–55,200 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 73,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,500 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,500 |
| चांदी पक्की | 880 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,700 |
| चांदी आभूषण | 88,800। |

## बिजी बी एयरवेज ने गो फर्स्ट के लिए बोली प्रक्रिया से नाम लिया वापस

नई दिल्ली, एजेंसी

एयरलाइन गो फर्स्ट के लिए बोली में शामिल होने के तीन से ज्यादा महीने के बाद यात्रा पोर्टल ईजमाईट्रिप के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) निशांत पिट्टी ने शनिवार को कहा कि वे एयरलाइन की बोली प्रक्रिया से अपना नाम वापस ले रहे हैं।

पिट्टी की अधिकांश हिस्सेदारी वाली बिजी बी एयरवेज ने फरवरी में स्पाइसजेट के प्रमुख अजय सिंह के साथ मिलकर गो फर्स्ट के लिए बोली लगाई थी। गो फर्स्ट दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। पिट्टी ने कहा कि विचार करने के बाद उन्होंने अपनी व्यक्तिगत क्षमता में गो फर्स्ट के लिए बोली वापस लेने का फैसला किया। उन्होंने बयान में कहा-यह निर्णय मुझे अन्य रणनीतिक प्राथमिकताओं और पहलों पर बेहतर ध्यान केंद्रित करने में मदद करेगा, जो हमारी दीर्घकालिक दृष्टि और वृद्धि उद्देश्यों के साथ जुड़ी हुई हैं। इससे पहले हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय ने गो फर्स्ट को पट्टे पर दिए गए 54 विमानों को वापस लेने की अनुमति दी थी। पिट्टी ने 26 अप्रैल को कहा था कि वह पेशकश में किसी भी आवश्यक बदलाव पर विचार करेंगे।

### आईसीआईसीआई बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष पीके सिन्हा नियुक्त

**मुंबई।** आरबीआई ने 1 जुलाई, 2024 से तीन साल की अवधि के लिए आईसीआईसीआई बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में श्री पीके सिन्हा की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

आईसीआईसीआई बैंक ने शेयर बाजार को सूचित किया है कि आरबीआई ने 24 मई, 2024 के अपने पत्र के जरिए 1 जुलाई, 2024 से तीन साल की अवधि के लिए बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में प्रदीप कुमार सिन्हा की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। पीके सिन्हा, जी सी चतुर्वेदी का स्थान लेंगे, जो 30 जून, 2024 को सेवानिवृत्त होंगे।

## यूरोपीय संघ ने भारत से डब्ल्यूटीओ में चीनी सब्सिडी की अधिसूचना समय पर देने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

- डब्ल्यूटीओ की कृषि समिति की बैठक के दौरान चर्चा में आया मुद्दा



ब्राजील, कनाडा और यूरोपीय संघ सहित डब्ल्यूटीओ के सदस्य देशों के एक समूह ने भारत से आग्रह किया है कि वह चीनी सब्सिडी की अधिसूचना समय से दे। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

यह मुद्दा 23-24 मई को जिनेवा में डब्ल्यूटीओ की कृषि समिति की बैठक के दौरान चर्चा में आया। ये देश भी भारत की तरह प्रमुख चीनी निर्यातक हैं और उनका आरोप है कि भारत के समर्थन उपाय वैश्विक चीनी व्यापार को विकृत करते हैं। जिनेवा स्थित अधिकारी ने कहा कि ब्राजील, कनाडा, कोस्टा रिका, पैराग्वे, न्यूजीलैंड, यूरोपीय संघ और ग्वाटेमाला ने भारत से सब्सिडी की अधिसूचना समय से देने का आग्रह किया है। भारत ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकारों ने न तो किसानों को गन्ने का भुगतान किया और न ही उनसे गन्ना खरीदा। सभी खरीद निजी चीनी मिलों ने की थी। इसलिए, यह जानकारी घरेलू समर्थन की अधिसूचना में शामिल नहीं की गई थी। यह चर्चा इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि 2022 में भारत ने डब्ल्यूटीओ के व्यापार विवाद निपटान पैनल के एक फैसले के खिलाफ अपील की थी। इस फैसले में कहा गया था कि चीनी और गन्ने के लिए देश के घरेलू समर्थन उपाय वैश्विक व्यापार मानदंडों के साथ असंगत हैं।

**मनमोहक**



बीजिंग में भारतीय दूतावास के एम्फीथिएटर में भारतीय और बांग्लादेश दूतावासों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर और प्रसिद्ध बांग्लादेशी कवि नजरूल इस्लाम की धुनों पर कलाकारों ने नृत्य किया। • एजेंसी

## लंदन में ईरान सरकार समर्थकों व विरोधियों के बीच झड़प

**लंदन।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत के खिलाफ ब्रिटेन की राजधानी लंदन में आयोजित एक कार्यक्रम में ईरान सरकार के समर्थकों और सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प में चार व्यक्ति घायल हो गए, जबकि एक को गिरफ्तार कर लिया गया।

मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कहा कि अधिकारियों को शुक्रवार शाम को पश्चिमी लंदन के वेम्बली क्षेत्र में एक कार्यक्रम स्थल पर अव्यवस्था की सूचना पर बुलाया गया था। एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में रईसी की मौत को लेकर एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था। पुलिस ने कहा कि प्रदर्शनकारी कार्यक्रम स्थल के बाहर एकत्र हुए थे और झड़पें हुईं। पुलिस बल ने कहा कि हिंसक अव्यवस्था के संदेह में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

## ग्लूकोमा है खतरनाक : सूख जाती हैं आंखों की नसें, जा सकती है रोशनी



ये आंखें ही हैं, जो दुनिया से हमें रूबरू कराती हैं। आंखें हमें दुनिया को देखने और परखने में हमारी मदद करती हैं। कई बार किन्ही वजह से हमारी आंखों की रोशनी दिन-ब-दिन कम होने लगती है। जिससे देखने में परेशानी होने लगती है। उम्र के साथ आंखों की रोशनी कम होना तो एक आम वजह है। लेकिन कुछ ऐसी भी बीमारियां हैं, जिनकी वजह से हमारी आंखों पर बुरा असर होता है। ग्लूकोमा, इन्ही में से एक है। ग्लूकोमा के बारे में आज भी लोग जागरूक नहीं है। ग्लूकोमा रिसर्च फाउंडेशन के मुताबिक भारत में 1 करोड़ से ज्यादा लोग और दुनियाभर में 8 करोड़ से ज्यादा लोग ग्लूकोमा के शिकार हैं। ग्लूकोमा आंखों की रोशनी जाने का सबसे बड़ा कारण है। आज हम बताएंगे ग्लूकोमा क्या होता है और क्यों होता है, इसके क्या लक्षण होते हैं, कैसे पहचाना जाए, किस उम्र के लोगों को इस बीमारी का ज्यादा खतरा रहता है, ग्लूकोमा से आंखों को बचाने के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

### इसलिए होता है ग्लूकोमा

आंखों पर प्रेशर बढ़ने से ग्लूकोमा होता है। इसे इंट्राऑकुलर प्रेशर भी कहा जाता है। स्वस्थ आंखें फ्लूड से भरी होती हैं। ये लिक्विड आंखों को प्रेशर से बचाने में मदद करता है। इसलिए लिक्विड हमेशा बनता रहता है और फिर बाहर निकलता रहता है। ये नेचुरल साइकिल ऐसे ही चलती रहती है। जहां इस साइकिल का बैलेंस बिगड़ता है, वैसे ही आंखों पर प्रेशर पड़ने लगता है।

### इन बातों का ध्यान रखना चाहिए

आंख में किसी तरह की दिक्कत होने पर उसे नजरअंदाज बिल्कुल न करें। रेगुलर जांच जरूर कराएं। डॉक्टर से रेगुलर चेकअप, आंखों में अंदरूनी दबाव की माप करना और दृष्टि क्षेत्र का टेस्ट करवाने से ग्लूकोमा के प्रारंभिक चरणों को पहचानने में मदद कर सकते हैं।

### ग्लूकोमा क्या होता है

ग्लूकोमा को काला मोतिया या आंखों का चोर भी कहा जाता है। ये आंखों की ऐसी बीमारी है जो धीरे-धीरे आंरोशनी छीन लेती है। इसमें हमारी ऑप्टिक नर्व क्षतिग्रस्त हो जाती है। ऑप्टिक नर्व्स ही हमारे रेटिना को दिमाग से जोड़ती हैं। इनके डैमेज हो जाने से दिमाग को संकेत मिलना बंद हो जाते हैं। जिससे दिखना बंद हो जाता है। इस बीमारी के गंभीर हो जाने पर दृष्टि को वापस लाना असंभव हो जाता है।

### आंखों में ग्लूकोमा होने के लिए क्या कारण जिम्मेदार हैं?

ग्लूकोमा होने के पीछे कई वजह जिम्मेदार हैं- बढ़ती उम्र। काले मोतियाबिंद के ज्यादातर मरीज बूढ़े ही होते हैं। 60 साल से ज्यादा के लोगों में यह बीमारी काफी आम है। ग्लूकोमा होने पर बुजुर्गों की आंखों की रोशनी भी जा सकती है। कुछ लोगों में ये बीमारी आनुवंशिक भी हो सकती है। यानी, अगर आपके परिवार में किसी को ग्लूकोमा हुआ है, तो आपको भी इसके होने की आशंका बढ़ जाती है। डायबिटीज भी इसका कारण बन सकती है। इसलिए हमेशा ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रखना चाहिए।

## एक नजर

### सलाहकारों के साथ समय बिता रहे ऋषि सुनक

**लंदन।** ब्रिटेन में 4 जुलाई को आम चुनाव की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपना पहला शनिवार करीबी सलाहकारों के साथ बिताया। कंजर्वेटिव पार्टी में उत्पन्न संकट के बीच भारतीय मूल के नेता सुनक (44) अपने प्रचार अभियान में जुट गए हैं। कैबिनेट मंत्री माइकल गोव और एंड्रिया लीडसम पार्टी के उन नेताओं की सूची में शामिल हो गए हैं जिन्होंने इस चुनावी मुकाबले में नहीं उतरने के अपने निर्णय की घोषणा कर दी है। इससे चुनावी मुकाबले से हटने की घोषणा करने वाले पार्टी के सदस्यों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है।

### रूस में स्कूल की छत गिरने से 12 बच्चे घायल

**मॉस्को।** रूस के क्रास्नोडार शहर में शनिवार को तेज तूफान के कारण स्कूल की छत गिरने से लगभग 12 बच्चे घायल हो गये। क्रास्नोडार मेजर एवगेनी नॉमोव ने कहा कि स्थानीय समयानुसार सुबह 08:18 बजे क्रास्नोडार के उलित्सा रायलेयेवा में स्थित एक स्कूल में प्रार्थना शुरू होने से पहले ही यहां स्कूल की छत का एक हिस्सा तेज तूफान के कारण टूटकर गिर गया। 12 बच्चे घायल हो गये।

### श्रीलंकाई जेलों में बंद 43 पाकिस्तानी स्वदेश लौटेंगे

**इस्लमाबाद।** श्रीलंका की सरकार जेलों में बंद 43 पाकिस्तानी कैदियों को रिहा करेगी ताकि वह स्वदेश लौट सकें। एक-दूसरे की जेलों में बंद कैदियों की स्वदेश वापसी को लेकर दोनों देशों के बीच हुए समझौते का यह परिणाम है। मीडिया में आयी खबरों में शनिवार को जानकारी दी गई। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने शुक्रवार को श्रीलंका के उच्चायुक्त एडमिरल (सेवानिवृत्त) रवींद्र चंद्र श्रीविजय गुणरत्ने के साथ एक बैठक में दोनों देशों की जेलों में बंद कैदियों की स्वदेश वापसी पर सहमति जताई।

### पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन में 300 लोग दबे

पोर्ट मोरेस्बी। उत्तरी पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) के एक दूरदराज के इलाके में शुक्रवार को हुए भारी भूस्खलन के कारण 300 से अधिक लोग दब गए। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। एंगा प्रांत में लगाइप खुले निर्वाचन क्षेत्र के सांसद ऐमोस अकेम ने पीएनजी पोस्ट-कूरियर को बताया कि भूस्खलन में माईप मुरीताका ग्रामीण एलएलजी में 300 से अधिक लोग और 1,182 घर दब गए।

### खार्किव के इलाकों पर नियंत्रण वापस लिया : जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि यूक्रेनी बलों ने पूर्वोत्तर खार्किव क्षेत्र के उन इलाकों में नियंत्रण हासिल कर लिया है जहां रूसी सैनिकों ने इस महीने की शुरुआत में प्रवेश किया था। जेलेंस्की ने शुक्रवार शाम को अपने संबोधन में कहा हमारे सैनिक अब उस सीमा क्षेत्र में नियंत्रण लेने में सफल हो गए हैं जहां रूसी सैनिक घुस आए थे। जेलेंस्की का बयान रूसी अधिकारियों द्वारा की गई टिप्पणियों से भिन्न नजर आता है।

### इतावली किशोर को मरणोपरांत दी जाएगी संत की उपाधि

**वेटिकन सिटी।** इटली के एक किशोर एवं कंप्यूटर विशेषज्ञ कार्लो एक्यूटिस को मरणोपरांत संत की उपाधि दी जाएगी। वेटिकन के अनुसार कैथोलिक चर्च के पहले सहस्राब्दी संत बनने के लिए तैयार हैं। सीएनएन की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पोप फ्रांसिस ने गेमर एवं कंप्यूटर प्रोग्रामर कार्लो एक्यूटिस को दूसरा चमत्कार माना है, जिनकी 2006 में 15 साल की उम्र में ल्यूकेमिया से मृत्यु हो गई थी। एक्यूटिस ने अपने जीवन के दौरान कैथोलिक आस्था के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए तकनीकी कौशल का उपयोग किया, जिसमें चमत्कारों का दस्तावेजीकरण करने वाली एक वेबसाइट स्थापित करना भी शामिल था।

# कई राज्यों में लू का रेड अलर्ट

## तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है, उप्र के 27 जिलों में रात में भी चलेगी हीटवेव

**नई दिल्ली, एजेंसी**



गर्मी से बचने के लिए मुंह ढंककर जातीं महिलाएं।

- कश्मीर घाटी में भी तापमान शनिवार को 32.2 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

उत्तर भारत में गर्मी के कारण पारा बढ़ता ही जा रहा है। 25 मई से नौतपा शुरू हो गया है जो दो 2 जून तक रहेगा। इस दौरान देश के कुछ हिस्सों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। मौसम विभाग ने दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, पंजाब और हरियाणा, उत्तर प्रदेश के लिए लू (हीटवेव) का रेड अलर्ट जारी किया है।

उत्तर भारत में शनिवार को औसत अधिकतम तापमान 49 और न्यूनतम 31 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ रही है। शनिवार को आगरा, मथुरा समेत 11 जिलों में लू चली। दोपहर 2 बजे बांदा प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। यहां का अधिकतम तापमान 45.1 रिकॉर्ड किया गया।

उधर, कश्मीर घाटी में भी तापमान शनिवार को 32.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। यह 11 साल में सबसे ज्यादा रहा। जम्मू-कश्मीर समेत उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। राजस्थान में सफाई कर्मचारियों से सुबह 5 से 10 बजे तक ही काम करने को कहा गया है। मध्य प्रदेश, पंजाब और दिल्ली में डॉक्टरों ने मरीजों और बुजुर्गों से दिन में यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। हिमाचल के कांगड़ा जिले के सभी स्कूलों में 25 मई को छुट्टी कर दी गई है। एमपी ट्रैफिक पुलिस ने इंदौर के चौराहों पर रेड लाइट का ड्यूरेशन कम कर दिया, ताकि लोगों को धूप में कम रुकना पड़े।

आगरा, भोपाल, जोधपुर, लखनऊ समेत कई शहरों में चौराहे पर टेंट लगाए गए हैं, ताकि सिग्नल के इंतजार में उन्हें राहत मिल सके। मुंबई नगरपालिका ने शनिवार को कहा 30 मई से पानी की सप्लाई में 5% और 5 जून से 10% कटौती की जाएगी। ऐसा इसलिए क्योंकि शहर को पानी सप्लाई करने वाले जलाशयों में सिर्फ 10 फीसदी पानी का स्टॉक मौजूद है। मुंबई को पानी सप्लाई करने वाले बांधों में 1 लाख 40 हजार मिलियन लीटर पानी बचा है। यह मुंबई की पानी की सालाना जरूरत 14 लाख 47 हजार मिलियन लीटर पानी का सिर्फ 10% है।

वहीं एमपी के रतलाम, शाजापुर, खंडवा और खरगोन में पारा 45 डिग्री के पार पहुंच गया। खंडवा और खरगोन में टेम्प्रेचर सबसे ज्यादा 45.5 डिग्री दर्ज किया गया।

## अंतरिक्ष यात्रियों को आधुनिक प्रशिक्षण मुहैया कराएगा नासा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के शीर्ष राजनयिक एरिक गार्सेटी ने कहा कि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र के लिए संयुक्त प्रयासों को बढ़ाने के उद्देश्य से भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को जल्द ही आधुनिक प्रशिक्षण मुहैया कराएगी। भारत में अमेरिका के राजदूत गार्सेटी ने अमेरिका-भारत वाणिज्यिक अंतरिक्ष सम्मेलन : अमेरिका और भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप के लिए अवसरों की शुरुआत कार्यक्रम में ये टिप्पणियां की।

इस कार्यक्रम का आयोजन बेंगलुरु में यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूएसआईबीसी) और यूएस कमर्शियल सर्विस (यूएससीएस) ने किया है। यूएसआईबीसी ने यहां जारी एक बयान में गार्सेटी के हवाले से कहा कि नासा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र के लिए संयुक्त प्रयास बढ़ाने के उद्देश्य से जल्द ही भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को आधुनिक प्रशिक्षण मुहैया कराएगी।

उम्मीद है कि यह इस साल या उसके बाद शुरू होगी। जल्द ही हम पारिस्थितिकी तंत्र, पृथ्वी की सतह, प्राकृतिक खतरों, समुद्र के बढ़ते स्तर और क्रायोस्फेयर समेत सभी संसाधनों पर नजर रखने के लिए इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से निसार उपग्रह प्रक्षेपित करेंगे।

**पुणे कार हादसा**

## हादसे की जिम्मेदारी लेने के लिए ड्राइवर को दी थी धमकी

**पुणे, एजेंसी**

- पुलिस का दावा नाबालिग के पिता और दादा ने पैसे और उपहारों का दिया था लालच



पुणे में पोर्श कार दुर्घटना में शामिल नाबालिग के दादा को उनके परिवार के वाहन चालक को गलत तरीके से बंधक बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पिता और दादा ने परिवार के ड्राइवर को हादसे की जिम्मेदारी लेने के लिए पहले पैसे और उपहारों का लालच दिया और फिर धमकी दी थी।

एक अधिकारी ने बताया कि इस मामले में किशोर के पिता विशाल अग्रवाल पर भी मुकदमा दर्ज किया गया है। इससे एक दिन पहले, पुणे पुलिस प्रमुख अमितेश कुमार ने कहा था कि यह साबित करने का प्रयास किया गया है कि कार किशोर नहीं चला रहा था। किशोर के परिवार के वाहन चालक की शिकायत पर येरवडा पुलिस ने किशोर के दादा और पिता पर भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत एक अलग मामला दर्ज किया। अपराध शाखा के अधिकारी ने कहा दुर्घटना के बाद किशोर के दादा और पिता ने वाहन चालक का फोन कथित तौर पर ले लिया, उसे 19 मई से 20 मई तक उनके बंगले के परिसर में बंधक बनाकर रखा। वाहन चालक की पत्नी से उसे मुक्त कराया।

### किशोर के दादा को 28 तक पुलिस हिरासत में भेजा गया

**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे की एक अदालत ने किशोर के दादा को शनिवार को 28 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने अदालत में दादा की सात दिन की हिरासत मांगी थी।

### पब में वेबकास्टिंग की तैयारी

**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे जिला प्रशासन नियमों का बेहतर अनुपालन सुनिश्चित करने के मद्देनजर शहर में पब और बार के प्रवेश व निकास द्वार की वेबकास्टिंग की तैयारी कर रहा है। जिलाधिकारी सुहास दिवासे ने कहा कि किसी भी नाबालिग को बार या पब में प्रवेश नहीं देना।

## रजनीकांत को यूएई ने दिया गोल्डन वीजा

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महनायक रजनीकांत को यूएई के संस्कृति और पर्यटन विभाग ने गोल्डन वीजा दिया है।



रजनीकांत हाल ही में अबू धाबी गए थे, जहां उन्हें गोल्डन बीजा मिला। रजनीकांत ने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर फैंस को दी है।

इसके साथ ही रजनीकांत ने अबू धाबी सरकार और लुलु ग्रुप के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर एमए यूसुफ अली को इसके लिए शुक्रिया भी कहा है। सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर रजनीकांत के कई फोटोज और वीडियो देखने को मिल रहे हैं।

## विमान में यात्रियों ने 62 सेकेंड तक झेली थी एयर टर्बुलेंस

**सिंगापुर, एजेंसी**

- म्यांमार के इर्रावड्डी डेल्टा क्षेत्र के ऊपर था टर्बुलेंस

सिंगापुर एयरलाइंस का विमान 21 मई को 62 सेकेंड तक एयर टर्बुलेंस में फंसा रहा था। विमान सिंगापुर से लंदन जा रहा था। इसी बीच जब विमान म्यांमार के इर्रावड्डी डेल्टा क्षेत्र के ऊपर था, इस दौरान वह टर्बुलेंस में फंस गया।

फ्लाइट रडार 24 के अनुसार, बोइंग 777-300ईआर 62 सेकेंड में दो बार ऊपर नीचे हुआ। सिंगापुर के समय के अनुसार, दोपहर 3.49 बजे विमान टर्बुलेंस में फंसा। विमान 37 हजार फीट पर उड़ रहा था और टर्बुलेंस में फंसते ही पहले 37400 फीट की ऊंचाई पर पहुंचा। इसके बाद तेजी से नीचे गिरा और 36,975 फीट की ऊंचाई पर पहुंच गया। पहले विमान 1664 फीट प्रति मिनट की दर या 507 मीटर प्रति मिनट की दर से ऊपर की तरफ गया। इसके छह सेकेंड बाद ही विमान 1536 फीट प्रति मिनट की दर से नीचे की तरफ आया। इसके तीन सेकेंड बाद ही विमान 900 फीट प्रति मिनट की दर से फिर से ऊपर की तरफ गया और फिर 1536 फीट प्रति मिनट की दर से नीचे आया था। इस दौरान अफरा-तफरी मच गई।

## आईसीजे के आदेश को लेकर ऑस्ट्रेलिया ने इजरायल को चेताया

**कैनबरा।** रफह में इजराइल के सैन्य अभियान को रोकने को लेकर अब आस्ट्रेलिया ने भी इजराइल को चेताय है। ऑस्ट्रेलिया सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री ने आईसीजे के आदेश का पालन करने का आग्रह किया है।

आईसीजे ने इजरायल को राफा पर अपने सैन्य हमले को तुरंत रोकने और मिस्र और गाजा के बीच राफा क्रॉसिंग को खोलने का आदेश दिया ताकि सहायता पहुंचाई जा सके। ऑस्ट्रेलिया के ऊर्जा मंत्री एवं प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ के मंत्रिमंडल के सदस्य क्रिस बोवेन ने कहा कि संघीय सरकार इस फैसले का समर्थन करती है।

## चीन की ताइवान को जंग की धमकी

**बीजिंग, एजेंसी**

- कहा- जब तक ताइवान हमारा हिस्सा नहीं बनता, सैन्य कार्रवाई करते रहेंगे



ताइवान में नए राष्ट्रपति के शपथ लेने के 4 दिन बाद चीन ने ताइवान को जंग की धमकी दी है। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वू कियान ने कहा है कि जब तक ताइवान चीन का हिस्सा नहीं बन जाता, इलाके में मिलिट्री एक्शन जारी रहेगा। दरअसल, चीन ने शुक्रवार को ही ताइवान के घेरकर चल रही अपनी 2 दिवसीय मिलिट्री ड्रिल पूरी की। इस युद्धाभ्यास में चीन की तीनों सेनाएं (थलसेना, वायुसेना, नौसेना) शामिल हुई थी। इस युद्धाभ्यास को ताइवान के लिए सजा के तौर पर शुरू किया गया था।

ताइवान में इसी साल राष्ट्रपति पद के चुनाव हुए। इसमें चीन विरोधी नेता विलियम लाई चिंग ते को जीत हासिल हुई। चुनाव से पहले चीन ने ताइवान को चेतावनी दी थी कि अगर वहां की जनता ने सही विकल्प नहीं चुना तो उन्हें इसकी सजा दी जाएगी।

### दर्जनों जहाजों ने ताइवान पर कब्जे की प्रैक्टिस की

चीन की मिलिट्री ड्रिल को जॉइंट स्वॉर्ड-2024A नाम दिया गया था। इसके तहत चीन के करीब 111 एयरक्राफ्ट और नौसेना के दर्जनों जहाजों ने ताइवान पर कब्जे की प्रैक्टिस की थी। इस दौरान उन्होंने ताइवान के उन हिस्सों पर हमले की भी तैयारी की थी, जहां से ताइवान चीन को रोकने की कोशिश कर सकता है। इससे पहले चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने भी कहा था कि ताइवान में जो लोग आजादी चाहते हैं, उनके सिर कट जाएंगे।

## 16 की मौत के जिम्मेदार भारतीय चालक को निर्वासन का आदेश

**ओटावा, एजेंसी**

- लापरवाही के कारण वर्ष 2018 में हुई थी भीषण दुर्घटना

कनाडा में 2018 की एक भीषण दुर्घटना में शामिल चालक को भारत निर्वासित किया जाएगा। इस दुर्घटना में जूनियर हॉकी टीम के 16 सदस्यों की मौत हो गयी थी। वर्ष 2014 में भारत से कनाडा पहुंचे जसकीरत सिंह सिद्धू अल्बर्टा प्रांत के कैलगरी शहर में रहते थे। सस्केचेवान प्रांत में टिस्डेल के पास एक ग्रामीण चौराहे पर सिद्धू रुकने के एक संकेतक को पार करके हम्बोल्ट ब्रोंकोस जूनियर हॉकी टीम की बस के रास्ते में आ गया। छह अप्रैल, 2018 को हुए हादसे में बस में सवार 16 लोगों की मौत हो गई और 13 घायल हो गए।

सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, सिद्धू को निर्वासित करने का फैसला शुक्रवार को कैलगरी में आव्रजन और शरणार्थी बोर्ड की सुनवाई के दौरान आया। उसने खतरनाक तरीके से ट्रक चलाने से संबंधित 16 बिंदुओं पर 2019 में अपनी गलती कबूल कर ली थी। इस हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। उसे पिछले साल पूर्ण पैरोल दी गई थी। बोर्ड के आव्रजन विभाग की ओर से ट्रेंट कुक ने 15 मिनट की सुनवाई के दौरान सिद्धू से कहा कि वह मानवीय और करुणा संबंधी पक्षों पर विचार नहीं कर सकते। सिद्धू के वकील माइकल ग्रीन ने कहा था कि यह फैसला पहले से तय था। ग्रीन ने कहा कि सिद्धू को निर्वासित करने के लिए केवल इस बात का सबूत चाहिए था कि वह कनाडाई नागरिक नहीं है और उसने एक गंभीर अपराध किया है। वकील ने कहा कि अभी और भी कानूनी और प्रक्रियात्मक कदम उठाने होंगे और सिद्धू को महीनों या सालों तक निर्वासित नहीं किया जा सकता है। सीबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रीन ने कहा कि वह जल्द ही एक याचिका दायर करने की योजना बना रहे हैं, जिसमें सरकार से मानवीय आधार पर सिद्धू का स्थायी निवासी दर्जा वापस करने के लिए कहा जाएगा।

**खगोल विज्ञान** | आने वाले दिनों में सौर तूफानी खतरों के आसार बने हुए हैं

## इन खूबसूरत नजारों के पीछे छिपे हैं बड़े खतरे

**संवाददाता, नैनीताल**



**अमृत विचार :** भले ही सौर तूफान हमें मनमोहक सतरंगी नजारे दिखते हो, लेकिन इसके पीछे छिपे भयानक खतरों को कतई नजर अंदाज नही किया जा सकता है। आने वाले दिनों में सौर तूफानी खतरों के आसार बने हुए हैं।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा वहाब उद्दीन के अनुसार इन दिनों सूर्य बेहद सक्रिय है और आये दिन भीषण विस्फोट इसकी सतह पर हो रहे हैं। जिस कारण भू चुम्बकीय तूफान निरंतर पृथ्वी के ध्रूवों से टकरा रहे हैं और इनसे रंग बिरंगे औरोरा का नजारा देखने को मिल रहा है। जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में सैलानी स्वीडन, नॉर्वे, अलास्का समेत अन्य ध्रुवीय क्षेत्रों में दुनिया भर से पहुच रहे हैं। मगर इनके पीछे छिपे खतरे बड़ा नुकसान पहुचा सकते हैं। जिनसे किसी भी बड़े हिस्से में बिजली ग्रिड नष्ट हो सकते हैं और हमारे उपग्रहों को नष्ट कर सकते हैं। अंतरिक्ष यात्रियों को यह विकिरण का खतरा पहुचा सकते हैं। हवाई सेवा में व्यवधान पहुचा सकते हैं। इतिहास में सौर तूफान का सबसे बड़ा नुकसान 1859 में दर्ज किया गया था। जिसे कैरिंगटन इवेंट के नाम से जाना जाता है। जिससे कनाडा के शहरों के विद्युत ग्रिड फेल हो गए थे और एक विशाल क्षेत्र कई दिन अंधकार में डूबा रहा। इसी तरह 2003 में स्वीडन में भारी क्षति पहुची थी। इसे हैलोवीन स्टॉर्म के नाम से जाना जाता है। इसने स्वीडन में ब्लैकआउट कर दिया और दक्षिण अफ्रीका में बिजली के बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचाया था। इधर लगातार उठ रहे सौर तूफानों को लेकर यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के अंतरिक्ष सुरक्षा जागरूक कार्यक्रम बनाया है, जबकि यूएस स्पेस वेदर प्रेडिक्शन सेंटर के माइक बेटवी का कहना है कि हम सौर तूफानों के अधिक भयावह संभावित प्रभावों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। ताकि भविष्य मे बिजली ग्रिड और उपग्रहों को नष्ट होने से रोकना और अंतरिक्ष यात्रियों को विकिरण से बचाना है। साथ ही लोगों को भूचुम्बकीय तूफानों के प्रति जागरूक करना है।

### फिर लौट आया है भयानक सन स्पॉट

डा वहाब ने बताया कि भयानक सन स्पॉट एनओएए 3663 फिर से लौट आया है। यह पृथ्वी से कई गुना बड़ा है और आने वाले दिनों में बड़े विस्फोट कर सकता है। सौर वैज्ञानिक इस पर नजर रखे हुए हैं। इसके साथ कई अन्य जटिल सनस्पॉट समूह भी हैं, उनमें से एक दक्षिण-पश्चिमी छोर पर है जो एम श्रेणी की चमक दे रहा है। मई की शुरुआत में इस सन स्पॉट से कई एक्स-क्लास की सौर ज्वालाएँ निकली थी।

## 30 साल में पहली बार पाम डिओर पुरस्कार की दौड़ में भारतीय फिल्म

**कान।** पायल कपाड़िया की फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट ने 77वें कॉन्स फिल्म महोत्सव में पाम डिओर पुरस्कार की दौड़ में शामिल होकर इतिहास रच दिया है। महोत्सव में दिए जाने वाले इस शीर्ष पुरस्कार को पाने की दौड़ में आज तक किसी भारतीय महिला निर्देशक की फिल्म शामिल नहीं हुई थी और न ही देश के किसी फिल्मकार को यह पुरस्कार मिला।

महोत्सव में समीक्षकों की प्रशंसा पाने वाली इस फिल्म में अपनी मंजिल तलाश रहीं तीन महिलाओं की कहानी बयां की गई है। चार प्रमुख अभिनेता-अभिनेत्रियों कानी कुश्रुति, दिव्या प्रभा, हृदयु हारून और छाया कदम समेत फिल्म निर्माण दल के सदस्यों के साथ कपाड़िया ने महोत्सव के संवाददाता सम्मेलन भवन में समीक्षकों को संबोधित किया। अमेरिकी पत्रिका वेराइटी की फिल्म समीक्षक जेसिका कियांग ने कहा कि अपने करियर में सिर्फ दो फिल्मों में ही कपाड़िया ने काफी प्रभावित किया है।